जयपुर, शुक्रवार, 13 जून, 2025

मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 202

जयपुर

# महानगर टाइम्स

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी



# अहमदाबाद में प्लैन क्रैश

# हे राम! 241 की मौत

- एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनल प्लैन हुआ हादसे का शिकार
- उड़ान के चंद मिनट बाद ही डॉक्टर्स हॉस्टल से टकराया, 6 शव बरामद
- पूर्व सीएम विजय रूपाणी का भी निधन, भारतीय मूल का ब्रिटिश नागरिक बचा
- पीएम मोदी आज सुबह 7.30 बजे अहमदाबाद पहुंचेंगे, करेंगे निरीक्षण



यह फोटो पाठकों को विचलित कर सकती है, पर हादसे की भयावहता को दिखाने के लिए इसे यहां प्रकाशित किया जा रहा है।

महानगर संवाददात

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रहा एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान एआई-171 गुरुवार को टेक-ऑफ के तुरंत बाद क्रैश हो गया। इस फ्लाइट में 230 यात्री और 12 क्रू मेंबर्स समेत कुल 242 लोग सवार थे। इस विमान में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी भी सवार थे। हादसे में 12 क्रू मैंबर्स सहित 241 यात्रियों की मौत हो गई है।

रडार डेटा के मुताबिक विमान ने दोपहर 1.38 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी, लेकिन समुद्र तल से 625 फीट की ऊंचाई तक पहुंचने के बाद ही उसमें तकनीकी गड़बड़ी आ गई और उसका एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया। उड़ान भरने के चंद मिनटों बाद ही विमान क्रैश हो गया और मेघाणी नगर में पहले बीजे मेडिकल कॉलेज की मेस बिल्डिंग से टकराया, इसके बाद अतुल्यम हॉस्टल से टकरा गया। इसके चलते विमान आग के गोले में तब्दील हो गया। चारों तरफ धुआं और मलबा बिखर गया। चीख पुकार मच गई। घटना के दौरान हॉस्टल में 50 से 60 इंटर्न डॉक्टर्स मौजूद थे। ज्यादातर मेस में लंच कर रहे थे। धमाके का असर इतना ज्यादा था कि अंदर मौजूद डॉक्टरों के शव भी टुकड़ों में बिखर गए। जानकारी के अनुसार यहां से छह शव निकाले जा चुके हैं। करीब 50 डॉक्टर्स घायल हुए हैं। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर गुजरात बीजेपी अध्यक्ष सीआर पाटिल ने पुष्टि की कि विमान हादसे में पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन हो गया है। प्लेन क्रैश में पैसेंजर और हॉस्टल के रेजिडेंट डॉक्टर्स को हानि पहुंची है। साथ ही भाजपा परिवार को भी गहरा शोक पहुंचा है।

### 204 शव मिले, 41 लोगों का इलाज जारी: पुलिस कमिश्नर

अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर जी.एस. मलिक ने कहा कि अभी तक 204 शव मिल चुके हैं, जबकि 41 लोगों का इलाज जारी है। विमान हादसे में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। मृतकों की पहचान डीएनए सैंपल के जरिए की जाएगी। इसके साथ ही घायलों की लिस्ट भी जारी की गई है। क्रैश से पहले पायलट की ओर से करीबी एटीसी को मेडे सिग्नल भेजा गया था, ये संदेश तब भेजा जाता है, जब किसी विमान या जहाज में गंभीर खतरा हो, जिससे यात्रियों या चालक दल की जान को खतरा हो।

### बेटी से मिलने लंदन जा रहे थे विजय रुपाणी



अहमदाबाद विमान हादसे में बुरी खबर सामने आई है। इस हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी का भी निधन हो गया है। हादसे के वक्त वह एयर इंडिया की फ्लाइट में मौजूद थे और अपनी बेटी से मिलने लंदन जा रहे थे। हादसे के वक्त विमान में 242 यात्री सवार थे। विजय रुपाणी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल था। गुजरात बीजेपी अध्यक्ष सीआर पाटिल ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में पूर्व सीएम विजय रुपाणी का भी निधन हो गया है। विजय रुपाणी का जन्म 2 अगस्त 1956 को म्यांमार में हुआ था। 2017 में भाजपा के चुनाव जीतने के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भी बने थे। उनके राजकोट वाले घर में हादसे के बाद लगातार प्रार्थनाओं का दौर जारी था, उम्मीद थी कि उन्हें बचा लिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

### विमान में सवार थे भारत समेत इन देशों के नागरिक

एअर इंडिया के विमान में 169 भारतीय नागरिक, ब्रिटेन के 53 नागरिक, पुर्तगाल के 7 नागरिक और कनाडा का एक नागरिक सवार था।

### एअर इंडिया ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

एअर इंडिया ने विमान हादसे के बाद हेल्पलाइन नंबर 1800 5691 444 जारी किया है। घटनास्थल पर एनडीआरएफ, बीएसएफ के अलावा सेना की टीमें भी रेस्क्यू में जुटी हैं।

### यूं चला घटनाक्रम

- एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के अनुसार, एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 ने भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से उड़ान भरी थी।
- रनवे 23 से उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान एयरपोर्ट की सीमा के बाहर जमीन पर गिर गया और उसके तुरंत बाद घटनास्थल से आसमान में काला धुआं उठता हुआ देखा गया।
- विमान अहमदाबाद के मेघाणनगर आईजीपी परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। हादसे के समय विमान में केबिन क्रू के 12 सदस्यों समेत 242 लोग सवार थे। विमान का संचालन कैप्टन सुमित सभरवाल कर रहे थे, जिनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे।
- कैप्टन सुमित सभरवाल एक एलटीसी हैं और उनके पास 8,200 घंटे का उड़ान अनुभव है, जबकि को-पायलट के पास 1,100 घंटे का उड़ान अनुभव था।
- विमान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 1 कनाडाई और 7 पुर्तगाली नागरिक सवार थे। इस हादसे के बाद घटनास्थल के आस-पास की सभी सड़कों को बंद कर दिया गया और बचाव एवं राहत अभियान के लिए मौके पर फायर बिग्रेड समेत रेस्क्यू टीम भेजी गई।
- इसके अलावा, अस्पताल में करीब 1,200 बेड का इंतजाम किया गया.। साथ ही केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, जो कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए विजयवाड़ा में थे, विमान दुर्घटना की खबर मिलते ही अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए।

### एएआईबी एअर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच करेगा

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) बृहस्पतिवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच करेगा. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. दुर्घटना के शिकार एअर इंडिया के ड्रीमलाइनर बोइंग 787 विमान में 12 चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे. अधिकारी ने कहा कि एएआईबी के महानिदेशक और एजेंसी में जांच निदेशक सहित अन्य लोग अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे. नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत, एएआईबी भारतीय हवाई क्षेत्र में परिचालित विमानों की सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं को दुर्घटनाओं और गंभीर घटनाओं में वर्गीकृत करने के लिए जिम्मेदार है. यह दुर्घटनाओं की विस्तृत जांच करता है और सुरक्षा में सुधार के लिए विभिन्न उपायों के सुझाव भी देता है.

### कुदरत का करिश्मा भी...

## 'चारों तरफ धुआं था, मैं चीख भी नहीं पाया'

### मौत की फ्लाइट में अकेले जिंदा बचे विश्वास की कहानी

'जब आंख खुली, तो चारों ओर लाशें ही लाशें थीं, मैं डर गया। खड़ा हुआ और बस दौड़ने लगा।' ये शब्द हैं 40 वर्षीय विश्वाश कुमार रमेश के, जो अहमदाबाद में गुरुवार को हुए भीषण एयर इंडिया विमान हादसे में चमत्कारिक रूप से जिंदा बच गए हैं। लंदन जाने वाली फ्लाइट में सवार 242 लोगों में वे इकलौते हैं, जो इस समय अस्पताल में जीवित पाए गए हैं।

विश्वाश ने बताया, 'टेकऑफ के करीब 30 सेकंड बाद ही जोरदार आवाज आई और फिर विमान जमीन से टकरा गया। सब कुछ इतना तेज हुआ कि समझने का मौका ही नहीं मिला'। उनके सीने, आंखों और पैरों में गंभीर चोटें हैं, लेकिन वे होश में हैं और बात कर पा रहे हैं। अहमदाबाद के सिविल अस्पताल, असारवा के जनरल वार्ड में जब पत्रकारों ने उनसे बात की तो वे कांपते शब्दों में हादसे का मंजर बयां कर रहे थे'



### भाई साथ थे, अब नहीं मिल रहे

रमेश कुमार विश्वाश ब्रिटिश नागरिक हैं और पिछले कुछ दिनों से भारत में अपने परिवार से मिलने आए थे। वे अपने भाई अजय कुमार रमेश (45) के साथ लंदन लौट रहे थे, लेकिन अब अजय का कोई पता नहीं चल पा रहा है। रमेश कुमार विश्वाश ने कहा, 'हम दीव घूमने गए थे। अजय मेरे साथ था, लेकिन वह फ्लाइट में अलग सीट पर बैठा था। अब उसका कोई अता-पता नहीं। कृपया मेरी मदद कीजिए।

## प्लेन क्रैश की घटना से पूरा देश स्तब्धः अमित शाह



अहमदाबाद में प्लेन क्रैश की घटना पर गृह मंत्री अमित शाह तुरंत दिल्ली से अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। उन्होंने पहली प्रतिक्रिया में दुख जताया है। अमित शाह ने अहमदाबाद में कहा कि इस घटना से पूरा देश स्तब्ध है। शाह ने बताया इस विमान में कुल 230 यात्री और 12 क्रू मेंबर सवार थे। इसमें एक यात्री की जान बची है। शाह ने कहा कि एक व्यक्ति बचा है। उससे मैं मिला हूं। जिनका निधन हुआ है, उनकी पहचान डीएनए टेस्ट से कराई जाएगी। शाह ने कहा कि हादसे के बाद गुजरात सरकार ने डिजास्टर मैनेजमेंट की सभी इकाइयों को लगा दिया। भारत सरकार और गुजरात सरकार ने मिलकर बचाव कार्य किया। सवा लाख लीटर ईंधन विमान में था। गर्मी और तापमान बहुत ज्यादा था। इसलिए किसी को बचाने का मौका नहीं मिला। शाह ने कहा- सभी डीएन गुजरात में ही होंगे। इसके बाद शवों को उनके परिजनों को सौंपा जाएगा। सभी मेडिकल सुविधाएं की गई हैं। रिव्यू मीटिंग में सभी मंत्रियों ने व्यवस्थाओं को देखा है। एविएशन मिनिस्टरी ने जांच शुरू कर दी है।

## टाटा ग्रुप देगा हर पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपए

- घायलों का इलाज का खर्च भी उठाएगा
- बी.जे. मेडिकल कॉलेज की मदद करेगा

टाटा समूह बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को एक करोड़ रुपए की राशि देगा। टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा, 'हम एयर इंडिया फ्लाइट 171 से जुड़ी दुखद घटना से बहुत दुखी हैं। इस समय हम जो दुख महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों और उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।' उन्होंने कहा कि टाटा समूह इस त्रासदी में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि देगा। टाटा समूह द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए संदेश में उन्होंने यह भी कहा कि समूह घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगा और सुनिश्चित करेगा कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। चंद्रशेखरन ने कहा, 'इसके अलावा, हम बी जे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के निर्माण में भी सहायता प्रदान करेंगे।'



### राष्ट्रपति-पीएम ने जताया शोक

### हादसे के बारे में जानकर दुखी : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी हादसे पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बारे में जानकर मैं बहुत दुखी हूं। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

### दिल दहला देने वाली घटनाः मोदी

गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने इसे शब्दों से परे परे और दिल दहला देने वाला हादसा बताया। साथ ही, बताया कि वह अपने मंत्रियों व अधिकारियों से संपर्क में हैं। पीएम मोदी ने विमान हादसे को लेकर 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।' हादसे के तुरंत बाद पीएम मोदी ने नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू से बात की और अहमदाबाद हवाई अड्डे पर हुए विमान हादसे की जानकारी ली।

### कांग्रेस कार्यकर्ता मदद को आगे आएं: राहुल

वहीं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी विमान हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि ये हादसा दिल दहला देने वाला है। यात्रियों और क्रू मेंबर्स के परिजनों की पीड़ा और चिंता की कल्पना भी नहीं की जा सकती इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। कांग्रेस नेता ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे जमीन पर हर संभव सहायता करें और पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएं।

## राजस्थान के 12 लोगों की विमान हादसे में मौत

देखें पेज 2 पर...



दोपहर 1:38 बजे उड़ान भरी

दोपहर 1:40 बजे क्रैश हुआ



एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनल प्लेन यूं हुआ क्रैश

**कुल 242 यात्री और क्रू सवार थे प्लेन में**

| 169 | 53 | 07 | 01 |
|---|---|---|---|
| भारतीय नागरिक | ब्रिटिश नागरिक | पुर्तगाली नागरिक | कनाडाई नागरिक |

**1.25** लाख लीटर फ्यूल था विमान में

**6** शव मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से बरामद



**8200** घंटे उड़ान का अनुभव कै. सुमित के पास

प्लेन में सवार **241** सवार की मौत

**एआई-171** उड़ान संख्या लंदन जा रही थी

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसा

# राजस्थान के 12 लोगों की मौत

## डॉक्टर दंपती और परिवार खत्म, घूमने जा रहे थे भाई-बहन





डॉ. कोनी व्यास का पूरा परिवार हादसे में खत्म हो गया



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे में राजस्थान के 12 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में प्रदेश के 6 परिवार के लोग शामिल हैं, इनमें 5 बांसवाड़ा, 5 उदयपुर, एक-एक बालोतरा और बीकानेर के रहने वाले हैं।

बांसवाड़ा की डॉ. कोनी व्यास, उनके पति डॉ. प्रदीप जोशी, बच्चे प्रद्युत जोशी, मिराया जोशी और नकुल जोशी की भी विमान क्रैश में मौत हो गई। उदयपुर के पेसिफिक हॉस्पिटल उमरड़ा के प्रबंधन ने बताया कि डॉ. कोनी व्यास ने एक महीने पहले यहां से जॉब छोड़ दी थी। वे उनके पति के साथ ही रहने के लिए लंदन जा रही थी, इसलिए उन्होंने इस्तीफा दिया।

### पूर्व विधायक के दोहिते की भी मौत



बीकानेर में श्रीडूंगरगढ़ के पूर्व विधायक किशनाराम नाई के दोहिते अभिनव परिहार पुत्र शिव परिहार की भी प्लेन क्रैश में मौत हो गई, वे लंदन में बिजनेस कर रहे थे। अभिनव ने पांच दिन पहले ही अहमदाबाद में ट्रेडिंग के व्यवसाय के लिए ऑफिस खोला था। वह यही शिफ्ट हो रहे थे। दो दिन पूर्व अपने करीबी और मौसी के लड़के जितेंद्र मारू से मिलने राजकोट गए थे। जितेंद्र ने उन्हें लंदन नहीं जाने और भाभी श्वेता, बेटे विहान को यहीं बुलाने की बात कही थी। इस पर अभिनव ने हां भी कर ली थी। वह अपनी पत्नी और बेटे को लेने ही जा रहा थे।

### लंदन घूमने जा रहे थे भाई-बहन



प्लेन में उदयपुर के मार्बल व्यवसायी संजीव मोदी का बेटा शुभ और बेटी शगुन प्लेन में सवार थे। वे लंदन घूमने जा रहे थे। भाई-बहन एमबीए करने के बाद पिता का बिजनेस संभाल रहे थे। सहेली नगर स्थित उनके मकान पर उदयपुर जिला कलेक्टर नमित मेहता पहुंचे और घटना की जानकारी ली। साथ ही आस-पड़ोस सहित रिश्तेदार भी यहां पहुंचे। हादसे का पता चलते ही संजीव मोदी अहमदाबाद रवाना हो गए।

### पति से मिलने पहली बार ब्रिटेन जा रही थी खुशबु



प्लैन क्रैश में बालोतरा जिले के अराबा दुदावता की नवविवाहिता खुशबू कंवर राजपुरोहित पुत्री मदनसिंह राजपुरोहित की भी मौत हो गई। परिवार के सदस्य थानसिंह डोली ने बताया कि खुशबू का इसी वर्ष 18 जनवरी को लूणी विधानसभा के खाराबेरा पुरोहितान निवासी विपुल सिंह राजपुरोहित पुत्र गजेन्द्रसिंह के साथ विवाह हुआ था। खुशबू के पति लंदन में चिकित्सा विभाग में कार्यरत हैं। खुशबू शादी के चार माह बाद पहली बार अपने पति के पास लंदन जा रही थी। वे लंदन जाने के लिए बुधवार शाम अपने पिता मदनसिंह के साथ अराबा से अहमदाबाद के लिए रवाना हुई थी। वहीं गुरुवार को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर लंदन की फ्लाइट पकड़ने से पहले खुशबू ने अपने पिता मदनसिंह के साथ फोटो भी ली थी।

### लंदन से एक महीने पहले आए थे वरदीचंद

उदयपुर के वल्लभनगर क्षेत्र के रूंडेड़ा निवासी वरदीचंद मेनारिया की भी हादसे में जान चली गई है। वे उदयपुर से करीब 47 किलोमीटर दूर हिरणमगरी क्षेत्र में रहते थे। वरदीचंद की पत्नी और उनका बेटा दीपक उन्हें अहमदाबाद छोड़ने गए थे। अभी वे वही हैं। वरदीचंद एक महीने पहले ही लंदन से आए थे। वरदीचंद के साथ ईंटाली के पास रोहिड़ा गांव के प्रकाश मेनारिया भी थे। दोनों ही लंदन में कुकिंग का काम करते थे। दोनों लंदन साथ जा रहे थे।



वरदीचंद



प्रकाश मेनारिया

## हादसे में 60 विदेशी यात्रियों की हुई मौत

### इनमें 52 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई

### ब्रिटेन के पीएम बोले- हादसे के विजुअल भयानक

**अहमदाबाद** में हुए प्लेन क्रैश में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे। हादसे में एक ब्रिटिश पैसेंजर जिंदा बच गया है। एअर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-171 ने गुरुवार दोपहर 1.38 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। दोपहर 1.40 बजे यह प्लेन क्रैश हो गया। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने इस हादसे पर दुख जताया है।

कीर स्टार्मर ने संसद में कहा- 'कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन आ रहे प्लेन के अहमदाबाद में क्रैश होने के कई विजुअल बहुत भयानक हैं। मुझे हर अपडेट के बारे में जानकारी दी जा रही है। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ हैं।

वहीं, ब्रिटिश सांसद लूसी पॉवेल ने संसद में कहा कि ब्रिटिश सरकार एअर इंडिया विमान में सवार लोगों को हर संभव मदद मुहैया कराएगी। कई परिवार हैं, जो अपने लोगों के आने का इंतजार कर रहे हैं। यह बहुत चिंता की बात है। हम उन सभी परिवारों के लिए अपनी गहरी संवेदना जताते हैं।

#### ब्रिटेन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया

ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह भारत में लोकल अधिकारियों के साथ मिलकर हादसे के हर पहलू को पता करने और इसमें शामिल लोगों को मदद देने की कोशिश कर रहा है। अगर किसी ब्रिटिश नागरिक को कॉन्सुलेट से मदद चाहिए या उन्हें अपने दोस्तों या परिवार की चिंता है, तो वे 020 7008 5000 नंबर पर कॉल कर सकते हैं।

वहीं, पुर्तगाल के समुदाय मामलों के राज्य सचिव एमिडियो सूसा ने कहा कि प्लेन क्रैश में दोहरी राष्ट्रीयता वाले 7 पुर्तगाली नागरिक सवार थे। पुर्तगाली अधिकारी उन सभी लोगों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।

## प्रदेश भाजपा के सभी कार्यक्रम अगले आदेश तक स्थगित

### सीएम का बांसवाड़ा कार्यक्रम भी स्थगित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद प्रदेश भाजपा ने अगले आदेशों तक के लिए अपने सभी कार्यक्रम और सभाएं स्थगित कर दी हैं। प्रभारी मंत्रियों को गुरुवार से तीन दिन के लिए सभी जिलों में जाकर मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी थी, लेकिन विमान हादसे के बाद ये सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। अब अगले कार्यक्रमों की सूचना अलग से जारी की जाएगी। वहीं सीएम भजनलाल शर्मा के बांसवाड़ा में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत होने वाले कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया है।

## पीएम मोदी आज सुबह 7.30 बजे अहमदाबाद पहुंचेंगे

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** शुक्रवार सुबह करीब 7.30 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से सीधे वे प्लेन हादसे की जगह का दौरा करेंगे और घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री सिविल अस्पताल जाएंगे, जहां वे हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों और घायलों के परिजनों से मिलेंगे। सिविल अस्पताल से फिर वे सीधे शाहिबाग सर्किट हाउस जाएंगे, जहां मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ नेताओं व अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करेंगे।

## अहमदाबाद विमान हादसे की जांच शुरू, हाई लेवल कमेटी बनाई गई

**नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू** ने कहा है कि अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे के बाद आधिकारिक जांच शुरू कर दी गई है। यह जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो कर रहा है और यह अंतरराष्ट्रीय नियमों के मुताबिक हो रही है। सरकार एक हाई लेवल कमेटी भी बना रही है, जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह कमेटी हादसे की गहराई से जांच करेगी और भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए जरूरी कदम सुझाएगी। इससे पहले अहमदाबाद एयर इंडिया विमान दुर्घटना पर नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा था कि हम निष्पक्ष और गहन जांच करने जा रहे हैं। पता लगाएंगे कि यह घटना क्यों हुई। हमें अभी भी संख्या का पता लगाना है। यह जानकर बहुत दुख हुआ कि (भाजपा नेता) विजय रूपाणी भी वहां थे और अन्य नागरिक भी। नायडू ने कहा कि मैं इस दुखद और भयावह घटना से पूरी तरह हिल गया हूं। प्रधानमंत्री ने मुझे फोन किया और मुझे घटनास्थल पर आने के लिए कहा। इस समय, मैं केवल यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच सकता हूं। कई एजेंसियां बचाव कार्यों में लगी हुई हैं।

## दुनिया के 10 बड़े प्लेन हादसे

### स्पेन में मिस कम्युनिकेशन से 586 मौतें, हरियाणा में विमान भिड़े, 349 लोगों ने गंवाई जान

#### मार्च 1977: स्पेन में एक मिसकम्युनिकेशन और 586 मौतें

स्पेन में 27 मार्च 1977 को केएलएम फ्लाइट 4805 और पैन एम फ्लाइट 1736 को स्पेन के लॉस पामास एयरपोर्ट पर उतरना था, लेकिन बम धमाके के चलते दोनों फ्लाइट्स को लॉस रोडियोस एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। वहां ट्रैफिक बढ़ गया और अव्यवस्था फैल गई। मिसकम्युनिकेशन की वजह से दोनों बोइंग 747 विमान एक ही रनवे पर आ गए और टकरा गए। हादसे में 586 लोगों की मौत हुई।

#### नवंबर 1996: हरियाणा में दो प्लेन टकराए, 349 मौतें

भारत का अब तक का सबसे बड़ा प्लेन हादसा 12 नवम्बर 1996 को हुआ, जिसे चरखी दादरी विमान हादसा कहा जाता है। यह हादसा हरियाणा के चरखी दादरी के पास उस समय हुआ, जब दो प्लेन एक-दूसरे से टकरा गए। इस टक्कर में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गए थे।

#### जनवरी 1978: अरब सागर में प्लेन गिरा, 213 मौतें

1 जनवरी 1978 को मुंबई से उड़ान भरते ही बोइंग 747 अरब सागर में गिर गया। दिशा भ्रम और तकनीकी खराबी की वजह से हुए इस हादसे में 213 लोगों की जान चली गई। प्लेन मुंबई से दुबई जा रहा था।

#### मई 2010: कर्नाटक में खाई में गिरा प्लेन, 158 की मौत

22 मई 2010 को एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 दुबई से कर्नाटक आ रही थी। विमान में 166 लोग सवार थे। लैंडिंग के समय रनवे छोटा और थोड़ा ऊंचाई पर बना हुआ था। पायलट ने विमान को जमीन पर देर से उतारा, जिससे ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची। विमान रनवे से आगे फिसलकर खाई में गिरा और दो हिस्सों में टूट गया। हादसे में 158 लोगों की मौत हो गई।

#### अप्रेल 1993: ट्रक से फ्लाइट टकराई, 55 मौतें

26 अप्रेल 1993 को इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 491 औरंगाबाद से मुंबई जा रही थी। जैसे ही विमान ने उड़ान भरना शुरू किया, उसी समय रनवे पर एक ट्रक मौजूद था, जिससे विमान टकरा गया। हादसे में 55 लोगों की जान चली गई।

#### अगस्त 2020: एअर इंडिया एक्सप्रेस प्लेन क्रैश, 21 की मौत

केरल के कोझिकोड में 7 अगस्त 2020 को एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया था। इसमें 21 यात्रियों की मौत हुई थी।

#### अगस्त 1985: जापान में प्लेन क्रैश, 520 मौतें

12 अगस्त 1985 को जापान एयरलाइंस का बोइंग 123 विमान उड़ान के थोड़ी देर बाद पहाड़ी क्षेत्र ने क्रैश हो गया। हादसे में 520 लोगों की जान गई, और यह अब तक का सबसे बड़ा सिंगल-प्लेन क्रैश माना जाता है।

#### साल 1974: तुर्की में प्लेन का दरवाजा टूटा, 346 मौतें

3 मार्च 1974 को तुर्कीश एयरलाइंस का डीसी-10 विमान पेरिस के पास जंगल में गिर गया। उड़ान के दौरान केबिन का दरवाजा अचानक टूट गया, जिससे एयर प्रेशर बिगड़ गया और विमान का कंट्रोल खो गया। इस हादसे में 346 लोग मारे गए।

#### अगस्त 1980: सऊदी में प्लेन में आग लगी, 301 मौतें

19 अगस्त 1980 को सऊदी एयरलाइंस के लॉकहीड ट्राइस्टार विमान के रियाद से उड़ान भरने के थोड़ी देर बाद उसके केबिन में आग लग गई। पायलट ने विमान को सुरक्षित उतार लिया, लेकिन विमान को समय रहते खाली नहीं कराया जा सका। नतीजा यह हुआ कि अंदर मौजूद सभी 301 यात्रियों की दम घुटने से मौत हो गई।

#### साल 2018: इंडोनेशिया में उड़ान भरते ही क्रैश, 189 मौतें

इंडोनेशिया में 29 अक्टूबर 2018 को जकार्ता से पांकल पिनांग शहर जा रहा एक यात्री विमान उड़ान भरने के 13 मिनट बाद समुद्र में क्रैश हो गया। इसमें प्लेन में मौजूद सभी 189 लोगों की मौत हो गई। यह बोइंग 737 मैक्स 8 विमान था।

## कांग्रेस नेताओं ने विमान हादसे पर दुख जताया

### पार्टी के आज के सभी कार्यक्रम रद्द

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे पर बृहस्पतिवार को दुख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। मुख्य विपक्षी दल ने विमान हादसे के पीड़ितों के सम्मान में शुक्रवार को देश भर में अपने सभी कार्यक्रमों को रद्द करने का फैसला भी किया है। कांग्रेस ने अहमदाबाद के अपने स्थानीय कार्यकर्ताओं को निर्देश भी दिया कि वे राहत एवं बचाव कार्य में हरसंभव सहयोग करें।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'गुजरात के अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान की दुर्घटना के बारे में सुनकर बिल्कुल स्तब्ध हूं। भयावह दृश्य देखकर दिल दहल जाता है। यात्रियों, पायलट और चालक दल के सदस्यों के परिवारों के साथ हमारी गहरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं।'

सोनिया गांधी ने एक बयान में कहा, 'अहमदाबाद में हुए दर्दनाक विमान हादसे से मैं बेहद स्तब्ध और व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं यात्रियों और चालक दल के परिजनों के साथ हैं। जो दृश्य सामने आए हैं, वे बेहद पीड़ादायक हैं। पूरा देश शोक में है और प्रार्थना कर रहा है।'

> गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में राजस्थान के निवासियों सहित अनेक नागरिकों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। राजस्थान सरकार संबंधित अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए हुए है और इस दुख की घड़ी में मृतकों के परिजनों एवं घायल नागरिकों के साथ खड़ी है।
>
> **भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री राजस्थान**

> अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में राजस्थान के निवासियों सहित अनेक नागरिकों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। भगवान दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें।
>
> **अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान**

### राज्यपाल बागडे ने व्यक्त की शोक संवेदना

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान क्रैश हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

### गुजरात सीएम भूपेन्द्र पटेल ने जताया दुख

गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल ने घटना पर चिंता जाहिर करते हुए पोस्ट किया, 'अहमदाबाद में एअर इंडिया के यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैंने अधिकारियों को तत्काल बचाव और राहत कार्य चलाने और घायल यात्रियों के तत्काल उपचार की व्यवस्था युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैंने घायल यात्रियों को इलाज के लिए ले जाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था करने और अस्पताल में इलाज की सभी व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।

> अहमदाबाद विमान हादसे की खबर से मन अत्यंत व्यथित है। इस त्रासदी में जिन अनमोल जीवनों की क्षति हुई, वह अपूरणीय है। शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दें।
>
> **मदन राठौड़, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष**

> अहमदाबाद में विमान हादसे में हुई यात्रियों की मृत्यु पर गहरा दुख है। एयर इंडिया के विमान का टेकऑफ के दौरान दीवार से टकराकर क्रैश होने का समाचार अत्यंत दुखद और चिंताजनक और है।
>
> **टीकाराम जूली, नेता प्रतिपक्ष**

### पुतिन ने विमान हादसे पर जताया दुख

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अहमदाबाद विमान हादसे पर राष्ट्रपति और पीएम नरेंद्र मोदी को संदेश भेजा है। उन्होंने अहमदाबाद विमान हादसे पर दुख जताया है।

### जीई एयरोस्पेस ने विमान हादसे पर जताया शोक

वैश्विक कंपनी जीई एयरोस्पेस ने भी विमान हादसे पर शोक जताया है। एक्स पर एक पोस्ट में जीई एयरोस्पेस ने लिखा- 'हम एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने से बहुत दुखी हैं। हम प्रभावित लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हमने अपनी आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम को सक्रिय कर दिया है, और हम अपने ग्राहक और जांच का समर्थन करने के लिए तैयार हैं।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# राजधानी में इस सीजन का सबसे गर्म दिन, पारा 45 डिग्री पार

## श्रीगंगानगर में पारा 47.8 दर्ज हुआ

## आज 22 जिलों में लू और 8 जिलों में आंधी-बरसात का अलर्ट

## दक्षिणी राजस्थान से प्रवेश करेगा मानसून, 14 से वागड़ हाडौती में प्री मानसून की होगी बरसात

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश को गर्मी से राहत इस सप्ताह नहीं मिल पाएगी। इस सप्ताह भी भीषण गर्मी पड़ेगी। प्रदेश में 14-15 जून से प्री-मानसून की बरसात वागड़ और हाड़ौती में शुरू होगी। संभवतः 20 जून तक बंगाल की खाड़ी का मानसून प्रदेश में प्रवेश करेगा जो आगे बढ़ते हुए जयपुर, भरतपुर संभाग के एरिया को कवर करेगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में 19 जून के बाद ही मानसून की एंट्री होने की संभावना है। राज्य में मानसून की एंट्री का समय 25 जून निर्धारित है। वर्तमान में मानसून महाराष्ट्र में मुंबई, अहमदनगर और पूर्वोत्तर भारत में सिलीगुड़ी के आसपास अटका हुआ है।

इन एरिया में मानसून 29 मई के बाद से आगे नहीं बढ़ा है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 20 जून तक राज्य में औसत बारिश और 20 जून के बाद 26 तक औसत से ज्यादा बारिश होने का अनुमान जताया है। प्रदेश में 15 जून तक हीटवेव का असर रहेगा।



### राजधानी में इस सीजन का सबसे गर्म दिन

राजधानी जयपुर में गुरुवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं 32.2 न्यूनतम तापमान रहा यानी की रात भी गर्म ही रही।

### कोटा, गंगानगर समेत कई शहरों में तेज गर्मी

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो जयपुर, कोटा, अजमेर, गंगानगर, बीकानेर समेत कई जिलों में तेज गर्मी और लू का प्रकोप रहा। कोटा में अधिकतम तापमान 46.3 डिग्री दर्ज हुआ। इसी तरह गंगानगर में अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री, अजमेर में 44 डिग्री और बीकानेर में 45.2 डिग्री दर्ज हुआ।

### 19 शहरों में पारा 44 डिग्री से ऊपर दर्ज

जयपुर के अलावा 18 अन्य शहर ऐसे रहे, जहां का अधिकतम तापमान 44 डिग्री या उससे ऊपर दर्ज हुआ। श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री दर्ज हुआ। इनके अलावा अजमेर में 44 डिग्री, भीलवाड़ा में 44.4 डिग्री, वनस्थली (टोंक) 45.2 डिग्री, अलवर में 45.4 डिग्री, पिलानी में 45.7 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 45.9 डिग्री, बाड़मेर में 44.6 डिग्री, जोधपुर में 44.4 डिग्री, फलोदी में 45 डिग्री, फतेहपुर में 44.3 डिग्री, झुंझुनूं में 44.2 डिग्री और पाली में 44.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

# डिफेक्टिव मीटरों की होगी ऑडिट : आरती डोगरा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विद्युत वितरण निगमों की अध्यक्ष आरती डोगरा ने सभी ओ एंड एम सर्किलों में डिफेक्टिव मीटर के प्रकरणों की लंबित सूची को समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधीक्षण अभियंताओं को निर्देश दिए कि जिन सर्किलों में डिफेक्टिव मीटर के प्रकरण अधिक सामने आ रहे हैं, वहां खराब मीटर की लैब में टेस्टिंग तथा ऑडिट कराएं। मिसमैच मिलने की स्थिति में संबंधित विद्युत कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

डोगरा गुरुवार को विद्युत भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण निगमों में स्मार्ट मीटर, ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लंबित बिजली कनेक्शन, डिफेक्टिव मीटर बदलने तथा दो ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति के रोडमैप की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मीटर बंद होने की स्थिति में उपभोक्ता के औसत उपभोग के आधार पर बिलिंग करनी पड़ती है, जिससे निगम को राजस्व का नुकसान होता है और उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी सर्किल में डिफेक्टिव मीटर बदलने के प्रकरण दो माह से अधिक समय तक लंबित न रहें।

### शुरू हुआ स्मार्ट मीटर लगाने का काम

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने बताया कि केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में निशुल्क स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिन टीमों द्वारा फील्ड में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, उनका डिस्कॉम के कार्मिक नियमित निरीक्षण एवं मॉनीटरिंग करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में अधीक्षण अभियंता प्रतिमाह, अधिशासी अभियंता प्रति तीन सप्ताह, सहायक अभियंता प्रत्येक 15 दिवस तथा कनिष्ठ अभियंता साप्ताहिक आधार पर स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन की समीक्षा करें।

### किसानों को दिन के समय दो ब्लॉक में सप्लाई

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने वर्ष-2027 तक किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन में दो ब्लॉक में सप्लाई देने के रोडमैप की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि राज्य के तीनों डिस्कॉम्स में 33 केवी के 5,478 ग्रामीण सब स्टेशनों में से 3,577 सब स्टेशनों में किसानों को दिन में दो ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति की जा रही है। साथ ही, तीनों डिस्कॉम्स में अब तक करीब 1 लाख 36 हजार 417 स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। डोगरा ने ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लंबित बिजली कनेक्शनों की भी भारत सरकार की ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में डिस्कॉमवार समीक्षा की।

# महारानी फार्म पुलिया को ऊंचा करने का काम धीमा, आमजन की बढ़ी परेशानी

## जेडीए का दावा- जून के अंत तक पूरा होगा काम

## हकीकत- अभी पिल्लर भरे जाने का काम भी अधूरा

### बड़ा सवाल - तय समय अवधि में कैसे पूरा होगा शेष 40 फीसदी कार्य





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए द्रव्यवती नदी पर बनी महारानी फार्म पुलिया को ऊंचा करने का काम करवा रहा है। इस पुलिया का काम धीमी गति से चल रहा है। इस कारण अभी तक केवल 60 फीसदी काम पूरा हो पाया है। जबकि इसका काम जून में पूरा करना था। काम की धीमी गति के चलते यहां से गुजरने के लिए स्थानीय लोगों के साथ वाहन चालकों को इंतजार करना पड़ेगा। गौरतलब है कि नए साल के पहले दिन से दुर्गापुरा और मानसरोवर को जोड़ने वाली महारानी फार्म पुलिया को 6 महीने के लिए बंद किया गया था। यह जयपुर की सबसे व्यस्ततम लिंक रोड है, जहां से हर दिन करीब 30 हजार से ज्यादा वाहन गुजरते हैं। यह टोंक रोड और आगे जवाहरलाल नेहरू मार्ग को सीधे मानसरोवर, न्यू सांगानेर रोड और पृथ्वीराज नगर योजना सहित बड़े इलाके को आपस में जोड़ती है। मानसरोवर और पीआरएन राजस्थान की सबसे बड़ी आवासीय कॉलोनियां हैं। मानसरोवर जाने के लिए वाहन चालक बीटू बायपास या फिर गोपालपुरा से होकर गुजर रहे है।

### अब तक ये काम हुआ पूरा



जेडीए अधिकारियों के अनुसार सबसे ज्यादा समय पुरानी पुलिया को तोड़ने में लगा। जेडीए ने जनवरी में काम शुरू किया और मार्च तक पुलिया को ध्वस्त किया। अप्रेल-मई में 3 राफ्ट में से दो लग चुकी है। इसके अलावा 11 में से 8 वॉल खड़ी हो चुकी है। अब जेडीए 3.5 मीटर चौड़े और 4.15 मीटर ऊंचाई के सीमेंट बॉक्स कल्वर्ट डालकर 21 मीटर चौड़ी और 26 मीटर लम्बी 3 स्लैब लगाएगा। इसके बाद डामरीकरण और सेफ्टी वॉल लगा प्रोजेक्ट कंपलीट किया जाएगा। हालांकि अधिकारी यह दावा कर रहे हैं कि तय समय सीमा में काम पूरा हो जाएगा।

### इसलिए लिया गया निर्णय

द्रव्यवती नदी पर बनी इस पुलिया पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। बारिश में द्रव्यवती नदी में प्रवाह बढ़ने से पुलिया के ऊपर डेढ़ से दो मीटर ऊंचाई तक पानी का बहाव रहता है। इस बार भी बारिश के सीजन में कई घंटों तक इस पुलिया पर ट्रैफिक बंद करना पड़ा क्योंकि नदी का पानी पुलिया से ओवर फ्लो हो रहा था। यह क्षेत्र मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की विधानसभा में आता है। सीएम के निर्देश पर जेडीए ने इस पुलिया को ऊंची करने की योजना बनाई है। महारानी फार्म पुलिया अभी नदी से महज करीब दो मीटर ऊंचाई पर ही है। इस पुलिया की चौड़ाई फिलहाल 17 मीटर है। जेडीए ने पुरानी पुलिया तोड़कर यहां पर चार गुना चार मीटर चौड़े बॉक्स कल्वर्ट डाले है। इसी बॉक्स कल्वर्ट में से ही नदी प्रवाहित होगी। इस पुलिया की चौड़ाई 17 मीटर से बढ़ाकर 20 मीटर की जाएगी। नई पुलिया की ऊंचाई नदी से करीब साढ़े चार मीटर ऊंची होगी। करीब 210 मीटर की लंबाई में पुलिया का निर्माण किया जाएगा। जेडीए ने करीब छह करोड़ की लागत की इस योजना का काम जून महीने में पूरा किए जाने का दावा किया है। लेकिन पुलिया के मौजूदा चल रहे कार्य को देखकर ये सवाल उठ रहा है कि तय समय पर ये काम पूरा होगा या नहीं। एक आकलन के मुताबिक पुलिया से रोज डेढ़ से दो लाख वाहन निकलते हैं। पुलिया का काम चलने के दौरान वैकल्पिक मार्ग रिद्धि-सिद्धि या बी-2 बाइपास होते हुए 4 से 5 किमी लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है।

# देव सारेश्वर का एक और म्यूजिक एल्बम लॉन्च



महानगर संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड के मशहूर गायक, लेखक और अदाकार देव सारेश्वर का एक और म्यूजिक एलबम 'आख्यों मा बसायूं' लॉन्च हुआ। एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, संगीत और पर्यटन को समर्पित एल्बम आख्यों मा बसायूं के लॉन्च की घोषणा की गई। यह एल्बम रिदम एंड मैलोडी सिंडिकेट प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले तैयार किया गया है। देव ने बताया कि रिदम एंड मैलोडी सिंडिकेट उत्तराखंड की प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच देने का सपना देख रहा है जिसके तहत योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। देव सारेश्वर और शिवानी नेगी ने गीत को स्वर दिए हैं और संगीत की रचना स्वयं देव सारेश्वर ने की है। देव सारेश्वर और रेनू कुंवर ने वीडियो में अभिनय किया है। एलबम का निर्देशन विजय भारती ने व कैमरा संचालन महेश पाल ने किया है। गानों का फिल्मांकन उत्तराखंड में मसूरी, भीमताल, नैनीताल, देहरादून और अन्य खूबसूरत जगहों पर किया गया है।

# लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम शर्मा से की मुलाकात

## औद्योगिक समस्याओं को लेकर की चर्चा



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को अखिल भारतीय संगठन महामंत्री प्रकाशचंद्र और अखिल भारतीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से विभिन्न क्षेत्रों की औद्योगिक समस्याओं के व्यावहारिक निराकरण के लिए मुलाकात की। जिसमें प्रमुख रूप से राजस्थान के पुराने 37 औद्योगिक क्षेत्रों को रीको में हस्तांतरित करने के विधानसभा में लम्बित बिल को पास करने, जोधपुर पाली बालोतरा, जसोल, बिठूजा में स्थित टेक्सटाइल व स्टील उद्योग से एवं पचपदरा रिफाइनरी से निकलने वाले तेजाबी व लवणीय प्रदूषित पानी के निस्तारण के लिए ड्रेन द्वारा कच्छ की खाड़ी तक पहुंचाने की वृहद् योजना बनाने, ब्यावर व भीलवाड़ा जिलें मे टाइल हब बनाने, कृषि भूमि में रूपान्तरण के बाद म्यूटेशन भरने, पचपदरा के पास रीको पेट्रोजोन हब विकसित करने, पर्यावरण स्वीकृति के लिए लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने, माइनिंग क्षेत्र में ड्रोन सर्वे की पुनः समीक्षा करने जैसे अनेक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को लघु उद्योग भारती प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाये गये विषयों पर सकारात्मक निराकरण के निर्देश दिए। प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय सचिव नरेश पारीक, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष शांतिलाल बालड, जोधपुर प्रान्त अध्यक्ष महावीर चौपड़ा, जयपुर प्रान्त अध्यक्ष महेन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष अरुण जाजोदिया, पूर्व जयपुर प्रान्त अध्यक्ष सुधीर गर्ग और जोधपुर प्रान्त संयुक्त महासचिव सुरेश कुमार विश्नोई भी उपस्थित रहे।

# नगर निगम ग्रेटर में निर्माण शाखा के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

## सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण रूप से तय समय में हो पूरे : मेयर सौम्या गुर्जर



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ई.सी. मीटिंग हॉल में निर्माण शाखा से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें वार्डों में किये जा रहे विकास कार्यों के सम्बध में चर्चा की गई। बैठक में महापौर ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि विकास कार्यों में गति लाई जायें। किसी भी प्रकार की लापहरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण रूप से तय समय में किए जाए। महापौर ने रामनिवास बाग में स्पोर्ट्स एकेडमी विकसित करने उद्यान के विकास कार्यों को करने एवं सड़कों की स्थिति, जोनवार प्रगतिरत नाला सफाई की जानकारी ली। इसके साथ ही तिलक नगर सामुदायिक केन्द्र के कैम्पस में उपलब्ध खाली भूमि पर अत्याधुनिक ऑडिटेरियम बनाये जाने, ग्रीन बोन्ड, निगम मुख्यालय के कैम्पस गार्डन एरिया में ट्रिपल बेसमेन्ट पार्किंग बनाए जाने, यूएलबी क्लब निर्माण, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अटल स्मृति उद्यान, अटल क्लब बनाने, 8 वर्ष तक के आयु के बच्चों के लिए मानसरोवर में एक्सक्लूसिव चिल्ड्रन पार्क विकसित करने के संबंध में सबंधित अधिकारी से जानकारी ली तथा शीघ्र कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

### मानसून को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

महापौर ने नगर निगम ग्रेटर द्वारा स्थापित किए गए बाढ़ नियंत्रण कक्षों की भी जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। मिट्टी के कट्टे, मडपंप अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# राजस्थान पंचायती राज एवं शिक्षक संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह होटल गणगौर में आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान ने बताया कि नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा और अध्यक्ष महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजसिंह राठौड़ तथा विशिष्ट अतिथि नारायण सिंह सिसोदिया रहे। महावीर शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा, विद्यालय, शिक्षक और शिक्षार्थी के हितों के लिए संघर्ष करते रहने की शपथ दिलाई। प्रदेश महामंत्री गोपाल मीणा ने बताया कि शपथ ग्रहण से पूर्व संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ जाकर संगठन का मुख्यमंत्री के नाम 11 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से शामिल पदाधिकारियों में प्रदेश सभाध्यक्ष राम प्रताप मीणा, प्रदेश परिवाद समिति अध्यक्ष इंद्राज जाखड़, प्रदेश संघर्ष समिति संयोजक जवरीलाल प्रजापत, महिला संयोजिका कृष्णा यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश जैन, प्रदेश प्रवक्ता राहुल सिंह गुर्जर, प्रकाश बिश्नोई, बेबी नंदा सहित समस्त जिलाध्यक्ष जिला मंत्री और जिला सभाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# साबरमती-गोरखपुर ट्रेन का थावे स्टेशन तक विस्तार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या साबरमती-गोरखपुर-साबरमती ट्रेन का थावे स्टेशन तक विस्तार किया जा रहा है।



गाड़ी संख्या 19409, साबरमती-थावे ट्रेन 19 जून से 6 दिसम्बर तक साबरमती से प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को 10.35 बजे रवाना होकर अगले दिन गोरखपुर स्टेशन पर 16.50 बजे आगमन व 17.00 बजे प्रस्थान कर 20.30 बजे थावे स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19410, थावे-साबरमती रेलसेवा 21 जून से 8 दिसम्बर तक थावे स्टेशन से प्रत्येक सोमवार व शनिवार को 01.00 बजे रवाना होकर अगले दिन गोरखपुर स्टेशन पर 04.45 बजे आगमन व 04.55 बजे प्रस्थान कर 09.55 बजे साबरमती पहुंचेगी।

# जेडीए में पीडब्ल्यूसी बैठक : 87 करोड़ रुपए के कार्य स्वीकृत

## जोन 11 में आवासीय योजनाओं के मानचित्रों का किया अनुमोदन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जेडीए के मंथन सभागार में गुरुवार को आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूसी की बैठक हुई। बैठक में 87 करोड़ रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए एवं जोन 11 में आवासीय योजनाओं के मानचित्रों का अनुमोदन किया गया। बैठक में जोन-11 के क्षेत्राधिकार में स्थित ग्राम नेवटा, तहसील सांगानेर में 1365, 1366, 1367, 1368, 1369, 1370, 1395, 1396, 1397, 1398, 1399, 1400, 1401, 1409 व ग्राम खटवाडा तह. सांगानेर के ख. नं. 975/1199, 1101, 1104, 1105 कुल किता 18 कुल रकबा 22.23 हैक्टेयर भूमि पर आवासीय योजना का मानचित्र अनुमोदन किया गया। इसी जोन के ग्राम मानपुरा टीलावाला, तह. सांगानेर के खं.नं. 249, 254, 255, 258 व 259 कुल किता 5 कुल रकबा 3.32 हैक्टेयर भूमि पर आवासीय योजना का मानचित्र अनुमोदन किया गया।

### जेडीए की गंगा, यमुना एवं सरस्वती विहार आवासीय योजना की आवेदन तिथि 16 जून तक बढ़ाई

**जयपुर।** जविप्रा की आवासीय योजनाओं गंगा विहार, सरस्वती विहार एवं यमुना विहार में ऑनलाइन आवेदन तिथि 16 जून तक बढ़ाई गई है। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि आवेदकों के रुझान और वेबसाइट पर ट्रैफिक लोड के कारण, 12 जून 2025 को निर्धारित अंतिम तिथि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। अब सभी इच्छुक आवेदक 16 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन में संशोधन करने की सुविधा 17 जून से 20 जून 2025 तक उपलब्ध रहेगी। जबकि लॉटरी की तिथि पूर्वानुसार 2 जुलाई 2025 को रखी गई है। योजनाओं की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

### इन योजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति भी की जारी

जोन10 के क्षेत्र में खोरी रोपाडा (पटेल नगर) आवासीय योजना में चारदीवारी निर्माण के लिए 7.09 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। जोन13 में जीपी लांगडियावास राहोरी एवं नायला जमवारामगढ़ में विकास व सड़क निर्माण कार्य की 4.83 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। जोन 9 में डी मार्ग सर्किल से राणा सांगा मार्ग पर राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लि. द्वारा भूमिगत लाइन डालने से हुए रोड कट के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 2.94 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। जोन 9 के क्षेत्र में विभिन्न निजी खातेदारी की अनुमोदित आवासीय योजनाओं में बी.टी. सड़क निर्माण कार्यों के लिए 19.84 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। बीआरटीएस कॉरिडोर चौमूं पुलिया से रोड नं. 14 वीकेआई तक स्ट्रीट लाइट के वर्क ऑफ स्कोप को मंजूरी दी गई।

# अनुराग सेवा संस्थान करेगा 31 पिताविहीन बालिकाओं का विवाह

## संस्थान के 31 वर्ष पूर्ण होने पर वर्षभर आयोजित किए जाएंगे 31 विभिन्न कार्यक्रम

महानगर संवाददाता




**लालसोट।** अनुराग सेवा संस्थान की साधारण सभा अशोक शर्मा राउमा विद्यालय में संस्थान अध्यक्ष अंशुल सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, व्यवसायिक संस्थाओं व स्वैच्छिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में संस्थान द्वारा 31 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने के लिए विचार-विमर्श कर निर्धारण किया गया। यह आयोजन 21 जुलाई 2025 से 21 जुलाई 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर संस्थान सचिव श्याम सुन्दर शर्मा ने सभी का स्वागत किया और संस्थान का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान द्वारा विगत 31 वर्षों में आयोजित की गई गतिविधियों व कार्यक्रमों का ब्योरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि पिता विहीन बालिकाओं की उच्च शिक्षा के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। इस पर अपेल एकेडमी के निदेशक राकेश सेड़ुलाई ने पांच पिता विहीन बालिकाओं और गीता विद्या मंदिर के निदेशक राजेश जिंद ने अनुराग सेवा संस्थान अभिशंसित पिता विहीन बालिकाओं को निशुल्क पढ़ाने की घोषणा की। अनिल नीमला ने गौ ग्रास व नारी संस्कार शिविर, महेंद्र साहू ने मजदूर दिवस, नवीन सुकार ने दिव्यांग जनों के लिए, भागचंद सैनी ने एकल वृद्ध महिला पुरुषों के टिफिन व्यवस्था, बालमुकुंद शर्मा ने सनातन संस्कृति के लिए के लिए काम करने का प्रस्ताव रखा। प्रस्तावित कार्यक्रमों पर व्यापक विचार-विमर्श कर पिछले कई वर्षों से संचालित प्रसाद व अन्य नियमित गतिविधियों के अलावा 31 पिता विहीन बालिकाओं के विवाह, वृद्धाश्रम की स्थापना व संचालन करने सहित 31 कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया, इसके लिए 31 सदस्यों की आयोजन समिति गठित की जाएगी, जिसमें

संस्थापक संयोजक, संस्थान अध्यक्ष, संस्थान सचिव, संस्थान कोषाध्यक्ष के अलावा 27 सक्रिय सहभागिता निभाने वाले व्यक्तियों को शामिल किया जाएगा। संस्थान अध्यक्ष अंशुल सोनी ने बताया कि बैठक में अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, जंगम समाज के अध्यक्ष शंभू जंगम, साहू समाज के अध्यक्ष कमलेश साहू, गुड खांड थोक व्यापार संघ के अध्यक्ष रामप्रसाद गर्ग, फल-सब्जी मंडी अध्यक्ष भाग चंद सैनी, निजि शिक्षण संस्था संघ के अध्यक्ष एलएन भारद्वाज सहित कई संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

महानगर संवाददाता

**लालसोट।** राजेश पायलट राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 जून रहेगी। महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन आवेदनों को 19 जून तक सत्यापित किया जाएगा। अंतिम वरीयता सूची व प्रतिक्षा सूची का प्रकाशन 20 जून को किया जाएगा। अंतिम वरीयता व प्रतिक्षा सूची के अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन व ई मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 24 जून रहेगी। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 26 जून को किया जाएगा। प्रवेशित विद्यार्थियों का वर्ग निर्धारण व विषय आवंटन 27 जून को किया जाएगा। महाविद्यालय में एक जुलाई से प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं नियमित रूप से प्रारंभ हो जाएगी। प्राचार्य पहाड़िया ने बताया कि राजेश महाविद्यालय में जीव विज्ञान व गणित वर्ग में 140 सीट, वाणिज्य संकाय में 80 सीट व कला संकाय में 480 सीट के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसी प्रकार राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा में कला संकाय में 200 सीट व राजकीय महाविद्यालय बागड़ी में भी 200 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे।

## जलदाय विभाग में श्रमदान कर की साफ-सफाई

महानगर संवाददाता

**सीकर।** वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जलदाय विभाग वृत्त सीकर में अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्रमदान कर साफ-सफाई की।



अधीक्षण अभियंता आरके राठी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण करना व साफ सफाई किया जाना है। अधिशाषी अभियंता आरके चाहिल ने बताया कि विभाग में जल स्वालम्बन कार्यक्रम के तहत सफाई की गई। हरयालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी बरसात को देखते हुए पौधरोपण के लिए गड्ढे खोदे गए। चाहिल ने सभी सहायक अभियंताओं को निर्देश दिए कि इस दौरान उच्च जलाशयों, भूतल जलाशय व स्वच्छ जलाशयों की सफाई करवाई जाए। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और हमें पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण कर वर्षा जल को संचयित करने की दिशा में प्रयास करने चाहिए। इस दौरान सागर माल ओला, प्रमोद कुमार, परवीन कुमार सहायक अभियंता, यसवंत सिंह खण्डीय लेखाधिकारी, शक्ति सिंह, बजरंग सिंह, चन्द्र सिंह आदि स्टाफ ने परिसर में साफ सफाई की।

## 'मोदी सरकार के 11 साल सुशासन व जनकल्याण की मिसाल'

महानगर संवाददाता

**चित्तौड़गढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ओछड़ी स्थित जिला भाजपा कार्यालय चित्तौड़गढ़ पर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई,



जिसमें देवस्थान, गोपालन व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, सांसद सीपी जोशी व भाजपा जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मंत्री जोराराम ने कहा कि मोदी सरकार के बीते 11 वर्ष देश के लिए ऐतिहासिक साबित हुए। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें केवल घोषणाएं करती थीं, लेकिन अब कार्य धरातल पर नजर आते हैं। सांसद सीपी जोशी ने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण व सांस्कृतिक विरासत के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की है। उन्होंने कहा कि 60 वर्षों में जो नहीं हुआ, वह 11 वर्षों में हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए सोचता है। भाजपा जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों को बेमिसाल करार देते हुए इसे देश के लिए परिवर्तनकारी बताया। इसके बाद अतिथियों ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के पोस्टर का भी विमोचन किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, जिला महामंत्री रघु शर्मा, देवी सिंह राणावत, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, जिला मंत्री सीपी नामधराणी, कर्नल सिंह कांकरवा आदि उपस्थित रहे।

# बस्सी में देर रात तक अवैध रूप से खुले रहते हैं शराब के ठेके

## दुकानदार सरकार के आदेशों व नियमों की खुलेआम उड़ा रहे धज्जियां

महानगर संवाददाता




**बस्सी।** कस्बे के बस स्टैंड तुंगा रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान बीती रात 9 बजे तक खुली रही। स्थानीय कस्बे वासियों ने शराब माफिया के इस मामले की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी।

इसके बाद बस्सी थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन शराब ठेके पर तैनात कर्मचारी पुलिस की गाड़ी को देखकर दुकान तुरंत बंद कर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि आए-दिन बस्सी कस्बे सहित अन्य जगहों पर लगभग सभी शराब की दुकानें शाम 8 बजे बाद भी खुली रहती है, जिससे शराबी शराब पीकर कॉलोनियों सहित सार्वजनिक जगहों व रास्तों में उत्पाद मचाते हैं और शराब के नशे में धुत होकर कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। इस संबंध में पूर्व में भी स्थानीय थाना पुलिस व आबकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को मौखिक व लिखित रूप में कई बार अवगत कराया, लेकिन समस्या का समाधान आज तक भी नहीं हो पाया। इस मामले को लेकर स्थानीय सहायक पुलिस उपायुक्त बस्सी विनय कुमार डीएच सहित बस्सी थाना अधिकारी को सूचना दी तो उन्होंने ने कहा कि मामले की जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय थाना पुलिस बस्सी क्षेत्र में संचालित शराब दुकानदारों से मिलीभगत कर सरकार के आदेशों व नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, जिससे कई घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है।

## 'आत्मनिर्भरता व अनुशासन ही भारतीय संस्कृति की पहचान'

महानगर संवाददाता



**लालसोट।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड लालसोट संघ के तत्वावधान में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समर कैंप का पुलिस सब इंस्पेक्टर यादराम शर्मा व कांस्टेबल रमाकांत ने अवलोकन किया।

इस दौरान पुलिस थाना लालसोट से आए अतिथियों ने मेहंदी आर्टिस्ट गरिमा सैनी द्वारा सिखाई जा रही मेहंदी की कलाकृतियों को सराहा। ब्यूटीशियन अनुदेशक भारती सैनी ने विभिन्न हेयर स्टाइल व आई ब्रेडिंग की बारीकियां बताई। इस दौरान सिलाई वर्क भी बताया गया। सब इंस्पेक्टर यादराम शर्मा ने बालिकाओं को सेल्फ रेस्पेक्ट भावना विकसित करने पर बल दिया और उन्हें समझाया कि आत्मनिर्भरता व अनुशासन ही भारतीय संस्कृति की असली पहचान है। वहीं कांस्टेबल रमाकांत ने शिविर संभागियों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। शिविर संरक्षक सियाराम शरण शर्मा ने शिविर की उपलब्धियों को बताया। क्लाइमेट कॉर्डिनेटर महेंद्र कुमार साहू ने बताया कि निश्चित रूप से पुलिस विभाग सामाजिक कड़ी के रूप में काम करता है।

इस दौरान सदस्य सुनीता, डांस अनुदेशक सोनाली साहू व सिलाई अनुदेशक सलोनी ने सभी अतिथियों को बालिकाओं द्वारा बनाई गई वस्तुओं को दिखाया।

## सेवानिवृत्त शिक्षक मदनलाल बने अक्षय पुण्य योजना सदस्य

**नीमकाथाना (मसं)।** सेवानिवृत्त शिक्षक मदनलाल गुप्ता सदाका ने अपनी पत्नी बृजवती व पूरे परिवार के साथ स्थानीय खेतड़ी रोड स्थित गोपाल गौशाला परिसर का दौरा किया और यहां मौजूद गौ माता को गुड़-दलिया व हरा चारा खिलाकर और पानी पिलाकर गौ संरक्षण के प्रति संकल्प लिया। साथ ही गोपाल गौशाला सेवा समिति अध्यक्ष दौलत राम गोयल व अन्य पदाधिकारियों से गौ सेवा भरण पोषण को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

समिति अध्यक्ष गोयल ने प्रभावी तरीके से उनका मार्गदर्शन किया और गौ सेवा अक्षय पुण्य योजना में सदस्य बनाने की इच्छा व्यक्त की। इस पर सेवानिवृत्त शिक्षक मदनलाल ने पूरे सम्मान व समर्पण भाव से सदस्यता शुल्क के रूप में एक लाख रुपए का चेक दिया और पूरे परिवार के साथ में गौ सेवा का संकल्प लिया।

# बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरूक

## ग्रीष्मकालीन अभिरूचि व कौशल विकास शिविर का पत्रकारों ने किया अवलोकन

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स ब्लॉक रामगढ़ पचवारा के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि व कौशल विकास शिविर का पत्रकारों ने अवलोकन किया। शिविर में बच्चों व महिलाओं को दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा सिखाई जा रही विधाओं का ब्लॉक कमिश्नर रामावतार मीना, महानगर संवादाता समाजसेवी सचिन शर्मा, कोषाध्यक्ष ब्लॉक लालसोट गोविंद सहाय शर्मा व



समाजसेवी सत्यनारायण मीना ने अवलोकन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य वासुदेव शर्मा ने बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रहने की नसीहत दी। शर्मा ने कहा कि वर्तमान युग में मोबाइल से बच्चों की सेहत पर कुप्रभाव पड़ रहा है।

अगर परिजनों ने समय रहते अपने बच्चों से मोबाइल फोन की लत को दूर नहीं किया तो आगामी दिनों में दूरगामी दुष्प्रभाव देखने को मिलेंगे। सचिव नवीन सुकार ने कहा कि हिंदुस्तान स्काउट बच्चों में अनुशासन के साथ सेवाभाव की अलख जगाता है। इस दौरान सचिव नवीन शर्मा, शिविर प्रभारी सतीश सैन, सह सचिव राजेश शर्मा, ज्ञानचंद मीना, गनी मोहम्मद, गिरराज शर्मा, हनुमान मीना, कन्हैयालाल महावर, किशोर सैनी, हरिओम गुप्ता सहित कई लोगों मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में समर कैम्प की तिथियों में बदलाव की मांग

महानगर संवाददाता

**सीकर।** राज्यभर के राजकीय विद्यालयों में चल रहे भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने चिंता जताई है। संघ के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक बीकानेर को पत्र लिखकर शिविर की वर्तमान तिथियों पर पुनर्विचार करने और उसे ग्रीष्मावकाश के बाद आयोजित करने का अनुरोध किया है। पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान 45 से 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, जिससे विद्यार्थियों व शिक्षकों दोनों को विद्यालय पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई हो रही है। ग्रीष्मावकाश के दौरान अधिकांश विद्यार्थी अपने घरों से बाहर गए हुए हैं और शिक्षक भी मुख्यालय छोड़ चुके हैं। ऐसे में शिविरों का संचालन केवल औपचारिकता बन कर रह गया है, जिससे मूल उद्देश्य की पूर्ति संभव नहीं हो पा रही। लखारा ने सुझाव दिया है कि शिविर की तिथियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद तय किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की संख्यात्मक सहभागिता के साथ-साथ शिक्षकों की सक्रिय भूमिका भी सुनिश्चित हो सके।

## गुरु हरगोविंद साहिब के प्रकाशोत्सव पर हुए शबद कीर्तन

**श्रीमाधोपुर (मसं)।** पंजाबी मोहल्ले में स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में गुरुवार को सिखों के छठे गुरु हरगोविंद सिंह साहिब का प्रकाशोत्सव मनाया गया। गुरुद्वारे में विशेष दीवान का आयोजन किया गया। अखंड पाठ के उपरांत श्रद्धालुओं ने शबद गायन किया। कार्यक्रम में जपजी साहिब व सुखमणि साहिब के पाठ हुए।



आसा दी वार व शबद कीर्तन का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालु अपने घर से मिस्सी रोटी, मक्खन, छाछ, पापड़ व आचार लेकर आए। अरदास के बाद सभी ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। सरदार अर्जुन सिंह ने बताया कि गुरु हरगोबिंद साहिब का जन्म 1595 में हुआ था। वे गुरु अर्जुन देव महाराज की एकमात्र संतान थे। मात्र 11 वर्ष की आयु में 1606 में उन्होंने गुरु की उपाधि प्राप्त की। इस मौके पर सरदार रतन सिंह, अजय सिंह, जीत सिंह, अमरजीत सिंह, हरीश वधवा, यश सतीजा, दीनदयाल सतीजा, मानस सतीजा समेत काफी संख्या में पंजाबी समाज के लोग मौजूद थे।

## निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 292 रोगी लाभान्वित

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** शारदा क्रोपकेम बंबई के आर्थिक सौजन्य से सामाजिक विकास हेरिटेज एण्ड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउण्डेशन की ओर से जिला अंधता निवारण समिति झुंझुन, डॉ. विमलेश आई केयर मेडिको सोसायटी व अलायन्स क्लब नवलगढ़ लार्ड कृष्णा द्वारा कस्बे की छावछरिया धर्मशाला में 218वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 292 रोगी लाभान्वित हुए, जिनमें से 50 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया, इनका ऑपरेशन जांगिड़ अस्पताल में डॉ. अविनाश पुरोहित की टीम करेंगी। मुख्य अतिथि वैश्य समाज सुधार समिति अध्यक्ष कैलाश सिंगोदिया ने शिविर में लाभार्थियों की संख्या देखकर प्रसन्नता जताई।



शिविर संयोजक डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने बताया कि शिविर में पिछले शिविर के 68 लोगों की जांच कर सफेद चश्मे दिए गए। शिविर में रोगियों को खाना, नाश्ता, दवा व चश्मे निशुल्क प्रदान किए जाते है। शिविर में डॉ. शंकरलाल सैनी, क्लब अध्यक्ष सुहित पाड़िया, मेजर डीपी शर्मा, सह प्रांतपाल पंकज शाह, मनोज रूनला, पूर्व प्रांतपाल मुरली मनोहर चोबदार, जनार्दन घोड़ेला, जगदीश प्रसाद जांगिड़ सहित जांगिड़ अस्पताल के स्टाफ ने सहयोग किया।

## परिवार सहित खुली छत नीचे रहने को मजबूर पुलिस अधिकारी

**पाटन/नीमकाथाना (मसं)।** ग्राम न्योराणा निवासी व राजस्थान पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत मनोज कुमार मीणा इन दिनों परिवार के साथ बेघर जैसे हालातों से गुजर रहे हैं। उनके लगभग 40-50 साल पुराने मकान की पट्टियां पास ही चल रही खदान में ब्लास्टिंग के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थीं। मजबूरी में उन्होंने मकान की पुरानी पट्टियां हटवाकर वहां आरसीसी की छत डलवाने का कार्य शुरू करवाया, लेकिन परिवार के ही एक सदस्य ने कोर्ट से स्थगन आदेश लाकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। एएसआई मनोज के अनुसार इस निर्णय से पूरा परिवार खुली छत के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। हमने तो केवल टूटे हुए हिस्से को सुरक्षित करने का प्रयास किया था। यह मकान उनके पिता द्वारा लगभग 40-50 वर्ष पूर्व पूरे परिवार की सहमति से बनाया गया था। भूमि खातेदारी श्रेणी की है और परिवार में अब तक विधिवत बंटवारा नहीं हुआ है। गांव में परंपरा अनुसार जो जहां काबिज है, वहीं उसकी भूमि मानी जाती रही है। इस विवाद में स्थगन आदेश लाने वाले कैलाश मीणा, जो एक सरकारी अध्यापक है, उन्होंने स्वयं ने भी उसी भूमि पर नया मकान बनाया है, परंतु तब परिवार ने कोई आपत्ति नहीं जताई। एक पुलिस अधिकारी को अपने ही घर में इस तरह की परिस्थितियों का सामना करना न्याय व्यवस्था और सामाजिक मूल्यों पर भी सवाल खड़े करता है।

# 35 निशुल्क शो में 11 हजार लोगों ने देखी फुले फिल्म

## मेघवंश जागृति संस्थान का जागरूकता महाअभियान संपन्न

महानगर संवाददाता




**नीमकाथाना।** मेघवंश जागृति संस्थान के सौजन्य से सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले व नारी शिक्षा की जनक माता सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्ष व आदर्शों पर आधारित ऐतिहासिक व प्रेरणादायक 'फुले' फिल्म शहर के लक्ष्मी टॉकीज सिनेमा घर में निशुल्क दिखाना शुरू किया, जिसका पांचवें सप्ताह के गुरुवार को 35वां अंतिम शो प्रदर्शित किया गया। इस दौरान 11 हजार से अधिक सर्व समाज के जागरूक महिला-पुरुषों व युवाओं ने इस फिल्म का निशुल्क आनंद लिया और इससे प्रेरित होकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस किया। मेघवंश संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रणजीत मेहरानियां ने बताया कि हजारों लोगों ने इस फिल्म से अपना इतिहास, फुले दंपती के जीवन संघर्ष व आदर्शों से प्रेरित होकर समाज को जागरूक करने का संकल्प भी लिया। डॉ. मेहरानिया ने फुले फिल्म के निर्माता अनुराग कश्यप, निर्देशक अनंत महादेवन, कलाकार प्रतीक गांधी, पत्रलेखा आदि को भी धन्यवाद प्रेषित किया।

मेघवंश संस्थान के इस महाअभियान में आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाह मामचंद रायपुरिया, नाहर सिंह ओसवाल, डॉ. कैलाश रामदयाल बुनकर, डॉ. सीआर रायपुरिया, प्रोफेसर बजरंग लाल प्रशांत, उदयभान कालावत, घनश्याम कंटेक्टर आदि का आभार व्यक्त किया गया। इसके आलवा फुले फिल्म प्रदर्शन मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष सुभाष चंद सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार बबेरवाल, सागर मल चौधरी, पूरणमल मीणा, उपाध्यक्ष भगवान सहाय बौद्ध, गजानंद सैनी, महासचिव राजेंद्र प्रसाद मेहरानिया, सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी, ललित यादव आदि का भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# ग्रीष्मकालीन शिविर में सिखाई यज्ञोपवीत निर्माण विधि



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा राजस्थान इकाई एवं वेद स्वाध्याय पीठ संस्थान जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में सप्तम निशुल्क ग्रीष्म कालीन शिविर का आयोजन किया गया। 27 दिवसीय शिविर में रामायण की महायात्रा, द्वादश पार्थिव शिवालिंग पूजन, यज्ञोपवीत निर्माण विधि, यज्ञ परिचय, नवकुंड सहित हवन विधि, त्रिकाल संध्या, तिलक वर्णन, संस्कृत प्रतियोगिता, मंडल निर्माण विधि, वास्तु, ज्योतिष, हस्तरेखा आदि का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर मे करीब 400 बच्चों ने हिस्सा लिया। गुरुवार को प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष एलडी शर्मा, उपाध्यक्ष प्रेम पाल शर्मा, संगठन मंत्री कस्तूर मिश्रा, महामंत्री सुनील शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष दिवाकर शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष एलडी शर्मा ने प्रशिक्षण देने वाले विद्वानों का अभिनन्दन करते हुए प्रशिक्षण लेने बालक-बालिकाओं को उज्जवल भविष्य की कामना की और आशीर्वाद दिया।

## धन-संपत्ति और सफलता के खुलेंगे नए द्वार, तीन राशियों की चमकेगी किस्मत

# ग्रह-गोचरः केतु-मंगल की युति से बना प्रभावशाली अंगारक योग



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केतु ने गत माह सिंह राशि में गोचर किया था। अब केतु 5 दिसंबर तक इसी राशि में स्थित रहेगा। मंगल ने भी पिछले दिनों सिंह राशि में प्रवेश कर लिया। केतु के साथ युति बनेगी। इस ग्रह संयोग से अंगारक योग का निर्माण हुआ है।

यह योग ज्योतिष में एक प्रभावशाली और ऊर्जावान योग माना जाता है। ज्योतिषाचार्य पं. सुरेन्द्र गौड़ ने बताया कि मंगल जहां ऊर्जा, साहस और क्रिया का प्रतीक है, वहीं केतु रहस्यमयता, तीव्र मानसिक शक्ति और आध्यात्मिकता का प्रतिनिधित्व करता है। जब ये दोनों ग्रह एक ही राशि में आते हैं, तो व्यक्ति में जोश और आत्मबल तो बढ़ता है, लेकिन इसके साथ ही गुस्सा, जल्दबाजी और भ्रम की स्थिति भी पैदा हो सकती है।

### इन राशियों पर बरसेगी मां लक्ष्मी की कृपा

इस अंगारक योग का असर सभी राशियों पर पड़ेगा, लेकिन विशेष रूप से तीन राशियां ऐसी हैं जिन पर इसका प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देगा। इन जातकों को इस अवधि में करियर, धन और आत्मिक विकास के क्षेत्र में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं, लेकिन उन्हें अपनी भावनाओं और निर्णयों पर नियंत्रण रखना भी जरूरी होगा। यह समय उनके लिए प्रगति के अवसर लेकर आएगा, बशर्ते वे संयम और समझदारी से काम लें।

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि के जातकों के लिए मंगल और केतु की युति सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकती है। इस समय आपकी इच्छाओं में वृद्धि हो सकती है और आप अपने जीवन में कुछ विशेष हासिल करने की ओर अग्रसर होंगे। केतु की उपस्थिति आपके भीतर एक गहरा आत्मचिंतन जगाएगी, जिससे आप जीवन के गहरे सवालों के उत्तर तलाशने की कोशिश करेंगे। अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप ध्यान या साधना जैसी मानसिक शांति देने वाली विधाओं की ओर आकर्षित हो सकते हैं। समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, जिससे आत्मविश्वास में इजाफा होगा। यह समय भौतिक सुख-सुविधाओं के लिहाज से भी अच्छा रहेगा, आप घर, वाहन या अन्य सुविधाओं की ओर आकर्षित हो सकते हैं। हालांकि अपने क्रोध और जल्दबाज फैसलों पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा।

**सिंह राशिः** सिंह राशि के जातकों के लिए केतु-मंगल की युति बेहद लाभकारी सिद्ध हो सकती है, क्योंकि यह संयोग उनकी ही राशि में बन रहा है। इस योग के प्रभाव से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिल सकती है और पढ़ाई या रिसर्च में रुचि रखने वालों को नई दिशा प्राप्त होगी। धार्मिक कार्यक्रमों और सामाजिक आयोजनों में भागीदारी का अवसर मिलेगा, जिससे समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। केतु के कारण आत्मचिंतन की प्रवृत्ति बढ़ेगी और आप स्वयं को बेहतर समझने की ओर अग्रसर होंगे। जो लोग सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें इस दौरान अच्छी खबर मिल सकती है। जीवन में स्थिरता और शांति की खोज आपको आध्यात्मिक राह की ओर ले जा सकती है। हालांकि, केतु का प्रभाव कभी-कभी भ्रम या भविष्य की चिंता भी ला सकता है, इसलिए मानसिक संतुलन बनाए रखना आवश्यक होगा।

**धनु राशिः** धनु राशि के जातकों के लिए अंगारक योग अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकता है। यह समय आपके जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के नए द्वार खोल सकता है। धार्मिक यात्राएं, साधना, ध्यान और प्राणायाम जैसे कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे मानसिक और आत्मिक संतुलन प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं और जो लोग ट्रांसफर या नई नौकरी की प्रतीक्षा में हैं, उनकी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। इस समय आपको परिवार और मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष से कोई सुखद समाचार प्राप्त हो सकता है, जिससे घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। कुल मिलाकर यह योग आपके लिए उन्नति, सुख और आत्मिक संतुलन का संगम साबित हो सकता है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को लेकर पतंजलि योगपीठ और पर्यावरण परिषद के बीच एमओयू

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** देशभर में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण अभियान को गति देने के उद्देश्य से गुरुवार को पतंजलि योगपीठ और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के मध्य एक संयुक्त अनुबंध हुआ।

यह अनुबंध पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में आचार्य बालकृष्ण महाराज की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम वन योजना को प्रभावी रूप से लागू करने तथा देश के कोने-कोने में पर्यावरण जागरूकता फैलाने की रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्विवेदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदयन कुलश्रेष्ठ, वृक्षारोपण केंद्रीय निदेशक रुद्र भारद्वाज, मीडिया निदेशक अनुराग कुलश्रेष्ठ, उत्तर प्रदेश निदेशक सुधीर शर्मा, रवि, दिव्यांशु एवं केंद्रीय सचिव मनीष कुमार वर्मा मौजूद रहे।

इस अनुबंध के तहत दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से देशभर में वृक्षारोपण कार्यक्रमों का संचालन करेंगी, जिसमें विशेष रूप से माताओं को समर्पित पौधरोपण अभियान को सामाजिक और भावनात्मक जुड़ाव से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। यह पहल आने वाले समय में लाखों लोगों को जोड़कर भारत को हरित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

# हिंदू पंचांग का चौथा महीना आषाढ़ माह शुरू

## गुरु पूर्णिमा, देवशयनी एकादशी सहित कई पर्व रहेंगे खास

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** हिंदू पंचाग का चौथा महीना आषाढ़ गुरुवार से शुरू हो गया। यह 21 जुलाई तक चलेगा। इस महीने में भगवान विष्णु, गुरुदेव और सूर्यदेव की विशेष पूजा-अर्चना का विधान है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस महीने में पूर्णिमा तिथि के दिन चंद्रमा पूर्वाषाढ़ा और उत्तराषाढ़ा नक्षत्र दोनों नक्षत्रों के बीच रहता है। जिसकी वजह से इस महीने को आषाढ़ कहा जाता है। यह महीना देवादिदेव महादेव और जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित है। इसे संधिकाल का भी महीना कहते हैं। आषाढ़ महीने से ही वर्षा ऋतु शुरू होती है। धर्म की भाषा में इस महीने को कामनापूर्ति का महीना भी कहते हैं। डॉ. मिश्रा ने बताया कि आषाढ़ महीने में गुरु पूर्णिमा का पर्व आएगा। इस दिन अपने गुरु की पूजा करने का विधान है। इसके साथ-साथ मां दुर्गा की भी आराधना की जाएगी। अगर किसी जातक को संतान की कामना है तो वह पूरे महीने श्री हरि की पूजा करें। उसे संतान सुख का वरदान भी मिल सकता है। इस महीने मंगल और सूर्य को मजबूत करने के लिए भी पूजा की जाती है।

### जाने महीने के व्रत और त्योहार

इसी माह वर्षा ऋतु प्रारंभ हो जाएगी। पुरी में जगन्नाथ भगवान की रथयात्रा निकलेगी। गुरु की आराधना और चातुर्मास के लिए पूरा मास खास रहेगा। इसी माह भगवान विष्णु चार माह की योग निद्रा में जाएंगे। 16 जून -नागपंचमी बंगाल, 18 जून-कालाष्टमी, 21 जून-योगिनी एकादशी, योग दिवस, 22 जून-गोविंददेवजी मंदिर में एकादशी, 23 जून-सोम प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि, 25 जून-आषाढ़ी अमावस्या, 26 जून गुप्त नवरात्रि, 27 जून-जगन्नाथ रथयात्रा, 28 जून-विनायक चतुर्थी, 30 जून-द्वारकाधीश पाटोत्सव कांकरोली, 1 जुलाई-कुसंभा षष्ठी, 3 जुलाई-दुर्गाष्टमी, अष्टाह्निका महापर्व, 4 जुलाई-भड़ल्या नवमी, 5 जुलाई-आशदश्मी पूजा, 6 जुलाई-देवशयनी एकादशी और चातुर्मास प्रारंभ, 7 जुलाई-गुप्त नवरात्र समापन, 8 जुलाई-प्रदोष व्रत, 10 जुलाई-आषाढ़ी पूर्णिमा।

**दान करना होता है शुभः** इस महीने की पूर्णिमा काफी महत्व रखती है क्योंकि गुरु पूर्णिमा भी मनाई जाती है। अगर कोई जातक इस महीने छाता, नमक, गुड़, चावल, तिल और गुड़ का दान करे तो उसके भाग्य की वृद्धि होगी और सारे कष्ट कटेंगे। आषाढ़ के महीने जल का अधिक से अधिक प्रयोग करें। फलों का सेवन भी ज्यादा करें। वहीं, तेल के प्रयोग से बचना चाहिए। आषाढ़ महीने में काफी बरसात होती है इसलिए कोई भी चीज लाने से पहले अच्छी तरह से धो लें। सूर्य पुराण के मुताबिक आषाढ़ महीने के स्वामी सूर्य ही हैं। अग्नि पुराण के मुताबिक इस महीने रवि नाम से भगवान सूर्य को जल अर्पित करना चाहिए। दान-पुण्य करने की विशेष परंपरा है। इस महीने में छाते का दान खासतौर पर करना चाहिए। जरूरतमंद लोगों को धन और अनाज का दान जरूर करें। दस महाविद्याओं की साधना के लिए खास गुप्त नवरात्रि में आत्मबल भी बढ़ाएंगे।

# जयपुर कॉट्योर शो 11 से 13 जुलाई को



## एक मंच पर दिखेगी राजस्थान की संस्कृति और आधुनिक फैशन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मॉडल्स ने रैंप से पहले रैंप की बानगी पेश की तो हर कोई आने वाले उत्सवी रंग में रंगा नजर आया। फैशन की झलक भी देखने को मिली और लॉन्चिंग पार्टी में फैशन वर्ल्ड के दिग्गजों ने एंजॉय भी किया। नजारा था 11 से 13 जुलाई को जयपुर के अलंकारा रिसोर्ट एंड होटल्स में होने वाले जयपुर कॉट्योर शो की लॉन्चिंग पार्टी का।

मुख्य अतिथि भारत 24 के सीईओ डॉ. जगदीश चंद्र ने आयोजकों को मोटिवेट किया।

शो फाउंडर-डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि राजस्थान का सबसे बड़ा फैशन शो है, जिसका आयोजन 11 से 13 जुलाई तक अलंकारा रिसॉर्ट में किया जाएगा। तीन दिनों तक सेलिब्रिटी डिजाइनर्स मॉडर्न कलेक्शन को शोकेस करेंगे। करीब 60 मेल और फीमेल मॉडल्स रैंप पर आउटफिट्स लेकर आएंगे। कर्टन रेजर पार्टी में शहर की नामचीन हस्तियों का जमावड़ा रहा। इस दौरान शगुन ग्रुप के डायरेक्टर जेडी माहेश्वरी, अलंकारा रिसॉर्ट डायरेक्टर मनोज मलानी और फैशन इंडस्ट्री से जुड़े दिग्गज मौजूद रहे।

वहीं मॉडल्स आकांक्षा भल्ला, अलफिरदोस, मिताली, तनु और शीना के साथ एलीट मिस राजस्थान से निशा चौहान, सौम्या आनंद और एंजेल सेन ने पार्टी में रंग जमाया। गौरव ने बताया कि जयपुर कॉट्योर शो राजस्थान की संस्कृति और आधुनिक फैशन को एक मंच पर लाने का प्रयास है। हमारा उद्देश्य राजस्थान की फैशन इंडस्ट्री को नई पहचान देना है।

# जयपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने किया श्रमदान



**जयपुर(मसं)।** जयपुर की जीवन रेखा रहे रामगढ़ को पुनर्जीवित करने के प्रयास में जयपुर के व्यापारी दृढ़ संकल्प लेते हुए गुरुवार को रामगढ़ में श्रमदान किया। जयपुर व्यापार महासंघ के नेतृत्व में अध्यक्ष सुभाष गोयल, व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बज, जयपुर के विभिन्न व्यापार मण्डलों के पदाधिकारी और सदस्य जल संरक्षण व रामगढ़ बांध बचाओ अभियान के लिए श्रमदान किया। अध्यक्ष सुभाष गोयल ने कहा कि श्रमदान जैसे सामूहिक प्रयासों से न केवल जल संसाधनों का संरक्षण होता है, बल्कि समाज में जल के महत्व के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। इस दौरान विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारीं व सदस्य मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः अठारह दिवसीय सनातन योग महोत्सव का शुभारंभ

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से जीओ गीता परिवार राजस्थान की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के परिप्रेक्ष्य में 18 दिवसीय सनातन योग महोत्सव-2025 का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। मानसरोवर सेक्टर पांच स्थित सद्गुरु टेऊंराम पार्क में गायत्री परिवार की ओर से कराए गए हवन के साथ योग महोत्सव का श्रीगणेश हुआ। जीओ गीता परिवार जयपुर के अध्यक्ष आनंद पोद्दार, सर्वमंगलाए सनातन धर्म फाउंडेशन के संस्थापक एवं गीता प्रचारक योगाचार्य मनीष, महिला पतंजलि योग समिति की पुष्पलता आत्रेय, नए सपने नई उड़ान की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, योगाचार्य पूर्वी विजयवर्गीय ने दीप प्रज्वलन किया। योगी मनीष ने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम् से ही भारत विश्व गुरु बनेगा। यही इस वर्ष योग महोत्सव की थीम है। योगाचार्य पूर्वी विजयवर्गीय ने साधकों की ग्रीवा शक्ति विकासक, स्कंद चक्र, मुष्टिका बंध, गुल्फचक्र एवं ताड़ासन के लाभ बताते हुए योगाभ्यास एवं प्राणायाम करवाए। अध्यक्षता कर रहे पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के संस्थापक आनंद पोद्दार ने कहा कि वर्तमान में विद्यार्थी एवं युवाओं की अव्यवस्थित जीवन शैली के साथ कंपटीशन से उत्पन्न हुए तनाव की वर्तमान दौर में गीता का अध्ययन और योग का अभ्यास नितांत आवश्यक है।

**इनके सहयोग से होगा योग का प्रचारः** गायत्री परिवार राजस्थान के ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल, क्रीड़ा भारती के मेघ सिंह चौहान, योगाचार्य सत्यपाल, पतंजलि के महेंद्र यादव, कुलभूषण बैराठी, योगा पीस के संस्थापक योग गुरु ढाकाराम, महंत स्वामी बसंतानंद, गीता प्रचारक आचार्य गोपाल शरण महाराज, महिला पतंजलि योग समिति की पुष्पलता आत्रेय, ब्रह्मा कुमारीज की बीके सुषमा एवं बीके चंद्रकला, राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद की योगाचार्य सुधा रमन, योग साधना केन्द्र बापूनगर की योगाचार्य पुष्प लता गर्ग, शिव शक्ति योग केन्द्र के संस्थापक योगाचार्य रूपनारायण, अंतराष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष चारू गुप्ता, समर्पण संस्थान के डॉ. दौलत माल्या, सिविल लाइन योग क्लब की योग प्रशिक्षिका कांता गुप्ता, राजस्थान पर्यावरण मोर्चा के अध्यक्ष पुष्पेंद्र भूटानी, योगाचार्य ज्योति शर्मा आदि अनेक धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान अठारह दिवसीय योग महोत्सव में प्रमुख सहयोगी हैं।

# वैष्णोदेवी देवी मंदिर का 8 दिवसीय स्थापना दिवस समारोह कल से



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वैष्णो देवी सेवा समिति की ओर से राजापार्क के पंचवटी सर्किल स्थित माता वैष्णोदेवी देवी मंदिर का आठ दिवसीय स्थापना दिवस समारोह 14 जून से मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरशोर से चल रही है। पहले दिन 14 जून को सुबह नौ बजे से निशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। ओ.पी. शास्त्री को इसका संयोजक बनाया गया है। वैष्णो देवी सेवा समिति के अध्यक्ष राज भाटिया ने बताया कि 15 जून को सुबह आठ बजे से चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। 16 जून को शाम सात बजे माता की भेंटे गाई जाएंगी।

भजन संध्या सहित सुंदरकांड सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। 20 जून को होने वाले मुख्य कार्यक्रम में भगवती जागरण होगा। मुंबई के कलाकार सुमित सैनी प्रस्तुति देंगे। विशेष आकर्षण माता जी और बालाजी के समक्ष 18 ज्योतियां प्रज्वलित की जाएंगी। माता को राजस्थानी लहंगे ओढ़नी की पोशाक धारण कराई जाएगी। 21 जून को भंडारा होगा।

गौरतलब है कि बीते 15 साल से माता की पोशाक का जिम्मा भक्तों के सहारे हैं। वैष्णोदेवी सेवा समिति की ओर से एक भी पोशाक अब तक अर्पित नहीं की गई। साड़ियां आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों को शादी के अलावा अन्य भक्तों को प्रसाद के रूप में जाती है। अब तक 30 हजार से अधिक साड़ियां भक्तों को भेंट की जा चुकी है। मूर्ति की खासियत है कि दक्षिण मुखी आदमकद माता की मूर्ति कटरा स्थित वैष्णोदेवी की तरह हुबहू है।

**योग सत्र**

## सीकर रोड स्मृति वन पार्क में विशेष योग सत्र आयोजित

# गायत्री यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर किया योगाभ्यास

महानगर संवाददाता





**जयपुर।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर, पतंजलि किसान सेवा समिति, गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा सहित अन्य संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के काउंट डाउन के तहत गुरुवार को सीकर रोड स्थित स्मृति वन पार्क में विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। योग सत्र की खास बात यह रही कि योग और अग्निहोत्र साथ-साथ चल रहे थे। पर्यावरण शुद्धि के लिए हुए यज्ञ (अग्निहोत्र में) राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदनसिंह राठौड़, जयपुर नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, जयपुर शहर भाजपा अध्यक्ष अमित गोयल, योगगुरु कुलभूषण बैराठी, जयपुर नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महिला एवं बाल विकास समिति की चैयरपर्सन डॉ. मीनाक्षी शर्मा एवं अन्य विशिष्ट जनों ने सूर्य गायत्री मंत्र से आहुतियां प्रदान की। गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के मनु महाराज के सान्निध्य में तथा गोपाल पारीक, उमाशंकर खंडेलवाल के आचार्यत्व में योग करने वाले साधकों ने बारी-बारी यज्ञ किया। हवन सामग्री और गाय के घी की महक से स्मृति वन सुवासित हो उठा। सभी लोगों को सूर्योदय और सूर्यास्त के समय अग्निहोत्र करने का आह्वान किया गया। पर्यावरण की शुद्धि के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से विशिष्ट हवन सामग्री से सीकर रोड क्षेत्र में होने वाले योग सत्र में यज्ञ भी किया जा रहा है।

### ये भी रहे उपस्थित

पतंजलि के सुभाष यादव, डॉ. बजरंग सिंह शेखावत, विक्रम सिंह कांवट, पूर्व जेल अधीक्षक शंकर सिंह खंगारोत, भगवान राम प्रजापत, चेतन सिंह तंवर, मुकेश कुमावत, भारत विकास परिषद के राजेश अग्रवाल, सुभाष आर्य, रमेश चंद्र शर्मा, श्यामसुंदर मूंदड़ा, कर्नल जगदीश चंद्र, सुबेदार शीशराम, सत्यवीर सिंह रोढ़ा, लाखन सिंह चाहर, रवि मूंदड़ा, विनोद शर्मा, गोवर्धन सैनी, प्रवीण कुमावत, मोहन चौधरी, तरुण कुमावत, परमानंद वर्मा एवं अन्य ने अपने अथक परिश्रम से कार्यक्रम को सफल बनाया। स्मृति वन योग कक्षा के अशोक सहरिया को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### योगाभ्यास के बाद किया पौधरोपण

पतंजलि किसान सेवा समिति सह प्रभारी शिवानन्द त्रिपाठी ने बताया कि क्रीड़ा भारती के सतपाल, पतंजलि योग समिति के संरक्षक महेंद्र सिंह यादव ने योगाभ्यास करने के बाद पौधारोपण किया।

### प्रकाशदास महाराज ने जगाया जज्बा

इससे पूर्व प्रीति शर्मा के मार्गदर्शन में लोगों को योग का अभ्यास कराया गया। डीआरएमएफ की टीम और विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र के अनेक पार्षदों ने योग किया। गौऋषि प्रकाश दास महाराज ने राष्ट्र भक्ति के गीतों ने लोगों में जोश भर दिया। उत्थान सेवा संस्थान की ओर से संचालित अपनी बाल संस्कार पाठशाला के बालक-बालिकाओं ने भी योगाभ्यास किया। मंच का संचालन पतंजलि किसान सेवा समिति के प्रभारी कैप्टन शीशराम चौधरी और रमेश गोयल ने किया।

# ईशानवी बत्रा को सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98 फीसदी अंक

महानगर सवांददाता



**जयपुर।** जयपुर की होनहार छात्रा ईशानवी बत्रा ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98 फीसदी अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे शहर का नाम रोशन किया है। ईशानवी ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और माता-पिता के मार्गदर्शन को दिया है।

# अमृतकाल में गरीबीमुक्त भारत!

## अब आर्थिक असमानता दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए

**जापान** को पछाड़ कर दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनने के बाद विश्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट गरीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की विराट उपलब्धि के बारे में बताती है, जिसके मुताबिक, पिछले करीब एक दशक में भारत लगभग 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में सफल हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 2011-12 में 27.1 फीसदी या 34.4 करोड़ थी, जो 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत या 7.5 करोड़ रह गई। यानी ग्यारह साल में लगभग 27 करोड़ लोगों ने अत्यधिक गरीबी से निकलने में सफलता पाई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में घोर गरीबी 18.4 फीसदी से घटकर 2.8 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्रों में यह 10.7 फीसदी से घटकर 1.1 प्रतिशत रह गई। उभरते भारत के लिए यह बड़ी उपलब्धि इसलिए भी है, क्योंकि विश्व बैंक ने अत्यधिक गरीबी का मानक भी बदल दिया है। उसने अत्यधिक गरीबी की सीमा संशोधित करके तीन डॉलर (लगभग 257 रुपए) प्रतिदिन किया है। जबकि पहले यह सीमा 2.15 डॉलर थी। बैंक के मुताबिक, मुफ्त और रियायती भोजन योजना से भारत में गरीबी घटी और शहरी व ग्रामीण गरीबी में व्याप्त फर्क भी कम हुआ। एक दशक के दौरान रोजगार में भी वृद्धि हुई तथा ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस दौरान भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी सफलता मिली है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में कमी दर्शाता है। वर्ष 2005-06 में देश में बहुआयामी गरीबी 53.8 फीसदी थी, जो 2019-21 में घटकर 16.4 फीसदी और 2022-23 में 15.5 फीसदी रह गई। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, 2011-12 में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में देश के 65 प्रतिशत अत्यंत गरीब लोग थे। पर अब अत्यधिक गरीबी में आई कमी के पीछे इन्हीं पांच राज्यों का दो तिहाई योगदान है, जो मन को सुकून देने वाला है। हालांकि इस रिपोर्ट से इतर भी हाल की कई रिपोर्टों में अत्यधिक गरीबी घटने की बात रेखांकित की गई थी। इसका कारण आर्थिक विकास दर का निरंतर मजबूत बना रहना और सरकारी नीतियां हैं। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार रोजगार में वृद्धि हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल समावेश और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभों की पारदर्शिता और तेज वितरण सुनिश्चित किया है। इससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी पर पार पाने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन किया है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। पूरे भारत में अत्यधिक गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें प्रमुख राज्यों ने गरीबी में कमी लाने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी के अमृतकाल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिए जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किए हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिए भी व्यापक योजनाएं बनाई गई हैं। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए हैं एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। गरीबी-अमीरी के बीच के बढ़ते फासले को कम करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। अब तक यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा बनी रही है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए थी। एक बड़ा प्रश्न था कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी... जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी... जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा! गांधी और विनोबा ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए 'सर्वोदय' की बात की। लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया था। 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गए। अब तक जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते थे, वे सत्ता प्राप्त कर सकते थे। लेकिन अब मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए सार्थक प्रयत्न कर रही है। मोदी सरकार की तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने गरीब वर्ग को लाभान्वित किया है।



**ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए हैं एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है।**

# भारत में अवैध घुसपैठ से बढ़ा खतरा

## पश्चिम बंगाल बन गया घुसपैठियों का प्रवेश द्वार

**अभय कुमार**

**देश** के लिए खतरा सिर्फ सरहद पर ही नहीं है, बल्कि उससे भी बड़ा खतरा देश के अंदर हमारे आसपास पल रहा है। यह एक ऐसा टाइम बम है, जो किसी समय धमाके में बदलकर हमारे देश और समाज को बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। यह समस्या देश में बड़े पैमाने पर अवैध घुसपैठियों के कारण है। देश की सीमा पर दुश्मनों से लड़ने के लिए हमारी सेना पूरी तरह सक्षम है, मगर देश के अंदर पल रहे इन अवैध घुसपैठियों को इंगित करके बाहर निकालना कई तरह से काफी दुष्कर और ज्यादा सूक्ष्म है। 2014 से पूर्व जहां इस समस्या को सरकार जानबूझकर नजरअंदाज कर देती थी, वहीं अब इनके खिलाफ माकूल कार्रवाई की जा रही है, जो काफी संतोषप्रद है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के कई विकसित देश, जैसे अमेरिका और यूरोप के कई देश, इस तरह की अवैध घुसपैठ से काफी परेशान हैं। भारत के कई राज्यों में अवैध घुसपैठियों पर जोरदार कार्रवाई की जा रही है। पूरे देश के कई हिस्सों से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार किए जा रहे हैं। मगर इस समस्या के समाधान के लिए कई स्तरों पर समुचित कार्रवाई की जरूरत है। इसमें राज्यों की सरकारों और केंद्र सरकार को कदम से कदम मिलाकर कार्रवाई करनी पड़ेगी। वर्तमान में जिन राज्यों में भाजपा, एनडीए या इस मुद्दे की समर्थक सरकारें हैं, वहां समाधान तेजी से हो रहा है। मगर पश्चिम बंगाल सहित कई प्रदेश हैं जहाँ इसका समाधान में व्यवधान हो रहा है। दरअसल हाल के दिनों में कुछ सनसनीखेज खुलासे भी हुए हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिए पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता तक बन रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी भी तृणमूल कांग्रेस पर ऐसे ही आरोप लगाती रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी कह चुके हैं कि ज्यादातर घुसपैठियों के आधार कार्ड पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले में बनाए जाते हैं। उसके पश्चात् वे पूरे भारत में फैल जाते हैं। ऐसे में एक गंभीर सवाल अब घुसपैठियों के मकड़जाल से देश को बचाने का है। हाल ही में जब घुसपैठियों को राहत देने का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, तो कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। हमारे पास पहले से ही 140 करोड़ की विशाल जनसंख्या है। लेकिन पिछले दशकों में जिस तरह से घुसपैठियों ने देश में जनसंख्या का असंतुलन बढ़ा दिया है, उससे तो यही लगता है कि देश को अगर बचाना है तो घुसपैठियों को निश्चित समय काल में भगाना ही होगा। लेकिन विडंबना है कि घुसपैठ पर जब भी कार्रवाई होती है, तो कुछ नेता, वकील और तथाकथित बुद्धिजीवी ढाल की तरह खड़े हो जाते हैं। इसका कारण वोट बैंक है।

### दिल्ली में ताबड़तोड़ एक्शन जारी

दिल्ली में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों पर दिल्ली पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। दिल्ली में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई अरविन्द केजरीवाल की सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद ज्यादा तेजी से हो रही है। ये बांग्लादेशी गैरकानूनी तरीके से वजीरपुर और नई सब्जी मंडी इलाके में अपना कार्यक्रम चला रहे थे। पकड़े गए घुसपैठियों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। दिल्ली पुलिस ने गोपनीय जानकारी मिलने के बाद यह कार्रवाई की है। दिल्ली पुलिस ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि ये लोग किसी भी प्रकार का पहचान पत्र और मोबाइल फोन नहीं रखते हैं। दिल्ली पुलिस ने इन घुसपैठियों को पकड़ने के लिए बड़े ही योजनाबद्ध तरीके से काम किया। बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ने से पहले इनके बारे में पूरी जानकारी जुटा ली गई। पुलिस की टीमों को इन इलाकों में तैनात कर दिया गया। गहन और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने डोर टू डोर तलाशी और पूछताछ अभियान चलाया, जिसके बाद अवैध रूप से रह रहे इन बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक यह अभियान उत्तर-पश्चिमी जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए चलाया गया था। पिछले दिनों दिल्ली की जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी यानी जेएनयू ने एक रिपोर्ट भी जारी की थी, जिसमें कई चौंकाने वाले खुलासे किए गए थे। इस रिपोर्ट में बताया गया कि राजधानी दिल्ली में भी बड़ी संख्या में अवैध अप्रवासी रह रहे हैं, जिनमें मुस्लिम बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की आबादी सबसे ज्यादा है। इस रिपोर्ट में कहा गया कि घुसपैठ की वजह से दिल्ली में हिंदू-मुस्लिम आबादी के बीच जनसंख्या का असंतुलन भी हो रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली में बड़ी तादाद में अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान बस गए हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि दिल्ली में रहने वाले अवैध घुसपैठियों में से करीब 96फीसदी मुस्लिम समुदाय के हैं। यह घुसपैठिए ज्यादातर सीलमपुर, जामिया नगर, जाकिर नगर, सुल्तानपुरी, मुस्तफाबाद, जाफराबाद, द्वारका, गोविंदपुरी जैसे अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में बस जाते हैं, जहां वे संसाधनों पर दबाव डालते हैं और सामाजिक व धार्मिक समुदायों को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। इन घुसपैठियों को बसाने में दलालों के अलावा मुल्ला-मौलवियों की भी बड़ी भूमिका है। दलालों और मुल्ला-मौलवियों की साठगांठ इनके लिए रहने और नौकरी तक की व्यवस्था करती है। इसी साठगांठ की मदद से इनके फर्जी दस्तावेज भी तैयार कर दिए जाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इससे देश की कानून व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया पर भी असर पड़ रहा है।

### तेजी से बढ़ी झुग्गी बस्तियों की संख्या

इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि घुसपैठियों की वजह से दिल्ली में अवैध कॉलोनियों और झुग्गी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिसका सीधा असर दिल्ली के बुनियादी ढांचे पर भी पड़ रहा है और वह चरमरा रहा है। अवैध घुसपैठियों के दिल्ली में बसने से शहर की स्वच्छता और जल आपूर्ति पर भी बड़ा असर पड़ा है। इसके अलावा इन घुसपैठियों की वजह से दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। घुसपैठियों की भीड़ बढ़ने की वजह से अस्पताल और क्लीनिक दिल्ली में रह रहे वैध भारतीय निवासियों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं, जिनकी जरूरतें पहले पूरी होनी चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, जिन इलाकों में अवैध बांग्लादेशी रह रहे हैं, वहां एजुकेशन सिस्टम पर भी भारी दबाव है। इस समस्या ने गरीब इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता पर भी गलत असर डाला है। इस रिपोर्ट के मुताबिक कम सैलरी वाली नौकरियों में दिल्ली में रहने वाले वैध स्थानीय मजदूरों और घुसपैठियों के बीच प्रतिस्पर्धा भी बढ़ गई है, जिससे दिल्ली के वैध निवासियों में भारी नाराजगी है क्योंकि उनको काम नहीं मिल रहा है। दरअसल, ये घुसपैठिए कम वेतन और सुविधा पर भी काम करने को तैयार हो जाते हैं, जिससे कानूनी रूप से दिल्ली में काम करने वालों के लिए अवसर सिकुड़ता जा रहा है। इससे लोगों की आमदनी में भी कमी आ गई है, जो कि यह भी एक बड़ी समस्या है। देश के अन्य हिस्सों में घुसपैठ होती कैसे है इसके लिए सबसे पहले घुसपैठ के रास्ते को समझना होगा। बांग्लादेश से सबसे ज्यादा घुसपैठ पश्चिम बंगाल के रास्ते से ही होती है। पश्चिम बंगाल से बांग्लादेश की 4096.7 किमी लंबी सीमा लगती है। इस सीमा पर जंगल, नदी, नाले हैं और इसी का फायदा उठाकर बांग्लादेशी पश्चिम बंगाल में पहले दाखिल हो जाते हैं। इसके बाद बस और ट्रेन के जरिए दिल्ली और अलग-अलग राज्यों तक पहुंच जाते हैं। लेकिन यह बांग्लादेशी घुसपैठिए सब कुछ खुद से नहीं करते। इनके लिए सीमा के दोनों तरफ ऐसे गिरोह हैं जो इन्हें सीमा पार करवा देते हैं। सबसे पहले बॉर्डर क्रॉस कराने वाला गिरोह होता है जो 15000 से लेकर 20000 तक में अवैध घुसपैठिए को भारत की सीमा पार करवा देता है। और फिर इसके बाद अवैध घुसपैठिया उस शहर की तरफ रुख कर लेता है जहां उसकी जान-पहचान के घुसपैठिए पहले से ही रह रहे होते हैं। जब यह उनके पास उस शहर में पहुंच जाता है, उसके बाद फिर पैसे खर्च करके फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पासपोर्ट बन जाते हैं। एक बार जब कागज बन जाते हैं तो अवैध घुसपैठिए नौकरी या फिर अपना कोई काम-धंधा शुरू कर देते हैं। देश के कई हिस्सों में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ती जा रही है तो वहीं हिंदुओं की आबादी लगातार कम होती जा रही है।

**कम हुई हिंदू आबादी**

अगर हम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के जनसंख्या संतुलन को समझने की कोशिश करते हैं तो आजादी के बाद जब पहली जनगणना 1951 में हुई तब दिल्ली में मुस्लिम आबादी 5.7 फीसद थी जो साल 2011 तक बढ़कर 12.9फीसद हो गई यानी 60 सालों में दिल्ली में मुस्लिम आबादी में दो गुने से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इस समय काल में दिल्ली में मुस्लिम आबादी 7.2फीसद बढ़ गई जबकि इसी बीच राष्ट्रीय स्तर पर मुस्लिम आबादी 4.4फीसद ही बढ़ी है। वहीं दिल्ली की हिंदू आबादी 1951 में 84.2 फीसद थी जो 2011 में घटकर 81.7 फीसद रह गई। इस समय दिल्ली में हिंदू आबादी में 2.5 फीसद की गिरावट देखी गई है। 2021 में जनगणना नहीं हुई है और जब यह नई जनगणना होगी तो यह जो हिंदू और मुस्लिम आबादी का अनुपात है या अंतर और भी मुस्लिमों के पक्ष में बढ़ सकता है। अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए दीमक की तरह देश के लगभग हर शहर में छुपे बैठे हैं। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भी बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के चलते जनसंख्या असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई है। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई में मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ रही है और वहां भी हिंदू आबादी कम हो रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार मुंबई में हिंदू आबादी 1961 में 88 फीसद थी जो साल 2011 में घटकर सिर्फ 66 फीसद रह गई है। इसी रिपोर्ट के मुताबिक 1961 में मुंबई में मुस्लिम आबादी सिर्फ 8फीसद थी जो साल 2011 तक बढ़कर 22 फीसद हो गई है यानी 50 सालों में मुंबई में हिंदुओं की संख्या 22फीसद कम हो गई वहीं इन्हीं सालों में मुस्लिम आबादी 14 फीसद बढ़ गई है। इस समय काल में मुसलमानों की जनसंख्या मुंबई में ढाई गुना बढ़ गई है। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस की रिपोर्ट के अनुसार अगर जनसंख्या में इसी तरह से बढ़ोतरी होती रही तो मुंबई में अगले 40 सालों में हिंदू जनसंख्या सिर्फ 54 फीसद रह जाएगी तो वहीं दूसरी तरफ मुस्लिम आबादी 30 फीसद से भी ज्यादा बढ़ सकती है।

### वोट बैंक में इस्तेमाल कर रहे राजनीतिक दल

इसी रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि मुंबई में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है। राजनीतिक दल वोट बैंक की राजनीति के लिए इन्हीं घुसपैठियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। अवैध घुसपैठियों



के कारण मुंबई की झुग्गियों में अत्यधिक भीड़ बढ़ा दी है जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, जल आपूर्ति, बिजली जैसी सार्वजनिक सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। अवैध घुसपैठियों के कारण संसाधनों पर बोझ बढ़ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी कह चुके हैं कि पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले में ही ज्यादातर घुसपैठियों के आधार कार्ड बना दिए जाते हैं। उसके बाद यहां से निकलकर ये पूरे देश में फैल जाते हैं। इस मामले में सबसे सनसनीखेज मामला हैरान करने वाला है। एक अवैध घुसपैठिए ने खुद खुलासा किया कि वह बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के खिलाफ आंदोलन हुआ था, उसमें वह आंदोलन में विद्यार्थी के तौर पर शामिल था। उसके बाद वह अवैध घुसपैठ करके भारत के पश्चिम बंगाल राज्य पहुंच गया और यहां सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता बन गया। इससे यह स्पष्ट है कि अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए भारत में वोट बैंक से भी जुड़ते हैं और इसी से समझा जा सकता है कि क्यों कुछ पार्टियां और उनके नेता इन घुसपैठियों के लिए पलक बिछाते रहते हैं। इनके सभी तरह के पहचान पत्र बनवाते हैं, इनको सभी सरकारी सुविधाएं देते हैं। पश्चिम बंगाल में 1977 से लेकर 2011 तक कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार थी। इन तीन दशकों में बांग्लादेशी मुसलमानों को घर जमाई की तरह पश्चिम बंगाल में बसा दिया गया। लेकिन 2011 में ममता बनर्जी के सत्ता में आने के बाद हालात और भी बदतर हो गए। आश्चर्यजनक तथ्य है कि यह वही ममता बनर्जी हैं जो उस समय घुसपैठ का मुद्दा उठाती थीं मगर जब सत्ता में आईं तो उल्टा उसका पोषक बन गई हैं। क्योंकि बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठिए ममता बनर्जी का वोट बैंक बन चुके हैं। अवैध घुसपैठ ने पश्चिम बंगाल में जनसंख्या में असंतुलन पैदा कर दिया है। साल 1951 में पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की आबादी 19.8 फीसद हुआ करती थी लेकिन 2011 के आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में पश्चिम बंगाल में 2011 में मुसलमानों की आबादी 27 फीसद है। अगली जनगणना होगी तब यह आंकड़ा और भी विकराल हो जाएगा। 1951 में पश्चिम बंगाल में करीब 51 लाख मुसलमान थे तो वहीं 2011 में मुसलमानों की आबादी करीब 2 करोड़ 47 लाख है। यानी मुस्लिम आबादी में करीब-करीब पांच गुने की बढ़ोतरी हुई है। जहां पूरे देश से मुसलमान आबादी 4.4 फीसद के आसपास बढ़ी है लेकिन पश्चिम बंगाल में यह बढ़ोतरी 7.2 फीसद है। वहीं पश्चिम बंगाल में 1951 में जहां 78.7फीसद हिंदू हुआ करते थे वहीं 2011 में यह हिस्सेदारी घटकर 70.5 फीसद तक पहुंच चुकी थी। यानी हिंदुओं की आबादी में 8.2 फीसद की गिरावट पश्चिम बंगाल में आ चुकी है।

### वनवासी क्षेत्र में भी घुसपैठ

वनवासी राज्य झारखंड में घुसपैठ की बड़ी समस्या सामने आ रही है। आंकड़े चीख-चीख कर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि झारखंड के सबसे महत्वपूर्ण आदिवासी इलाके संथाल परगना में घुसपैठ की वजह से मुस्लिम आबादी कितनी तेजी से बढ़ रही है। वहीं वनवासी आबादी की जनसंख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। आंकड़ों के आईने में संथाल परगना में 1951 में वनवासी आबादी 44.7फीसद हुआ करती थी। इस इलाके में मुस्लिम आबादी उस समय 9.4 फीसद थी। सिर्फ 1951 से लेकर 2011 के 60 सालों में वनवासी आबादी 44.7 फीसद घटकर 28.1 फीसद रह गई। यानी इसमें 16.6 फीसद की गिरावट आई, वहीं इसी समय काल में मुस्लिम आबादी 9.4 फीसद से बढ़कर अब 22.7 फीसद पहुंच गई है यानी इसमें पूरे 13.3फीसद का इजाफा हुआ है। आगामी जनगणना में जनसंख्या असंतुलन और भी विकराल हो सकता है। यह सोच की मुस्लिम आबादी तो पूरे देश में बढ़ी है, मगर संथाल परगना इलाके के मुस्लिम जनसंख्या में बढ़ोतरी राष्ट्रीय औसत से बहुत ज्यादा है। राष्ट्रीय स्तर पर 1951 से लेकर 2011 तक मुस्लिम आबादी करीब 4.4फीसद बढ़ी लेकिन संथाल परगना में इसी दौरान मुस्लिम आबादी में 13.3 फीसद की वृद्धि हुई जो आदिवासी समाज के लिए खतरे की बड़ी घंटी है। गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी का एक बड़ा वर्ग इस समस्या के प्रति उदासीन ही नहीं रहा है बल्कि इसमें अपना अवसर भी ढूंढ़ता रहा है वोटबैंक के तौर पर। शुरुआती दिनों इस बांग्लादेशी घुसपैठ की जड़ को समझने के लिए इसका इतिहास भी समझना होगा। 1947 में देश को आजादी मिलने के साथ-साथ उसका बंटवारा भी हुआ था। भारत के एक तरफ़ पश्चिमी पाकिस्तान था और दूसरी तरफ पूर्वी पाकिस्तान जिसे आज हम बांग्लादेश के नाम से जानते हैं। आजादी के तत्काल बाद से ही पूर्वी पाकिस्तान यानी वर्तमान बांग्लादेश से मुस्लिम घुसपैठिए असम में दाखिल होने लगे थे। इसे लेकर असम के तत्कालीन मुख्यमंत्री भारत रत्न गोपीनाथ बोरदोलोई ने तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल के सामने चिंता जताई थी। जिसके बाद सरदार पटेल असम की घुसपैठ समस्या को तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू के सामने बार-बार उठाते रहे। इस बीच 1950 तक आते-आते असम में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ने लगी। इसे देखकर सरदार पटेल बहुत चिंतित थे।

# राशिफल

**आज दिनांक 13 जून, 2025, शुक्रवार, विक्रम संवत् 2082, आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीया, पूर्वाआषाढा नक्षत्र, गरिजा करण, शुक्ल योग, राहुकाल: सुबह 10:46 से 12.26 बजे तक, सूर्योदय सुबह 5:44 बजे, सूर्यास्त सायं 7:09 बजे, चंद्रोदय रात 9.15 बजे, चंद्रास्त सुबह 8:02 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:00 बजे से 12:53 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:08 से 4:56 बजे तक, चंद्रमा धनु राशि में संचार करेगा।**




आज आपके लिए दिन की शुरुआत बेहतर होने वाली है आज आपको धन संबंधी कोई परेशानी नहीं रहेगी। बड़े कारोबार या प्रॉपर्टी में निवेश के लिए समय अनुकूल है। कारोबार में हड़बड़ी में निर्णय लेंगे तो हानि हो सकती है। आप अपनी वर्तमान नौकरी को लेकर असमंजस की स्थिति में रहेंगे छोड़ने का मन बना सकते हैं।




आप अपने प्रियजनों का भरपूर ख्याल रखने के कारण उनका स्नेह प्राप्त कर सकेंगे। लोगों को उनके विचार प्रकट करने से न रोकें। आज आपकी आर्थिक स्थिति को थोड़ा झटका सा लग सकता है। किसी स्कीम में पैसा लगाने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।




आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। आप अपनी शान शौकत की कुछ वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आज धन से जुड़े कार्य प्रभावित हो सकते हैं। प्रॉपर्टी के लिहाज से आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा, इंतजार करें। व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा में आपकी विजय होगी।




आज आपका आकर्षक स्वभाव दूसरों का ध्यान आपकी ओर खींचेगा। जाने-अनजाने में जिन लोगों का दिल आपकी वजह से दुखा हो उनसे आपको क्षमा मांग लेनी चाहिए। आप किसी गलतफहमी के शिकार हो सकते हैं, सावधान रहें।



आज आप उत्साह से भरपूर नजर आएंगे। जल्द ही अपना मकान बनवाने या खरीदने की तैयारी शुरू कर सकते हैं। सायंकाल का समय आज आप अपने माता-पिता की सेवा में व्यतीत करेंगे। आज का दिन आर्थिक रूप से बहुत अच्छा रहेगा। इस समय निवेश के अच्छे अवसर मिलने की संभावना है।




आज आपका दिन काफी अच्छा रहेगा। नए व्यक्ति के जीवन में आने से आपको खुद के प्रति सकारात्मकता महसूस होगी। कुछ चीजों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो उनके खोने की संभावना है। लंबे समय से बीमार लोग चमत्कारिक रूप से ठीक होने की उम्मीद कर सकते हैं। प्रॉपर्टी डीलर को पुरानी जमीन से काफी धनलाभ का योग बन रहा है।




आज भाग्य का साथ मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। अपने फुर्सत के समय में से थोड़ा वक्त चैरिटी वर्क के लिए निकाल सकते हैं, सुकून महसूस होगा। आज धन-संबंधी दिक्कतों का समाधान निकलेगा। स्टॉक मार्केट में पैसा लगाना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।




आज आपको किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति हो सकती है। अपने करीबी लोगों का खुद के प्रति प्यार देखकर आप भावुक हो सकते हैं। घर की सजावट में भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज धन की प्राप्ती के लिए दिन सामान्य है।




आज का दिन खास तौर पर महिलाओं के लिए बहुत ही शुभ है। यदि दूसरों के बीच कोई वाद-विवाद हो,तो आपको उसमे पड़ने से बचना चाहिए। किसी असहाय व्यक्ति के इलाज में मदद कर सकते हो। अपने रिश्ते को दिलचस्प रखना सुनिश्चित करें।




आज के दिन आपका मन आध्यात्म की ओर अधिक रहेगा। किसी की काबिलियत पर आपका विश्वास सही साबित होगा। अचानक ही किसी विपरीत लिंगी मित्र से मुलाकात मन को प्रफुल्लित करेगी। अपने आध्यात्मिक पक्ष पर काम करने का प्रयास करें।




आज कोई शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आप में से कुछ लोग बहुत जल्द बड़े घर में शिफ्ट होने वाले हैं। अपनी चतुराई व समझदारी द्वारा किसी भी परेशानी से उबर जाएंगे। अपनी महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करने का उचित समय है।




आज का दिन आपको कुछ परेशानियों से मुक्ति दिलाने वाला रहेगा। रोमांचक अवसर आपके रास्ते में आते हैं, लेकिन आपको मदद के लिए अपने आस-पास के लोगों की आवश्यकता होगी। आज किसी ओर की तरफ आकर्षित हो सकते हैं। आज किसी को उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

# सुकर्म का फल सूद सहित मिलता है

**प्रेरक प्रसंग**

**एक** बार द्रोपदी सुबह तड़के स्नान करने यमुना घाट पर गईं भोर का समय था। तभी उनका ध्यान सहज ही एक साधु की ओर गया जिसके शरीर पर मात्र एक लंगोटी थी। साधु स्नान के पश्चात् अपनी दूसरी लंगोटी लेने गया तो वो लंगोटी अचानक हवा के झोंके से उड़ पानी में चली गई ओर बह गई।

संयोगवश साधु ने जो लंगोटी पहनी वो भी फटी हुई थी। साधु सोच में पड़ गया कि अब वह अपनी लाज कैसे बचाए। थोड़ी देर में सूर्योदय हो जाएगा और घाट पर भीड़ बढ़ जाएगी।

साधु तेजी से पानी के बाहर आया और झाड़ी में छिप गया। द्रोपदी यह सारा दृश्य देख अपनी साड़ी जो पहन रखी थी, उसमें आधी फाड़ कर उस साधु के पास गईं ओर उसे आधी साड़ी देते हुए बोलीं-तात मैं आपकी परेशानी समझ गई। इस वस्त्र से अपनी लाज ढंक लीजिए।

साधु ने सकुचाते हुए साड़ी का टुकड़ा ले लिया और आशीष दिया। जिस तरह आज तुमने मेरी लाज बचाई उसी तरह एक दिन भगवान तुम्हारी लाज बचाएंगे। और जब भरी सभा में चीरहरण के समय द्रोपदी की करुण पुकार नारद ने भगवान तक पहुंचाई तो भगवान ने कहा- 'कर्मों के बदले मेरी कृपा बरसती है, क्या कोई पुण्य है द्रोपदी के खाते में?'

जांचा परखा गया तो उस दिन साधु को दिया वस्त्र दान हिसाब में मिला, जिसका ब्याज भी कई गुणा बढ़ गया था।

जिसको चुकता करने भगवान पहुंच गए द्रोपदी की मदद करने, दुस्सासन चीर खींचता गया और हजारों गज कपड़ा बढ़ता गया। इंसान यदि सुकर्म करे तो उसका फल सूद सहित मिलता है, और दुष्कर्म करे तो सूद सहित भोगना पड़ता है।

# सुडोकु 2138

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | 1 | | 8 | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| 4 | | | | 3 | | | | |
| | | 3 | 1 | | | | | 8 |
| | | | | | 9 | | 4 | |
| 7 | | | | | 6 | | 5 | |
| | | | | | | 7 | | |
| | | | 7 | 4 | 8 | 9 | | |
| | 5 | | | | | | 1 | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

**सुडोकु 2137 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 9 | 1 | 3 | 7 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 8 | 1 |
| 4 | 6 | 9 | 5 | 8 | 2 | 1 | 7 | 3 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 |
| 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 9 |

# जनजाति खेलकूद प्रशिक्षण शिविर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कृत



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा बांसवाड़ा में आयोजित 21 दिवसीय केन्द्रीय आवासीय जनजाति खेलकूद प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को सम्पन्न हुआ। 9 खेलों में आयोजित शिविर में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि व राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के वित्तीय सलाहकार महावीर मीणा ने सभी खेलों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

समारोह की अध्यक्षता मुख्य शिविर निदेशक, द्रोणाचार्य अवार्डी व मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि डीएसपी श्याम सिंह थे। समारोह में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें तीरंदाजी बालकों में मनोज निनामा, पिंकी मईडा, एथलेटिक्स में पवन कुमार डिंडोर व अंजली मईडा, फुटबॉल में आशिष डामोर व चंचल मीणा, हैंडबॉल में रमेश मकवाना व नंदनी, हॉकी में सुभाष व रेखा मनात, कबड्डी में जितेन्द्र व धन्वनती, खो-खो में सचिन कुमार डामोर व निशा गरासिया, वॉलीबॉल में कीर्तन कुमार व अर्चना को सम्मानित किया गया, जबकि बास्केटबॉल में केवल बालक वर्ग का ही शिविर आयोजित किया गया था, इसमें दीपक बामणिया को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिविर निदेशक व खेल प्रबन्धक नरेन्द्र भूरिया ने शिविर का लेखा-जोखा पेश किया। जबकि वीरेन्द्र पूनिया ने कहा कि 21 दिन तक जो मेहनत बच्चों ने की है, उसे आगे भी इसी तरह से जारी रखना।

# वंशु और पराक्रम की घातक गेंदबाजी से जीती दिशा-ए टीम

महानगर संवाददाता





**जयपुर।** गणपति ग्राउण्ड पर दिशा-ए और दिशा-बी के बीच खेले गए मैच में दिशा-बी ने पहले खेलते हुए 117 रन बनाए, जिसमें रियान चौधरी ने 18 रन और इक्सित अग्रवाल ने 16 रन बनाए, बाकि कोई भी बल्लेबाज दहाई का आकड़ा नहीं छू सका। दिशा-ए की ओर से गेंदबाजी में वंशु यादव को 3, पराक्रम ने 5 व निर्मल ने 2 विकेट लिए। वहीं यशवीर-बिरेन ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिशा-ए ने 118 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिशा-ए की ओर से ध्रुव ने 18 रन, यशबीर ने 15 रन, प्रत्युश ने 9 व निर्भय ने 8 नाबाद रन बनाए। दिशा-बी की ओर से अग्रवाल ने 4 विकेट व अरसान को 1 विकेट मिला। मैन ऑफ द मैच दिशा-ए के पराक्रम रहे।

# योग दिवस की तैयारियों को लेकर सौंपी जिम्मेदारी



महानगर संवाददाता

**सीकर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर महिला पतंजलि योग समिति की बैठक हुई। जिला प्रभारी पुष्पा भास्कर के नेतृत्व में हुई बैठक में नियमित योग कक्षा चलने वाली महिलाओं, कार्यकारिणी सदस्यों व तहसील प्रभारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान योग दिवस के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। आम जनता को प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाने पर जोर दिया गया। इस दौरान हरिद्वार से आए पहचान पत्र व जैकेट का वितरण किया गया। सीकर तहसील प्रभारी संतरा देवी ने सहयोग प्रशिक्षण प्रमाण पत्र की जानकारी दी। बैठक में पतंजलि योगपीठ की संरक्षिका डॉ. दुर्गा रणवा, जिला प्रभारी पुष्पा भाकर, संगठन मंत्री उषा भास्कर, सीकर तहसील प्रभारी संतरा, दातारामगढ़ तहसील प्रभारी संतरा लौरा, लक्ष्मणगढ़ तहसील प्रभारी दीपिका कुमावत, श्रीमाधोपुर तहसील प्रभारी दीपिका शर्मा, सीकर मीडिया प्रभारी शिवानी, संवाद प्रभारी पूजा चौधरी आदि मौजूद रही।

# परनामी ने कुंभनाथ महाराज की समाधि पर लगाई धोक



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़ मुकुंदगढ़।** कस्बे में स्थित कुंभनाथ ब्रह्म बगीची परिसर में गुरुवार दोपहर को पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी व भाजपा नेता राजेश बाबल ने पहुंचकर कुंभनाथ महाराज की समाधि स्थल पर धोक लगाई। इस दौरान अघोरी बाबा शैलेंद्र नाथ महाराज ने मां कामाख्या देवी की प्रतिमा व दुपट्टा ओढ़ाकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर परनामी ने कहा कि गौवंश के लिए तहसील स्तर पर गौशाला बनाकर सेवा करनी चाहिए।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, गौवंश व पुजारी अधिकारी रक्षा मंच संस्थापक भास्कर दुलर, राजकुमार सोनी, उमेद खयालिया, इंद्राज सिंह मील सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता ने किया अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन

# ‘ओलंपिक में सर्वाधिक पहलवान राजस्थान से भेजने का लक्ष्य’

महानगर संवाददाता



**जोधपुर।** राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता ने जोधपुर में आयोजित अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर कहा कि संघ का दीर्घकालिक लक्ष्य है कि 2036 ओलंपिक खेलों में भारत की ओर से सर्वाधिक पहलवान राजस्थान से हों। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दिशा में कार्य कर रहा है और उसी के अनुरूप राजस्थान कुश्ती संघ भी प्रदेश में कुश्ती को नई ऊंचाई देने के लिए समर्पित प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान जब कुछ दिव्यांग विद्यार्थी राजीव दत्ता का स्वागत करने मंच की ओर बढ़े तो दत्ता ने मानवता व संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए स्वयं मंच से नीचे उतर कर उनका स्वागत किया। इससे पहले दत्ता के जोधपुर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। सर्किट हाउस से वाहन रैली के रूप में वे कार्यक्रम स्थल महेश्वरी जन उपयोगी भवन पहुंचे, जहां उन्होंने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, जोधपुर दक्षिण नगर निगम के उपमहापौर किशन लड्ढा, कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष स्वरूप महेश्वरी व सचिव बाबूलाल दायमा, जोधपुर महेश्वरी समाज के कोषाध्यक्ष ओम, पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, राजस्थान कुश्ती संघ के प्रदेश सचिव उम्मेद सिंह, कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### राजस्थान में की जाएगी अत्याधुनिक कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना

कार्यक्रम में दत्ता ने कहा कि महिलाओं व ग्रामीण क्षेत्रों में कुश्ती के विकास के लिए विशेष रणनीति बनाई जा रही है। राज्य की ग्रामीण प्रतिभाओं और महिला पहलवानों को खेल के लिए प्रेरित करना, उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना और उनके लिए प्रशिक्षण के अवसर बढ़ाना संघ की प्राथमिकता है। आगामी प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में महिला पहलवानों की भागीदारी को सुनिश्चित किया जाएगा। हाल ही में कोटा में आयोजित अंडर-20 और अब जोधपुर में आयोजित अंडर-15 प्रतियोगिता इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही हैं। राजस्थान में शीघ्र ही एक अत्याधुनिक कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाएगी।

### खिलाड़ियों और सरकारी संस्थाओं के बीच सेतु का काम करेगा कुश्ती संघ

दत्ता ने यह भी कहा कि कुश्ती संघ राज्य के खिलाड़ियों और सरकारी संस्थाओं के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करेगा। कई सरकारी योजनाएं ऐसी हैं, जिनकी जानकारी खिलाड़ियों को नहीं मिल पाती, जिससे वे उनका लाभ नहीं उठा पाते। संघ यह सुनिश्चित करेगा कि हर खिलाड़ी को सभी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी समय पर मिले और वे पूरी तरह अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर सकें। कार्यक्रम के समापन पर दत्ता ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जोधपुर जिला कुश्ती संघ की खुलकर प्रशंसा की और कहा कि ऐसे समर्पित आयोजन ही राज्य में खेल संस्कृति को मजबूती प्रदान करते हैं।

# राजकीय सम्प्रेक्षण व किशोर गृह का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित द्वारा राजकीय संप्रेक्षण व किशोर गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 13 बाल अपचारी उपस्थित रहे। इस दौरान दीक्षित ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निरूद्ध बाल अपचारियों के अध्ययन, उनको मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं, शौचालय व स्नानघर की साफ-सफाई आदि के जानकारी ली। उन्होंने रसोईघर सहित लाईब्रेरी का भी निरीक्षण किया। दीक्षित ने बाल अपचारियों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपराधों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। राजकीय सम्प्रेक्षण व किशोर गृह के अधीक्षक विमलेश कुमार को बाल अपचारियों के सुधार के लिए कार्य करने और उनके स्किल डवलपमेन्ट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही बाल अपचारियों को रचनात्मक व उपयोगी किताबें उपलब्ध करवाने के संबंध में निर्देश दिए। दीक्षित ने बताया कि इससे बाल अपचारियों में पढ़ने व सोचने की क्षमता का विकास होगा और बाल अपचारियों के सुधार में मदद मिलेगी।

# पीएसओ बनाराम ने लौटाए राहगीर के गिरे 92,500 रुपए

महानगर संवाददाता



**जमवारामगढ़।** विधायक महेन्द्र पाल मीणा के निजी सुरक्षा अधिकारी यानी पीएसओ बनाराम ने वो कर दिखाया, जो आज के समय में दुर्लभ होता जा रहा है। उन्होंने 92,500 रुपए की मोटी रकम लौटाकर न सिर्फ अपनी ईमानदारी का परिचय दिया, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी दिया। जब बनाराम अपने घर जा रहे थे तो रास्ते में गांव दोराता की ढाणी के पास उनकी नजर कुछ गिरे हुए नोटों पर पड़ी। थोड़ी ही देर में उन्हें पता चला कि ये पैसे प्रभाती लाल खटीक के है, जो साईपुरा गांव निवासी है और किसी मजबूरी में कर्ज चुकाने के लिए यह रकम लेकर निकला था।

प्रभाती लाल के अनुसार वह जब जमवारामगढ़ जीडी मोड़ से निकलकर दोराता की ओर जा रहा था, तभी उसके हाथ से यह राशि गिर गई, जिसका उसे कोई अंदाजा नहीं था। लेकिन बनाराम गुर्जर पैसे मिलते ही लालच में आए बिना सीधे थाना जमवारामगढ़ पहुंचा और थाना प्रभारी रामपाल के समक्ष पूरी राशि प्रभाती लाल को सुपुर्द कर दी। जब प्रभाती लाल को यह रकम मिली तो वह भावुक हो गया और बनाराम को सच्चे दिल से धन्यवाद दिया। बनाराम जैसे ईमानदार पुलिसकर्मी समाज के लिए प्रेरणा हैं।

# टीबी रोगियों को घर-घर जाकर दिए पोषण किट

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** जिला कलेक्टर टीना डाबी ने सीमावर्ती बाड़मेर जिले में टीबी के खिलाफ हल्ला बोल दिया, उन्होंने 69 जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम उतारी, जिन्होंने टीबी पीड़ितों के घर-घर जाकर पोषण किट वितरित किए। प्रदेशभर में टीबी के खिलाफ यह अनोखी पहल थी। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत टीबी मरीजों को सहायता के लिए निक्षय पोषण किट योजना के तहत जिला कलक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक सहित जिला स्तरीय अधिकारी टीबी रोगियों की सहायता के लिए निक्षय मित्र बने हैं।

# संविदा कार्मिक के पुत्र का सपना पूरा करेंगे कलेक्टर व सीईओ

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** जिला परिषद में नरेगा शाखा में चतुर्थ कर्मी संविदा कार्मिक मनराज मीणा के पुत्र गौरव मीना के लिए जिला कलेक्टर शुभम चौधरी और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने कुछ ऐसा कर दिखाया कि गौरव मीना के परिवार में खुशियों की लहर है। कार्मिक मनराज मीणा के पुत्र गौरव ने हाल ही सेकंड्री परीक्षा में 96 फीसदी अंक हासिल किए है। गौरव का सपना डॉक्टर बनना है, लेकिन इस सपने में उसके पिता की गरीबी आड़े आ रही है। कहते है कि जिसका कोई नहीं होता उसका भगवान होता है, ऐसा ही कुछ मनराज के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया व जिला कलेक्टर शुभम चौधरी बनकर आए है।

मनराज ने जब अपनी पीड़ा उन्हें बताई तो उन्होंने तत्काल सीकर स्थित ख्यातनाम कोचिंग के प्रबंध निदेशक श्रवण चौधरी से बातचीत की और छात्र गौरव मीना के एमबीबीएस चयन होने तक सम्पूर्ण शिक्षा निशुल्क करने का प्रस्ताव रखा तो संस्था निदेशक ने उसे स्वीकार कर लिया।

गौरतलब है कि युवा आईएएस गौरव बुडानिया ने जिला कलेक्टर शुभम चौधरी के निर्देशन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बोल माधोपुर कार्यक्रम की शुरुआत की है। बुड़ानिया कहते है कि हर वंचित वर्ग के बालक व बालिकाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलना चाहिए।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत महिलाओं ने ली शपथ



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी के निर्देशानुसार वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. सरोज बैरवा के नेतृत्व में जिले के समस्त 224 ग्राम पंचायतों में राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने जल संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से शपथ ली।

वहीं सूचना व जनसम्पर्क कार्यालय में सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीणा ने कार्यालय के कार्मिकों व वाचनालय के प्रतिभागियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। सहायक जनसम्पर्क अधिकारी ने वाचनालय के प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जल ही जीवन का मूल आधार है और इसका संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है।

अभियान के तहत उपस्थित प्रतिभागियों ने न केवल स्वयं जल संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की, बल्कि अपने आस पास के लोगों को भी जागरूक करने की बात कही। कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी व ग्रामीण समुदाय को जल की महत्ता और उसके सतत उपयोग के प्रति जागरूक कर एक जन आंदोलन का रूप देना है। यह शपथ कार्यक्रम जिले में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

# जनप्रतिनिधियों व महिलाओं को दिलाई नशामुक्ति की शपथ



महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** जोधपुर रेंज के आईजी विकास कुमार की ओर से नशे के खिलाफ चलाए गए स्पेशल नशा विहार अभियान के तहत पुलिस थाना सदर में जन जागृति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए जनप्रतिनिधियों, महिलाओं समेत सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान आईजी ने कहा कि देश और इलाके के गौरवशाली अतीत को बनाए रखने के लिए जीवन में किसी प्रकार का नशा नहीं करें। साथ ही अपने परिवार व समाज में आयोजित सभी प्रकार के समारोह में अफीम, डोडा-पोस्त समेत नशे का प्रयोग नहीं करें। आईजी ने कहा कि अपने मित्रों व परिवारजनों, समाज व समुदाय को भी नशावृत्ति का परित्याग करने के लिए प्रयास करें और समस्त प्रकार के नशों को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हो।

इस प्रोग्राम में जनप्रतिनिधियों व लोगों ने विचार रखते हुए नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की प्रशंसा की। आईजी ने पुलिस थाना परिसर में पौधारोपण भी किया। इस प्रोग्राम के दौरान एसपी, एएसपी, डिप्टी, डीएसपी एससी-एसटी सेल, थानाधिकारी सदर, पुलिस अधिकारी व जवानों सहित जनप्रतिनिधि, सर्व समाज के लोग, महिलाएं उपस्थित रही।

# कलशयात्रा के साथ श्रीराम महायज्ञ का आगाज

महानगर संवाददाता



**नीमकाथाना।** निकटवर्ती गांव पुरानाबास नापावाली के पास साधु-संतों की तपोस्थली पीला जोड़ा धाम पर गुरुवार को कलश व निशानयात्रा के साथ 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार से हुई। इस दौरान कलश व निशानयात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लिया। मंदिर पीला जोहड़ा धाम से कलशयात्रा शुरू हुई, जिसमें बलदेवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर कृष्ण दास महाराज, सीताराम दास महाराज, रसिक शरण दास महाराज, सीताराम दास महाराज, नरसी दास महाराज, कथा वाचक महाराज रणवीर, यज्ञ आचार्य डॉ. कृष्ण चंद्र शर्मा, नवयुग मंडल सेवा समिति पीला जोहड़ उपस्थित रहे। इसके बाद कथा वाचक रणवीर महाराज ने श्रीराम कथा का आयोजन किया। इस महायज्ञ में आसपास के समस्त ग्रामीण हर्ष व उल्लास के साथ शामिल हुए। संयोजक समिति पदाधिकारी मदनलाल भावरिया व पूर्व सरपंच रणवीर सिंह ने बताया कि दिन में कई पारियों में 108 कुंडीय यज्ञ में आहुतियां दी जाएगी।


## विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी कम्पनी मैसर्स गेलेक्सी माईनिंग प्राईवेट लिमिटेड के चार विक्रय पत्र 1. विक्रय पत्र 10.07.2013 कुसुम देवडा ने गोविन्दकृपा कोलोनाईजर्स के नाम की है जो दिनांक 12.07.2013 को पंजीकृत है, क्रम संख्या 1, वोल्यूम संख्या 853 एवं पृष्ठ संख्या 106 एवं संख्या 2013067010526 जमाबंदी म्युटेशन संख्या 884 दिनांक 05.08.2013 है। 2. विक्रय पत्र दिनांक 11.07.2012 कुसुम देवडा ने मूलचन्द नाहर के नाम की है जो दिनांक 12.07.2012 को पंजीकृत है, क्रम संख्या 1, वोल्यूम संख्या 774, पृष्ठ संख्या 30 एवं संख्या 2012067007194 जमाबंदी म्युटेशन संख्या 882 दिनांक 08.05.2013 है। 3. विक्रय पत्र दिनांक 10.07.2013 मूलचन्द नाहर ने गोविन्दकृपा के नाम की है जो दिनांक 10.07.2013 को पंजीकृत है, क्रम संख्या 1, वोल्यूम संख्या 853, पृष्ठ संख्या 6 एवं संख्या 2013067010426 जमाबंदी म्यूटेशन संख्या 883 दिनांक 05.08.2013 है। 4. विक्रय पत्र दिनांक 17.05.2005 विजय नारायण ने श्रीमति कुसुम देवडा के नाम की है जो दिनांक 18.05.2005 को पंजीकृत है, क्रम संख्या 485, पृष्ठ संख्या 139 एंव संख्या 200520044341 जमाबंदी म्युटेशन संख्या 285 दिनांक 24.06.2005 है। मेरे पास से कई खो गई है। किसी भी व्यक्ति को मिले मुझे लोटा दे और इनका दूरूपयोग नहीं करें अन्यथा विधिक कार्यवाही की जावेगी सूचित करें।

**देवेश शर्मा पुत्र श्री शिव शंकर शर्मा (अधिकृत हस्ताक्षकर्ता)**
**गेलेक्सी माईनिंग प्राईवेट लिमिटेड कार्यालय पता-301-302, गंगा हाईट्स, बापू नगर, टोंक रोड, गांधी नगर मोड के पास जयपुर-302015**

दिनांक: 12/06/2026

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक आवासीय फ्लैट नम्बर एफ-1, फर्स्ट फ्लोर, प्लाट नम्बर 5 (उत्तरी हिस्सा), हस्तिनापुरा योजना, ग्राम पांच्यावाला, तहसील व जिला जयपुर में स्थित है। उक्त फ्लैट पर मेरी अभिभाष्या श्रीमती भारती खीची के पति श्री यश प्रताप सिंह शेखावत पुत्र श्री सम्पत सिंह शेखावत द्वारा एच.डी.एफ.सी. बैंक (लिमिटेड) से ऋण प्राप्त किया गया था। जिसका ऋण खाता संख्या 639684045 है। जिसके बाबत उक्त सम्पत्ति के असल दस्तावेज एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड में रहन (Mortgage) रखे हुए है। यह कि मेरी अभिभाष्या के पति श्री यश प्रताप सिंह शेखावत का स्वर्गवास दिनांक 14/08/2024 को हो चुका है। स्वर्गीय श्री यश प्रताप सिंह शेखावत के स्वर्गवास के पश्चात इनके विधिक वारिसानों में इनकी माता श्रीमती कल्पना कँवर एवम् पत्नी श्रीमती भारती खीची (मेरी अभिभाष्या) तथा एक पुत्री श्री जाह्नवी शेखावत है। उक्त फ्लैट पर लिये गये ऋण की पूर्ण अदायगी व अन्य कार्यवाहियां की जा चुकी है। मेरी अभिभाष्या श्रीमती भारती खीची स्वयं एवम् अपनी नाबालिक पुत्री जरिये प्राकृतिक संरक्षिका स्वयं माता तथा अपनी सास की सहमती के पश्चात उक्त फ्लैट के समस्त असल दस्तावेजों को एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड से प्राप्त करना चाहती है। उक्त फ्लैट पर स्वामित्व के संबंध या उक्त फ्लैट के मूल दस्तावेज मेरी अभिभाष्या को सुपुर्द किये जाने के संबंध में किसी भी अन्य दीगर व्यक्ति, वारिसान, सगे संबंधी, बैंक, संस्था इत्यादि को कोई किसी भी प्रकार का उज्र व ऐतराज हो तो आज दिनांक से अन्दर मयाद सात दिवस में भय दस्तावेजों सहित मेरें निम्न पतें पर व्यक्तिगत या जरिये अधिवक्ता सम्पर्क करें बाद गुजरनें मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ती/विवाद स्वीकार्य नहीं होगा, सूचित रहे।

**चेतन शर्मा, (एडवोकेट)**
**28, शेखावत कॉलोनी, मीनावाला, सिरसी रोड, जयपुर**
**मो. 9828768713**

## कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर-0141-2782772

क्रमांक: DHC-II/418 दिनांक: 12.06.2025

### जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 34/65, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 257.55 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री एस.एम. गोयल पुत्र श्री एम. एल. गोयल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 844 दिनांक 18.01.1886 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 24.01.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3351 दिनांक 04.03.1998 के द्वारा श्री एस.एम. गोयल पुत्र श्री एम. एल. गोयल के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 26.03.1998 को करवा लिया गया। इसके पश्चात श्री एस.एम. गोयल की मृत्यु दिनांक 07.05.2019 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी/पुत्रांन श्रीमती सविता गोयल पत्नी स्व. श्री एस.एम. गोयल व श्री विकास गोयल एवं श्री निशात गोयल पुत्रांन स्व. श्री एस.एम. गोयल ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के **07 दिवस** में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती सविता गोयल, श्री विकास गोयल एवं श्री निशात गोयल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

**सम्पदा प्रबंधक, वृत्त द्वितीय, जयपुर**

## कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर-0141-2782772

क्रमांक: DHC-II/417 दिनांक: 12.06.2025

### जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 69/405, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 189.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन डॉ. आर.एम. वंजानी पुत्र श्री एम.जे. वंजानी किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2110 दिनांक 24.06.1994 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 06.02.1996 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2260 दिनांक 06.06.1996 के द्वारा डॉ. आर.एम. वंजानी पुत्र श्री एम.जे. वंजानी के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 10.06.1996 को करवाया गया। डॉ. आर.एम. वंजानी पुत्र श्री एम.जे. वंजानी के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्रीमती कविता पारवानी पत्नी श्री अजीत पारवानी को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 03.12.1996 को करवाया गया। श्रीमती कविता पारवानी पत्नी श्री अजीत पारवानी के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्री सौरव सोनी एवं श्री सतीश सोनी पुत्रांन श्री दिनेश कुमार सोनी को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 08.01.2025 को करवाया गया। श्री सौरव सोनी एवं श्री सतीश सोनी पुत्रांन श्री दिनेश कुमार सोनी द्वारा उक्त आवास की लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेत निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के **07 दिवस** में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री सौरव सोनी एवं श्री सतीश सोनी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

**सम्पदा प्रबंधक, वृत्त द्वितीय, जयपुर**

## जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक: एफ( )जविप्रा/उपा/जोन-11/2025/डी-5937 दिनांक: 03.06.2025

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनीष अग्रवाल पुत्र श्री मोहन लाल अग्रवाल द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम टीलाबास के आवासीय भूखण्ड संख्या 607 क्षेत्रफल 1250 वर्गमीटर के नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है। उपलब्ध रिकार्ड अनुसार सेज पुनर्वास योजना ग्राम टीलावास के आवासीय भूखण्ड संख्या 607 क्षेत्रफल 1250 वर्गमीटर की लीजडीड क्रमांक 685 दिनांक 11.12.2012 को श्री गंगा सहाय पुत्र श्री महादेव के पक्ष में जारी की गई थी। (1) श्री पवन श्रीवास्तव पुत्र श्री जे.पी. श्रीवास्तव, श्री पवन सिंधला पुत्र श्री बृजमोहन सिंधला, श्री कुम्भाराम चौधरी पुत्र श्री कल्याणमल चौधरी बहैसियत मुखत्यारआम श्री गंगा सहाय पुत्र श्री महादेव द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम टीलावास के आवासीय भूखण्ड संख्या 607 क्षेत्रफल 1250 वर्गमीटर भूमि जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से श्रीमती रश्मि महादेव मेघनानी पत्नी श्री महादेव मेघनानी एवं श्री पंकज मेघनानी पुत्र श्री महादेव मेघनानी को विक्रय कर दी गई। (2) श्री पंकज मेघनानी पुत्र श्री महादेव नेधनानी बहैसियत स्वंय एवं मुखत्यारआम श्रीमती रश्मि महादेव मेघनानी पत्नी श्री महादेव मेधनानी द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम टीलावास के आवासीय भूखण्ड संख्या 607 क्षेत्रफल 1250 वर्गमीटर भूमि जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 202503021106451 दिनांक 21.03.2025 से श्री मनीष अग्रवाल पुत्र श्री मोहन लाल अग्रवाल को विक्रय कर दी गई है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड के नाम हस्तांतरण/लीजडीड किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/फर्म/कम्पनी /संस्था एवं अन्य को आपत्ति हो तो यह सूचना जारी होने के 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

**उपायुक्त जोन-11, जविप्रा जयपुर।**

# पति ने जंगल में ले जाकर पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा

## हत्या के बाद थाने में किया सरेंडर, हथियार लेकर पहुंचे पीहर पक्ष को रोका

महानगर संवाददाता



**उदयपुर।** जिले के ओगणा थाना क्षेत्र के काडा गांव में पति ने पत्नी को जंगल में ले जाकर उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। जब महिला के पीहर पक्ष को हत्या की जानकारी लगी तो वे हथियार लेकर आरोपी के घर की ओर निकल पड़े। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। इस दौरान परिजनों ने जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार काडा निवासी प्रकाश गमेती ने पत्नी रेखा देवी को जंगल में ले जाकर कुल्हाड़ी से हमला कर मार डाला। गुरुवार सुबह जंगल से महिला का शव बरामद हुआ।

इसके बाद पुलिस ने गोगुंदा स्थित पाटिया में महिला के परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही पीहर पक्ष के लोग हथियार लेकर बड़ी संख्या में जीपों में सवार होकर काडा की ओर निकल पड़े। गुस्साए परिजनों को पुलिस ने ओगणा में रोक लिया। मृतका के पीहर पक्ष वाले ससुराल पक्ष के लोगों को थाने बुलाने की मांग पर अड़े गए। डिप्टी नेत्रपाल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद महिला के पीहर पक्ष को सूचना दी थी।

ओगणा पुलिस थाने के पास पीहर और ससुराल पक्ष के लोगों के बीच बातचीत चली। पीहर पक्ष महिला की हत्या के मामले में मौताणा की मांग कर रहा है।

# नाकाबंदी में 22.15 ग्राम ड्रग्स के साथ एक तस्कर दबोचा

महानगर संवाददाता



**झालावाड़।** डग थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक तस्कर से 22.15 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स जब्त एक तस्कर को दबोचा है। एमडी ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस मुख्यालय जयपुर के मादक पदार्थ तस्करी विरोधी विशेष अभियान के तहत यह सफलता मिली है। थानाधिकारी वासुदेव सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कच्चा आम रास्ता गांव तिसाई से आरोपी को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रबीउल शेख के रूप में हुई है। वह झारखंड के साहेबगंज जिले के राजमहल थाना क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपी के पास से बरामद एमडीएमए यानी मिथाइलीन डाईऑक्सी मेथैमफेटामाइन एक खतरनाक मादक पदार्थ है। मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। गंगधार थानाधिकारी अमरनाथ जोगी मामले की जांच कर रहे हैं।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार 2 युवकों की मौत

महानगर संवाददाता

**दौसा।** जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में देर रात दौसा-लालसर रोड पर शेखपुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार 2 लोगों की मौत हो गई, वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि हादसे में गढ़ गांव निवासी अनिल व जतिन महावर की मौत हो गई, जबकि हेमराज महावर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि मृतक अनिल व जतिन रंग-पेंट से जुड़ा काम करते थे, जो गढ़ गांव से सामान लेने के लिए सराय की तरफ जा रहे थे कि कार की टक्कर से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक अभी रूप से घायल हो गया। इनके पिता भी मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। ऐसे में परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। रानोली चौकी पुलिस गुरुवार सुबह जिला अस्पताल पहुंची तो मृतक अनिल के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया।

इनका कहना था कि पुलिस पहले बाइक सवारों को टक्कर मारने वाले वाहन को जब्त करें, इसके बाद पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। ऐसे में पुलिस ने बताया कि बाइक को टक्कर मारने वाली कार की तलाश की जा रही है। राणोली चौकी प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि मृतकों का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए। सिकंदरा थाना पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

# चोरों ने तेजाजी मंदिर का दरवाजा तोड़कर उड़ाया दानपात्र

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चौमूं थाना क्षेत्र के हाड़ौता गांव स्थित तेजाजी मंदिर में देर रात चोरी हो गई। चोरों ने मंदिर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दानपात्र को उठाकर मंदिर से करीब 50 मीटर दूर ले जाकर तोड़ दिया। सुबह जब पुजारी पूजा के लिए मंदिर पहुंचे तो उन्होंने टूटा हुआ दानपात्र देखा। उन्होंने तुरंत चौमूं थाना पुलिस को सूचना दी।

## ड्राइवर ने साथियों को बुलाकर किया हमला, पीड़ित का मोबाइल व अन्य सामान भी लूटा

# ओवरलोड ट्रक पकड़ा तो आरटीओ गार्ड को बेरहमी से पीटा

महानगर संवाददाता

**बहरोड़।** कोटपूतली-बहरोड़ में ओवरलोड ट्रक को पकड़ने पर परिवहन विभाग (आरटीओ) के गार्ड को ट्रक चालक और उसके साथियों ने बेरहमी से पीटा। हमलावरों ने पीड़ित का मोबाइल फोन भी छीन लिया। कर्मचारी छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन आरोपियों ने उसे चारपाई पर घेरकर पिटाई जारी रखी। यह घटना मांढण थाना क्षेत्र के काठूवास गांव के पास देर रात की है। हरियाणा सीमा पर ट्रक ड्राइवर ने अपने साथियों को बुलाकर गार्ड पर हमला कर दिया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी गार्ड की पिटाई करते नजर आ रहे हैं। हमलावर घायल गार्ड को वहीं छोड़कर फरार हो गए। बहरोड़ परिवहन विभाग के निरीक्षक रवि दत्त शर्मा ने बताया कि टीम ने बुधवार देर रात काठूवास टोल टैक्स के पास नाकाबंदी कर ओवरलोड वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान रोड़ी से भरा एक ट्रक मौके पर पहुंचा। गार्ड मनोज ने ट्रक को रुकवाकर जांच की, जिसमें ओवरलोडिंग की पुष्टि हुई। नियमों के तहत ट्रक को जब्त कर बाड़े में ले जाया जाना था। गार्ड मनोज ट्रक ड्राइवर के साथ लेकर रवाना हुए, तभी ड्राइवर ने कहा कि वह कट से घुमाकर ट्रक ले आएगा।



### मौके पर पहुंचे परिवहन विभाग के अधिकारी

घटना की सूचना मिलते ही परिवहन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल गार्ड मनोज को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार और मेडिकल करवाया गया। फिलहाल मामले के संबंध में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया है। वहीं बहरोड डीएसपी कृतिका यादव ने कहा कि मारपीट की घटना की जानकारी मिली है, लेकिन यह वारदात हरियाणा के कुंड थाना क्षेत्र की है। इसलिए मामले की जांच और कार्रवाई वहीं की पुलिस करेगी।

### ट्रक को हरियाणा की सीमा में ले गया ड्राइवर

ड्राइवर ने ट्रक हरियाणा सीमा में घुमा दिया। इसके बाद हरियाणा सीमा रेवाड़ी जिले के कुंड थाना क्षेत्र में नाकाबंदी से 2 किलोमीटर दूर ले गया। जहां ड्राइवर के साथियों ने गार्ड मनोज पर हमला कर दिया। उसका मोबाइल व अन्य सामान लूट लिया गया। घायल अवस्था में गार्ड को वहीं छोड़कर हमलावर फरार हो गए।

## दोस्तों ने मारपीट कर जबरन पिलाई शराब, फिर हाथ बांधकर पटरी पर लेटा गए

# रेलवे ट्रैक पर बेहोश युवक से कुछ इंच दूरी पर रुकी ट्रेन

महानगर संवाददाता

जोधपुर। ओसियां थाना इलाके में देर रात ट्रेन के लोको पायलट की सूझबूझ की वजह से एक युवक की जान बच गई। ओसियां में रेलवे ट्रैक पर एक युवक बेहोश पड़ा था। उसके दोनों हाथ बंधे थे। यह देखकर लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। इसके बाद ट्रेन बेहोश पड़े युवक से कुछ इंच पहले जाकर रुकी। ओसियां थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि जोधपुर जीआरपी थाने से जीरो नंबर एफआईआर मिली थी।

उसी आधार पर केस दर्ज किया है। पीड़ित कानाराम पुत्र कुशालाराम निवासी इस्लामिया मदरसा के पास नयापुरा ओसियां ने बताया कि वह फैक्ट्री में काम करता है। साल 2024 में एक आदिवासी रैली के दौरान उसकी दोस्ती खींवसर निवासी अजीत सिंह से हुई थी। अजीत सिंह ड्राइवर है और अक्सर ओसियां आता रहता है। दो-तीन दिन पहले रात को अजीत सिंह ने फोन कर उसे ओसियां रेलवे स्टेशन के पास बुलाया था। वहां अजीत सिंह अपने 6 दोस्तों के साथ शराब पी रहा था। वहां पहुंचने पर अजीत सिंह के दोस्तों ने उसके साथ मारपीट की और जबरन शराब पिलाई। मारपीट के दौरान वह बेहोश हो गया था। उसे बाद में पता चला कि रेलवे ट्रैक पर बेहोशी की हालत में और हाथ बंधे हुए थे।



### पायलट से सूझबूझ से लगाए इमरजेंसी ब्रेक

रेलवे सूत्रों के अनुसार जोधपुर से जैसलमेर जा रही ट्रेन रुणिचा एक्सप्रेस जोधपुर से रवाना हुई थी और रात 11.55 बजे ओसियां रेलवे स्टेशन पहुंची थी। स्टेशन पर 2 मिनट ठहराव के बाद रवाना होते ही कुछ दूरी पर लोको पायलट को ट्रैक पर एक युवक लेटा दिखाई दिया। इस पर लोको पायलट किशोर कुमार ने ट्रेन की स्पीड कम कर तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका। ट्रेन युवक के बिल्कुल नजदीक पहुंच गई थी। थोड़ी भी देर होती तो ट्रेन उसके ऊपर से गुजर जाती।

### बेहोशी की हालत में बंधे थे दोनों हाथ

लोको पायलट ने ट्रेन से उतरकर देखा तो युवक बेहोशी की हालत में था। उसके दोनों हाथ बंधे हुए थे। इस पर स्थानीय पुलिस व रेलवे अधिकारियों को सूचना दी गई। युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से उप जिला हॉस्पिटल ले जाया गया। इसके आधा घंटे बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

# भैंस चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने दो लोगों को पकड़कर पीटा

## लात-घूंसे और लाठियों से की मारपीट, पिकअप को किया आग के हवाले

महानगर संवाददाता



**सिरोही।** आबूरोड के तलहटी क्षेत्र में पांडुरी रोड स्थित राजहंस कॉलोनी में भैंस चोरी के आरोप में चार लोगों में से दो को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। गुस्साए ग्रामीणों ने उनकी लात-घूंसों और लाठियों से जमकर पिटाई की। इसके बाद उनकी पिकअप को आग के हवाले कर दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ग्रामीण लात-घूंसे और लाठियों से दोनों युवकों की पिटाई करते दिख रहे हैं। हालांकि सूचना के बाद आबूरोड सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलहटी निवासी लालाराम ने बताया कि उसकी पांच भैंसें रोजाना खेत के पास कुएं पर चरने जाती हैं। जब वह भैंसों को देखने पहुंचा तो दो भैंसें गायब थीं। शक हुआ तो परिवार व ग्रामीणों के साथ खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान हरिदर्शन कॉलोनी के पास एक पिकअप में दो भैंसें दिखाई दीं। पास ही कुछ युवक खड़े थे, जो भैंसों को चोरी कर ले जाने की फिराक में थे।

ग्रामीणों ने मौके पर शोर मचाया तो चार में से दो युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले, जबकि दो को पकड़ लिया गया। गांव में हाल ही में बढ़ी पशु चोरी की घटनाओं से ग्रामीण पहले ही गुस्से में थे। जब चोर पकड़ में आए तो भीड़ उग्र हो गई। पिकअप ड्राइवर और उसके साथी को लाठियों से जमकर पीटा गया। फिर पिकअप से भैंसों को नीचे उतारकर गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया। वीडियो में दिख रहा है कि दर्जनों ग्रामीण लात-घूंसे और लाठियों से दोनों युवकों की बेरहमी से पिटाई कर रहे हैं।

# नाबालिग लड़की को प्रेम जाल में फंसाकर किया निकाह

## लव जिहाद का मामला, युवक के खिलाफ पॉक्सो-अपहरण का मामला दर्ज

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** अगर मेरी बेटी को काटकर फेंक दिया गया तो मैं उसे कहां ढूंढूंगी...मेरी बेटी नाबालिग है, कुछ समझती नहीं... वो जिद कर रही थी निकाह की। मना किया तो आत्महत्या की धमकी देने लगी। अब बताइए, हम क्या करते? यह कहना है उस मां का, जिसकी 14 साल की बेटी के धर्म परिवर्तन कर निकाह की कोशिश का मामला अजमेर में सामने आया है। इस केस में हिंदू संगठनों ने लड़की की मां पर भी आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी को एक समुदाय विशेष के युवक ने प्रेम जाल में फंसाया और निकाह के लिए मजबूर किया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में निकाह की कोशिश को हिंदू संगठनों ने मौके पर पहुंचकर रुकवाया था। लड़की की मां पर आरोप है कि उन्होंने ही इस शादी की अनुमति दी थी। सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि विरोध के बाद लड़की के परिवार ने युवक के खिलाफ पॉक्सो, अपहरण व धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने जैसी धाराओं में केस दर्ज कराया है। जांच में चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। युवक सिर्फ बातचीत तक सीमित नहीं था। वह लड़की की स्कूल और ट्यूशन की फीस भी भरता था। जब भी लड़की को पैसों की जरूरत होती, वह युवक से ही लेती थी। यहां तक कि कहीं आना-जाना भी वही कराता था। यानी लड़की को आर्थिक रूप से भी अपने ऊपर निर्भर कर लिया गया था। ऐसे में पुलिस को संदेह है कि लड़की की आर्थिक स्थिति का फायदा उठाते हुए युवक ये प्लानिंग कर रहा था। आरोपी 28 वर्षीय मोहम्मद दिलदार अजमेर में हेयर सैलून में काम करता है। मूलतः यूपी के मुजफ्फरपुर का निवासी है। लड़की जब भी बाजार जाती तो उससे बातचीत होती थी। वहीं से धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ती गईं। लड़की की मां बताती हैं कि कभी बाल कटवाने तो कभी किसी और बहाने से लड़की सैलून में जाती थी। हमें नहीं पता था कि क्या चल रहा है। दिनभर उससे फोन पर भी बात करती रहती थी। वो लड़का घर भी आता था। एक दिन बेटी ने उस लड़के से मिलवाया और कहा वो इससे शादी करना चाहती है।

# रिटायर्ड एएसपी ने 10 का रिचार्ज किया, खाते से निकले लाखों रुपए

## नेट स्पीड बढ़ाने के लिए गूगल से लिए हेल्पलाइन नंबर, ठगों ने निकाली रकम

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** नेट स्पीड बढ़ाने के लिए 10 रुपए के रिचार्ज के चक्कर में रिटायर्ड एएसपी ने 5.60 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी का शिकार हो गए। ठग करीब 2 घंटे तक मोबाइल से रिटायर्ड एएसपी के संपर्क में रहा। इस दौरान 2 बार मोबाइल की स्क्रीन ब्लैक हो गई थी। शातिर ठग ने रिटायर्ड एएसपी को होल्ड पर ही रहने का कहा था। करीब पौन घंटे स्क्रीन काली रहने के बाद सामान्य हुई तो फोन कटा। इसके तुरंत बाद उनके खाते से 5 ट्रांजैक्शन में 5.62 लाख रुपए निकलने का मैसेज मिला। डीएसपी नेमीचंद ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच कर रहे हैं। रिटायर्ड एएसपी लोकेश त्रिपाठी निवासी पंचशील नगर ने बताया कि घर में लगे वाईफाई की रेंज बढ़ाने के लिए गूगल से जियो फाइबर के हेल्पलाइन नंबर लिए थे। कॉल किया तो हेल्पलाइन का नंबर बिजी आया और फोन कट गया। त्रिपाठी ने बताया कि उसी दिन रात करीब 9.30 बजे फोन आया और शातिर ठग ने खुद को जियो फाइबर मुंबई का कर्मचारी बताया। उसने जियो से संबंधित समस्या की जानकारी ली तो मैंने वाईफाई की स्पीड कम होने की बात कही। इसके बाद शातिर ठग ने अपने सिस्टम पर चेक करने की बात कही। कुछ देर बाद उसने कहा कि आपकी नेट स्पीड और रेंज दोनों ही बढ़ानी है। इस प्रक्रिया में 10 से 15 मिनट लगेंगे। आप राउटर के पास ही रहें। इस दौरान अचानक मोबाइल की स्क्रीन काली हो गई। करीब 20 मिनट बाद स्क्रीन सामान्य हो गई। ठग ने स्पीड चेक करने के लिए कहा कहा। मैंने स्पीड चेक तो तेज लगी। इसके बाद शातिर ठग ने रेंज बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा और अपने जियो खाते में 10 रुपए का रिचार्ज करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि गूगल-पे के जरिए जियो खाते में रिचार्ज किया। इसके बाद मोबाइल स्क्रीन वापस काली हो गई। करीब पौन घंटे स्क्रीन काली रहने के बाद सामान्य हो गई।

# धरने पर बैठे सेना के हवलदार की हत्या से गुस्साए परिजन

## कहा- देश में सैनिकों के साथ ऐसा हो रहा है तो आम नागरिकों का क्या होगा, दो आरोपी गिरफ्तार

महानगर संवाददाता



**झुंझुनूं।** सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के अमरपुरा कलां गांव के पालोता का बास में सेना के हवलदार विक्रम सिंह की हत्या से गुस्साए परिजन गुरुवार को धरने पर बैठ गए। बेटे ने पिता की पार्थिव देह को देख कर कहा कि ये वापस नहीं आएंगे, हमें इंसाफ चाहिए। बेटी ने अंतिम संस्कार करवाने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि हम कहीं नहीं जाएंगे, हमें आरोपियों के लिए फांसी की सजा चाहिए। इसके बाद पुलिस व प्रशासन की समझाइश पर परिजन माने। परिजनों का कहना था कि देश में सैनिकों के साथ ऐसा हो रहा है तो आम नागरिकों का क्या होगा।

इसके बाद विक्रम सिंह की पार्थिव देह को सेना की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके बेटे और दोनों बेटियों ने कंधा दिया। इसके बाद नम आंखों से सैनिक को अंतिम विदाई दी गई।

वहीं हत्या इस मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

गौरतलब है कि 18 राज राइफल्स में हवलदार पद पर तैनात विक्रम सिंह ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले थे। रास्ते में स्कॉर्पियो सवार गांव के ही दो युवकों ने उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाया और खुद के घर ले जाकर बेरहमी से मारपीट की।

आरोपियों ने विक्रम सिंह को गंभीर हालत में घर से बाहर लाकर पटक दिया। इसके बाद उन्हें सूरजगढ़ के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया था।

### आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग

हवलदार विक्रम सिंह की हत्या के बाद गुरुवार सुबह परिजनों व ग्रामीणों ने सूरजगढ़ अस्पताल के पास शव रखकर प्रदर्शन किया। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का कहना था कि जब देश की सुरक्षा करने वाला सैनिक ही अपने गांव में सुरक्षित नहीं है तो आम नागरिकों का क्या होगा। उन्होंने पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे सेना के जवानों को भी नहीं छोड़ रहे। वहीं पिता के शव को देख उनकी बेटी छवि, साक्षी व बेटा निशांत पास खड़े रहे। अड़ गए कि जब तक आरोपियों को फांसी की सजा नहीं हो जाती वे पार्थिव देह को यहां से नहीं ले जाने देंगे।

### पुलिस व प्रशासन की समझाइश पर माने परिजन

इसके बाद पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों व ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। करीब 2 घंटे की लंबी समझाइश के बाद परिजन माने और धरना समाप्त किया। इस दौरान अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामले में अन्य आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और पूछताछ जारी है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश में टीमें गठित की गई हैं। सूरजगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आपसी कहासुनी और रंजिश का प्रतीत होता है, लेकिन पूरी घटना की गहन जांच की जा रही है।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक की मौत

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जिले के कालाडेरा थाना क्षेत्र में देर रात गुवारड़ी पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। युवक की पहचान चौमूं के हाड़ौता निवासी विनोद यादव के रूप में हुई है। वह कालाडेरा स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। हादसा उस समय हुआ जब वह फैक्ट्री से घर लौट रहा था। विनोद का एक लड़का और एक लड़की है। स्थानीय लोगों ने घायल व्यक्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। कालाडेरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। युवक का शव चौमूं सरकारी अस्पताल की मॉर्चुरी में रखा गया। गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा के अनुसार पुलिस ने दोनों बाइक जब्त कर ली है। हादसे के कारणों की जांच जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कालाडेरा-गुवारड़ी मार्ग पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। एक महीने पहले इसी मार्ग पर हुए एक हादसे में 4 लोगों की मौत हुई थी। संकरी सड़क के कारण हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर यातायात नियंत्रण के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है।

# तेल की ऊंची कीमतों पर ब्रेक! सरकार ने उठाया अहम कदम

## महंगाई से मिलेगी राहत, बेसिक कस्टम ड्यूटी 20 फीसदी से घटाकर की 10 फीसदी

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** तेल की बढ़ती कीमतों से जूझ रहे आम उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार ने बड़ी राहत दी है। सरकार ने कच्चे सूरजमुखी, सोयाबीन और पाम तेल पर लगने वाले बेसिक कस्टम ड्यूटी को 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया है। यह निर्णय खाद्य तेल की कीमतों को नियंत्रण में लाने और आम जनता को राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है।

**क्यों लिया गया ये फैसला:** सितंबर 2024 में घरेलू रिफाइनिंग उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने आयात शुल्क बढ़ा दिया था।

हालांकि, इसका उल्टा असर हुआ- अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी कीमतें बढ़ीं, जिससे घरेलू बाजार में खाद्य तेल की दरें और चढ़ गईं। आम आदमी की रसोई का बजट बुरी तरह से प्रभावित हुआ। इसी के मद्देनजर अब सरकार ने कच्चे तेल पर आयात शुल्क घटाया है, जिससे घरेलू स्तर पर तेल की रिफाइनिंग को बढ़ावा मिलेगा और लागत घटेगी।

**किसानों को भी मिलेगा फायदा:** इस फैसले का असर केवल उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं है। सरकार का मानना है कि इससे किसानों को भी लाभ होगा।

जब देश में तेल रिफाइनिंग बढ़ेगी, तो कच्चे माल की मांग भी बढ़ेगी। इससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सकेंगे, खासकर जो तिलहन की खेती करते हैं।

### क्या होगा असर

शुल्क में इस कटौती से कच्चे और परिष्कृत तेलों के बीच शुल्क का अंतर अब 8.75 फीसदी से बढ़कर 19.25 फीसदी हो गया है। इसका अर्थ है कि रिफाइंड तेल आयात करना महंगा होगा, जबकि कच्चा तेल सस्ता हो जाएगा। इससे रिफाइनिंग कंपनियां अब भारत में ही तेल को प्रोसेस करना पसंद करेंगी। इससे न केवल घरेलू रिफाइनिंग उद्योग को बल मिलेगा बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ सकते हैं। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस राहत का सीधा फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहिए। खाद्य तेल कंपनियों और व्यापारियों को निर्देश दिया गया है कि वे कीमतों में कटौती करें ताकि आम आदमी को राहत महसूस हो। हालांकि, यह देखना बाकी है कि कंपनियां कितनी तेजी से इस पर अमल करती हैं।

# मई में रिटेल महंगाई घटकर 2.82 फीसदी पर आई



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत की रिटेल महंगाई मई में 2.82 फीसदी पर आ गई है। ये 6 साल का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2019 में ये 2.86 फीसदी रही थी। खाने-पीने के सामान की कीमतों में लगातार नरमी के कारण रिटेल महंगाई घटी है।

इससे पहले अप्रेल में रिटेल महंगाई घटकर 3.16 फीसदी पर आई गई थी। वहीं मार्च महीने में रिटेल महंगाई 3.34 फीसदी रही थी। ये महंगाई का 67 महीने का निचला स्तर था। गुरुवार को रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए गए हैं। रिटेल महंगाई फरवरी से आरबीआई के लक्ष्य 4 फीसदी से नीचे है।

**अप्रेल में खाने-पीने के सामानों की कीमत घटी :** महंगाई के बास्केट में लगभग 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई 1.78 फीसदी से घटकर 0.99 फीसदी हो गई है। अप्रेल महीने में ग्रामीण महंगाई दर 2.92 फीसदी से घटकर 2.59 फीसदी हो गई है। वहीं शहरी महंगाई 3.36 फीसदी से घटकर 3.07 फीसदी हो गई है। इससे पहले 4 से 6 जून तक हुई आरबीआई मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में भी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई का अनुमान 4 फीसदी से घटाकर 3.7 फीसदी कर दिया था।

# टाइगर कैपिटल की 'किसान एक्सप्रेस' के जरिये राजस्थान में मात्र 5 घंटे में ट्रैक्टर लोन उपलब्ध

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** ग्रामीण और छोटे शहरों पर ध्यान देने वाली अग्रणी फाइनेंस कंपनी टाइगर कैपिटल ने गुरुवार को अपने नवीनतम और आसान ट्रैक्टर लोन प्रोडक्ट किसान एक्सप्रेस' की घोषणा की है। इस स्कीम के जरिए किसान अब सिर्फ 5 घंटे में ट्रैक्टर लोन पा सकते हैं, वो भी पूरी तरह 100 फीसदी डिजिटल तरीके से। यह सेवा अभी राजस्थान के 50 जिलों और 300 से ज्यादा तहसीलों में दी जा रही है।

टाइगर कैपिटल के संस्थापक, एमडी और सीईओ गौरव गुप्ता ने कहा कि किसान एक्सप्रेस में ऑन-द-स्पॉट ट्रैक्टर की कीमत का अंदाजा, बायोमेट्रिक पहचान और डिजिटल केवाईसी जैसी सुविधाएं मिलती हैं, जिससे लोन उसी दिन मिल जाता है। आवेदन सिर्फ 5 मिनट में मंजूर होता है और 5 घंटे में पैसा मिल जाता है। इस प्रकार ग्रामीण साख वितरण को फिर से परिभाषित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 60 से ज्यादा शाखाओं और 200 फील्ड ऑफिसर और कुशल तकनीक की मदद से टाइगर कैपिटल राजस्थान में किसानों को घर बैठे सेवा दे रहा है। बीमा की जानकारी भी सिस्टम से अपने आप मिल जाती है। टाइगर कैपिटल राज्य में 60,000 से ज्यादा किसानों को पहले से ही सशक्त बना चुका है।बालोतरा जिले के किसान शिव प्रकाश सोनी कहते हैं कि मुझे फसल कटाई से पहले ट्रैक्टर की जरूरत थी, टाइगर कैपिटल ने मुझे मेरे खेत पर ही कुछ घंटों में लोन दे दिया। मुझे गांव से बाहर जाने की या कागजात लेकर इधर-उधर दौड़ने की जरूरत नहीं पड़ी। ऐसा पहली बार लगा कि कोई वास्तव में किसानों की जरूरत समझता है।

# अडाणी 2027 तक ला सकते हैं एयरपोर्ट बिजनेस का आईपीओ

**मुंबई(मसं)।** अडाणी ग्रुप अपने एयरपोर्ट बिजनेस को शेयर बाजार में लाने की तैयारी कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड का आईपीओ 2027 तक आ सकता है। गौतम अडाणी की कंपनी एएएचएल भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट एयरपोर्ट ऑपरेटर है। ये कंपनी देशभर में 8 बड़े एयरपोर्ट्स को मैनेज करती है। इनमें मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, जयपुर, मंगलुरू, गुवाहाटी और तिरुवंतपुरम एयरपोर्ट शामिल हैं।

## इंडिया बनेगा टेक हब

# भारत एआई का बूम! मार्केट में जबरदस्त उछाल, तीन साल में होगा तीन गुना

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ एक तकनीक नहीं बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन और कामकाज का एक अभिन्न अंग बन चुकी है। अब यह सिर्फ रिसर्च लैब्स या कुछ बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं है बल्कि हर छोटे-बड़े कारोबार का अहम हिस्सा बनती जा रही है।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 60-62 दिनांक 10.06.2025 द्वारा ग्राम पंचायत **सरनाचौड** में निर्माण कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं 2013 के नियम 16 के तहत एवं राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी डी-श्रेणी या उच्च श्रेणी में रजिस्ट्रेशन संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरियड दो वर्ष) मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनके NIB Code- PFG2526A0007 and UBN is: PFG2526WSRC00028, PFG2526WSRC00029, PFG2526WSRC00030, निविदा सूचना की शर्ते वेब पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत सरनाचौड**
**पं.स. झोटवाडा, जयपुर**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सरनाचौड**
**पं.स. झोटवाडा, जयपुर**

---

## कार्यालय ग्राम पंचायत भट्टों की गली, पंचायत समिति जालसू, (जयपुर)

क्रमांक/ग्रा.पं.भ.गु./निविदा/2025/120 दिनांकः 10.06.2025

### ई-निविदा सूचना 2025-26

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति जालसू के अधिनस्थ ग्राम पंचायत भट्टों की गली में निर्माण कार्यों, हेतु ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग आदेश क्रमांक 2059 दिनांक 21.09.2012 के तहत नियम 181 में विभिन्न कर्यों के लिए मुहरबंद निविदा के माध्यम से पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए.बी.सी.डी. तथा ई श्रेणी के संवेदकों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत सक्षम श्रेणी की फर्मो/संवेदकों से, निर्माण कार्यो हेतु जिसका विवरण व शर्ते निर्धारित प्रपत्र में वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन है, निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत जानकारी www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।
NIB Code: PKU2526A0021
UBN no. :- PKU2526WSOB00118-126

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत भट्टों की गली**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत भट्टों की गली**

---

## चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फ़ायनेंस कम्पनी लिमिटेड

Chola — Enter a better life

'चोला क्रेस्ट' सी 54 और 55, सुपर बी-4, थिरु वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600032, भारत
जयपुर-5वीं और 6वीं मंजिल, प्लॉट नं. 306, 308, 309, गोम्स डिफेन्स कॉलोनी, वैशाली नगर, वैशाली सर्कल, स्मार्ट बाजार के ऊपर, जयपुर -302021

**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि आम जनता और विशेष रूप से ऋणी / सह-ऋणी / बंधककर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी रखी गई है, जिसका कब्जा चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, इसको इसके बाद चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के रूम में संदर्भित किया गया। सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर की जाएगी। इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट website https://chola-lap.procure247.com/ के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

| कर्जदार/सह-कर्जदार/गांरटीकर्ता | मांग सूचना की दिनांक और राशि | अचल सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / बयाना धन जमा / बोली वृद्धि राशि | कुल बकाया राशि | नीलामी का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं. XOHEJPH00001796528; 1.स्व. राजेंद्र कुमार दुबे (आवेदक) 2.मैसर्स सैटिस्फैक्शन फूड्स कॉर्नर्स प्राइवेट लिमिटेड (सह-आवेदक) दोनों का पता: उपकार शॉपिंग सेंटर, मालवीय नगर जयपुर (राज.)-302017; 3.आकांक्षा फूड प्रोडक्ट (सह-आवेदक) 4.साधना दुबे (सह-आवेदक) दोनों का पता:- सेक्टर 7/146, उपकार शॉपिंग सेंटर के पास, मालवीय नगर, जयपुर (राज.)-302017, 5.साधना दुबे (सह-आवेदक) निवासी- 8-ए गणपति नगर रेलवे कॉलोनी, गणपति नगर 57 राजस्थान | 18/04/2024 एवं रू. 93,90,402/- दिनांक 18/04/2024 | फ्लैट संख्या एस-3, द्वितीय तल पर, (माप-643.06 निर्मित क्षेत्रफल ) उत्तर-फ्लैट संख्या एस-2, दक्षिण-फ्लैट संख्या एस-4, पूर्व-कॉरिडोर, प्लॉट संख्या बी-4. शुभ लक्ष्मी टावर, सेंट्रल स्पाइन, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 | रू. 37,61,901/- / रू. 3,76,190/- / बोली वृद्धि राशि- रू. 50,000/- | रू. 99,77,055/- दिनांक 10.06.2025 तक+ आगे के ब्याज, दण्डात्मक ब्याज, लागते एवं शुल्कों सहित भुगतान की तिथि तक | जयपुर-5वीं और 6वीं मंजिल, प्लॉट नं. 306, 308, 309, गोम्स डिफेन्स कॉलोनी, वैशाली नगर, वैशाली सर्कल, स्मार्ट बाजार के ऊपर, जयपुर -302021 |

● नीलामी दिनांक: **18-07-2025** प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे ● **बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक 17-07-2025** सांय 5:30 बजे तक

● **निरीक्षण की दिनांक एवं समय: As per Appointment 11.00AM to 1.00 PM**

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों / बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://chola-lap.procure247.com/ & https://www.cholamandalam.com/auction-notices देखें, ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता संपर्क कर सकते हैं (मुहम्मद रहीस-81240 00030), Ms.Procure247, (Contact Person: Karan Modi: 70167 16557 - karan@procure247.com. Apurva Patel: 91061 96864 - apurva@procure247.com. श्री अल्पेश बोरिसा से संपर्क करें, सेल नंबर 7046612345/9898056524, ईमेल आईडी alpesh@procure247.com, suraj@tender247.com, parin@tender247.com 2.कृपया नियम और शर्तो के बारे में अधिक जानकारी के लिए एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://chola-lap.procure247.com/ & https://www.cholamandalam.com/auction-notices देखें

**इसे प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के तहत वैधानिक 30 दिवस की बिक्री सूचना भी समझी जावे।**

दिनांक: 13.06.2025 स्थान : जयपुर

हस्ताक्षर/- प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड

# खातीपुरा स्टेशन यार्ड पर तकनीकी कार्य, कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित, दो ट्रेनें पूरी तरह रद्द



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर मंडल के खातीपुरा स्टेशन यार्ड पर खातीपुरा फेज द्वितीय चरण के तहत पिट लाइन से जुड़ा तकनीकी काम 13 जुलाई 2025 को किया जाएगा। इस कार्य की वजह से ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित होगी। 12 और 13 जुलाई को उत्तर पश्चिम रेलवे की कई ट्रेनें पूरी तरह रद्द, आंशिक रूप से रद्द और मार्ग परिवर्तित रहेंगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि खातीपुरा में चल रहे इस कार्य के कारण यात्रियों को कुछ ट्रेनों में बदलाव का सामना करना पड़ेगा। 13 जुलाई को जयपुर से रवाना होने वाली 09635 जयपुर-रेवाड़ी स्पेशल और रेवाड़ी से लौटने वाली 09636 रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल पूरी तरह रद्द रहेगी। इसके अलावा 4 ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द रहेंगी। वहीं, 12 और 13 जुलाई को 7 ट्रेनों के रूट भी बदले गए हैं।

## ये ट्रेनें रहेंगी पूरी तरह रद्द

**13 जुलाई 2025 को दो स्पेशल ट्रेनें रद्द रहेंगी**

गाड़ी संख्या 09635 जयपुर-रेवाड़ी स्पेशल ट्रेन, जयपुर से रेवाड़ी के बीच चलने वाली यह स्पेशल ट्रेन 13 जुलाई को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09636 रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी।

**इन ट्रेनों का संचालन आंशिक रूप से रद्द**

गाड़ी संख्या 51973 मथुरा-जयपुर पैसेंजर यह ट्रेन 13 जुलाई को मथुरा से चलेगी लेकिन खातीपुरा तक ही जाएगी। खातीपुरा से जयपुर के बीच रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 51974 जयपुर-मथुरा पैसेंजर यह ट्रेन 13 जुलाई को जयपुर से शुरू नहीं होकर खातीपुरा से मथुरा जाएगी। जयपुर से खातीपुरा के बीच रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12195 आगरा फोर्ट-अजमेर इंटरसिटी यह ट्रेन आगरा फोर्ट से चलेगी लेकिन बांदीकुई तक ही पहुंचेगी। बांदीकुई से अजमेर के बीच रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 12196 अजमेर-आगरा फोर्ट इंटरसिटी यह ट्रेन अजमेर से शुरू नहीं होकर बांदीकुई से आगरा फोर्ट के लिए चलेगी। अजमेर से बांदीकुई के बीच रद्द रहेगी।

## इन ट्रेनों का रूट चेंज किया गया है

गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली एक्सप्रेस (12 जुलाई 2025)

यह ट्रेन फुलेरा-जयपुर-रेवाड़ी के बजाय फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर चलेगी। रींगस, नीम का थाना, नारनौल, अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 15014 काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस (12 जुलाई 2025) यह ट्रेन रेवाड़ी-जयपुर-फुलेरा की जगह रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर जाएगी। नारनौल, नीम का थाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 12015 नई दिल्ली-अजमेर शताब्दी (13 जुलाई 2025) यह ट्रेन रेवाड़ी-जयपुर-फुलेरा के बजाय रेवाड़ी-रींगस-जयपुर-फुलेरा होकर चलेगी। नारनौल, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 20964 वाराणसी-साबरमती एक्सप्रेस (12 जुलाई 2025) यह ट्रेन रेवाड़ी-जयपुर-फुलेरा के बजाय रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर चलेगी। नारनौल, नीम का थाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मू तवी एक्सप्रेस 13 जुलाई 2025 को यह ट्रेन फुलेरा-जयपुर-रेवाड़ी के बजाय फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर चलेगी। रींगस, श्रीमाधोपुर, नीम का थाना, नारनौल, अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14853 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस 12 जुलाई 2025 को यह ट्रेन भरतपुर-बांदीकुई-जयपुर के बजाय भरतपुर-सवाईमाधोपुर-जयपुर होकर जाएगी। यह ट्रेन बयाना, गंगापुर सिटी, सवाईमाधोपुर, दुर्गापुरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 12403 प्रयागराज-लालगढ़ एक्सप्रेस 12 जुलाई 2025 को प्रयागराज से चलेगी यह ट्रेन आगरा कैंट-मथुरा-अलवर-जयपुर की जगह आगरा कैंट-बयाना-सवाईमाधोपुर-जयपुर होकर चलेगी। यह ट्रेन बयाना, गंगापुर सिटी, सवाईमाधोपुर व दुर्गापुरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# प्रदेशभर की खण्डेलवाल विद्यार्थी प्रतिभाओं का सम्मान 15 को

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री खण्डेलवाल वैश्य एजुकेशनल ट्रस्ट, प्रदेश की मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए एक समारोह का आयोजन 15 जून को करने जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राजस्थान एवं सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खण्डेलवाल समाज के विद्यार्थियों के लिए यह सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार गुप्ता, वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉ. सुरेश गुप्ता, समाजसेवी आत्मा राम गुप्ता एवं ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष सोहन लाल ताम्बी, अध्यक्ष प्रकाश चंद खण्डेलवाल, महामंत्री मुरारी लाल गुप्ता आदि मौजूद रहेंगे। सांस्कृतिक मंत्री पंकज कट्टा ने बताया कि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ ही प्रदेशभर से समाज के गणमान्य बंधुओं की उपस्थिति रहेगी।

# समर डीपीएल सीजन-2 के पोस्टर का विमोचन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** डॉक्टर्स सोशल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के क्रिकेट ग्राउंड में डॉक्टर्स क्रिकेट प्रीमियर लीग समर रेड बॉल टी-20 में बैट और बॉल का आयोजन किया जाएगा।

डॉक्टर्स प्रीमियर लीग के चेयरमैन डॉ. शिवराज सिंह राठौड़ ने बताया कि गुरुवार को समर डीपीएल सीजन-2 के पोस्टर का विमोचन किया गया। उन्होंने बताया कि समर डीपीएल में इस वर्ष 8 टीम भाग लेंगी। ग्रीष्मकालीन इस लीग को सप्ताहांत पर ही खेला जाएगा। लीग के संयोजक डॉ. अमित वालिया, डॉ. रवीश मल्होत्रा और डॉ. विकास झारवाल ने बताया कि इसे टी-20 की तर्ज पर खेला जाएगा। ये रेड बॉल से होगा और व्हाईट ड्रेस में होगा।

पोस्टर विमोचन के अवसर पर डीपीएल की आयोजन समिति के सदस्य डॉ. रिम्मी शेखावत, डॉ. माया बागड़ी, डॉ. संजय पावाह, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. युवराज सिंह, डॉ. राजीव वशिष्ठ और डॉ. रोमिल शर्मा भी उपस्थित रहे।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर जताया गहरा दुख

**जयपुर (मसं)।** मालवीय नगर पंजाबी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद गिल्होत्रा ने गुरुवार को हुई अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर गहरा दुख जताते हुए इस भीषण हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। गिल्होत्रा ने कहा कि इस भीषण हादसे में अनेक निर्दोष लोगों की असमय मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक है। यह घटना न केवल अहमदाबाद, बल्कि सम्पूर्ण देश के लिए एक गहन शोक की घड़ी है। उन्होंने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। इस कठिन समय में मैं दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। ईश्वर उनके परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना से मिला किसानों को आर्थिक संबल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** किसान अपने बेहतर कल के लिए फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए ऋण लेता है लेकिन कई बार मौसम और बीमारी की मार से फसल खराब हो जाती है और समय पर ऋण नहीं चुका पाता, ब्याज बढ़ता जाता है और उसे पुनः ऋण नहीं मिल पाता, वह दुश्चक्र में फंस जाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील सरकार ने किसानों की इस समस्या का हल मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना- 2025-26 से निकाला जिसमें अवधिपार ऋण राशि का मात्र 25 प्रतिशत जमा करवाने पर किसान को ब्याज में एकमुश्त राहत दी जाती है और वह पुनः ऋण लेने का पात्र हो जाता है। यह योजना जोधपुर समेत पूरे राज्य के किसानों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत जोधपुर सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड से अब तक 36 किसानों ने 62.41 लाख रूपये की ऋण राहत प्राप्त की है। इन किसानों द्वारा अपेक्षाकृत बहुत कम राशि जमा करवाकर योजना के तहत ब्याज एवं दण्ड ब्याज में उल्लेखनीय राहत प्राप्त की गई है।

### मुख्यधारा में लौट रहे हैं ऋणी किसान

यह योजना किसानों को वित्तीय पुनर्निर्माण का अवसर देती है और उन्हें पुनः मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक है। आगामी 30 जून से पूर्व ऋण की अवधिपार राशि का कम से कम 25 प्रतिशत जमा कर इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है।

### किसानों को मिली लाखों की राहत

योजना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के किसानों को उल्लेखनीय राहत दी गई है। मथानियां तिंवरी के अमानाराम को 3,41,554 रूपए, भीयासर आउ के पूनमचंद को 2,23,812, बावड़ी के देवीसिंह को 2,02,665, आमला फलौदी के ब्रह्मदेव को 1,65,210, सेखाला के रेवन्तसिंह को 1,33,845, दलपत नगर शेरगढ़ के धारूराम को 1,07,850, बाराकल्ला ओसियां निवासी श्यामलाल को 1,06,500 रूपए की राहत प्रदान की गई है।

# बीस सूत्री कार्यक्रम में प्रथम रहा झुंझुनूं

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बीस सूत्री कार्यक्रम में झुंझुनूं जिले ने 30 में से 28 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बीसूका में सम्मिलित 10 विभागों एवं योजनाओं में से 9 में झुंझुनूं को ए ग्रेड प्राप्त हुई है।

जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने बताया कि जिला प्रशासन सीएम भजनलाल शर्मा के सपने के अनुरूप झुंझुनूं जिले को विभिन्न योजनाओं के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने में जुटा है। जिले ने बीस सूत्री कार्यक्रम, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना, पौधारोपण, पीएम ग्राम सड़क योजना, मां योजना, राजीविका, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। वहीं मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत जिले में गत वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड 606 महिलाएं लाभान्वित हुईं हैं और 4 श्रेणियों में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# नवनियुक्त अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने किया कार्यभार ग्रहण

**जयपुर (मसं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने गुरुवार को मध्यान्ह पूर्व कार्यभार ग्रहण किया। आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष कैलाश चंद मीणा ने उन्हें कार्यभार सौंपा। सचिव रामनिवास मेहता ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यभार ग्रहण के बाद साहू ने कहा कि आयोग के अध्यक्ष पद का दायित्व चुनौतीपूर्ण है। उनके द्वारा इसके निर्वहन का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। परीक्षाओं व साक्षात्कारों का समयबद्ध आयोजन उनकी प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने कहा कि आयोग की प्रक्रियाओं के संबंध में वर्तमान सदस्यों व अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आगामी कार्ययोजना निर्धारित की जाएगी।

## विद्युत निगम को इस साल 344 करोड़ का मुनाफा, काम के आधार पर तय होगी राशि

# 10 हजार विद्युत कर्मचारियों को मिलेगा इंसेंटिव

महानगर संवाददाता





**जयपुर।** राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (आरवीपीएन) अपने करीब 10 हजार कर्मचारियों को इस साल इंसेंटिव देने जा रही है। यह इंसेंटिव 2024-25 के फाइनेंशियल ईयर के लिए तय किए गए परफॉर्मेंस पैरामीटर यानी की-परफॉर्मेंस इंडिकेटर (केपीआई) के आधार पर दिया जाएगा। निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर ने इस स्कीम को मंजूरी दे दी है।

राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम को साल 2024-25 में 344.11 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। बोर्ड मीटिंग में पेश हुए आंकड़ों के मुताबिक निगम की कुल कमाई 4634.41 करोड़ रुपए और खर्च 4290.30 करोड़ रुपए रहा। इस बार प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा किया गया और गैरजरूरी खर्चों में कटौती की गई, जिससे यह फायदा हुआ।

निगम की यह योजना साल 2017-18 से लागू इंसेंटिव पॉलिसी के आधार पर तैयार की गई है।

इसमें कंपनी और अलग-अलग ट्रांसमिशन एंड कम्युनिकेशन (टी एंड सी) सर्किलों के केपीआई के आधार पर अलग-अलग फैक्टर तय किया गया है। इसके आधार पर सभी पात्र कर्मचारियों को इंसेंटिव राशि वितरित की जाएगी।

निगम के एमडी नथमल डिडेल ने बताया कि यह इंसेंटिव हर कर्मचारी के काम के आधार पर तय होगा, जिसे केपीआई स्कोर से आंका गया है।

### कितनी मिलेगी राशि?

- इंसेंटिव की राशि मार्च 2025 की बेसिक सैलरी (पे लेवल में पे) का अधिकतम आधा हिस्सा होगी।
- रिटायर या निधन हो चुके कर्मचारियों के लिए अंतिम माह की बेसिक सैलरी के आधार पर अनुपातिक राशि तय की जाएगी।
- जिनकी सैलरी 7वें वेतन आयोग के अनुसार फिक्स नहीं हुई है, उनके लिए बेसिक पे को 7वें वेतन आयोग के अनुसार ही माना जाएगा।
- कौन कितनी केपीआई पर पाएगा इंसेंटिव?
- कैटेगरी एः ट्रांसमिशन एंड कम्युनिकेशन (टी एंड सी) विंग, मटीरियल प्रिक्योरमेंट, टेस्टिंग एंड स्टोर्स (एमपीटी एंड एस), कम्युनिकेशन, लोड डिस्पैच और सिविल विंग के कर्मचारी
- केपीआई का 70 प्रतिशत कंपनी लेवल और 30 प्रतिशत संबंधित टी एंड सी सर्किल लेवल के आधार पर
- केपीआई 80 प्रतिशत या उससे ज्यादा होने पर मिलेगा 100 प्रतिशत इंसेंटिव
- कैटेगरी बीः अन्य कर्मचारी जो ए या सी में नहीं आते
- केपीआई 80 प्रतिशत या उससे ज्यादा होने पर मिलेगा 90 प्रतिशत इंसेंटिव
- कैटेगरी सीः अन्य सभी विभागों के कर्मचारी
- केपीआई 80 प्रतिशत या उससे ज्यादा होने पर मिलेगा 80 प्रतिशत इंसेंटिव
- हर कर्मचारी को उसकी तैनाती अवधि के अनुसार इन कैटेगरीज में बंटवारे के आधार पर इंसेंटिव दिया जाएगा।

### कहां और कैसे करना होगा आवेदन?

- ईएसएस यूजर्स (एसएपी पोर्टल उपयोगकर्ता): उन्हें एसएपी-ईआरपी पोर्टल के जरिए इंसेंटिव क्लेम फॉर्म भरना होगा।
- नॉन ईएसएस यूजर्सः वे कर्मचारी क्लेम फॉर्म भरकर अपने स्थानिक अधिकारी के पास जमा कराएंगे, जो आगे की प्रक्रिया पूरी करेंगे।
- इंसेंटिव भुगतान के आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। यह पूरी योजना निगम के निदेशक मंडल की मंजूरी के अधीन है।

### अन्य गाइडलाइंस

- जिन कर्मचारियों ने एक महीने से अधिक समय की ट्रेनिंग, डेपुटेशन या छुट्टियां ली हैं (कैजुअल लीव को छोड़कर), वह अवधि इंसेंटिव कैलकुलेशन में नहीं जोड़ी जाएगी।
- किसी कर्मचारी का ट्रांसफर होने पर नए कार्यालय का मल्टीप्लाइंग फैक्टर (एमएफ) लागू होगा, बशर्ते वहां कार्यभार समय पर ग्रहण किया गया हो।
- यदि कोई कर्मचारी किसी अन्य ऑफिस में डेपुटेशन पर गया है, तो उसके इंसेंटिव की गणना उस कार्यालय के केपीआई के आधार पर की जाएगी, जहां वह कार्यरत है, न कि जहां से वेतन ले रहा है।

# बाल एवं किशोर श्रम कानून का हो रहा उल्लंघनः संजय सिन्हा

## सोशल एक्टिविस्ट ने केंद्रीय श्रम मंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली (मसं)।** 'बाल श्रमिक अधिनियम का लगातार उल्लंघन हो रहा है। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी व्यवसाय या प्रक्रिया में काम पर रखने या नियोजित करने पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके बावजूद इसका हनन हो रहा है।'



यह कहना है सोशल एक्टिविस्ट और इंटरनेशनल इक्विटेबल ह्यूमन राइट्स सोशल काउंसिल के इंटरनेशनल चेयरमैन संजय सिन्हा का। गुरुवार को विश्व बाल श्रम विरोधी दिवस के मौके पर उन्होंने केंद्रीय रोजगार एवं श्रम मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया को एक पत्र लिखा है और सोशल मीडिया एक्स पर भी संदेश भेजते हुए कहा है कि बाल श्रम कानून का उल्लंघन करने वालों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री को पत्र में लिखा है कि 'स्कूल जाने और खेलने-कूदने की उम्र में बच्चों की एक बड़ी आबादी दो जून की रोटी के लिए बाल मजदूरी करने को मजबूर है। आज भी देश में ऐसे बहुत से बच्चे हैं, जिनसे जबरन बाल मजदूरी कराई जाती है। राजस्थान में स्थानीय बच्चों में बाल श्रम न के बराबर है, लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों से मानव तस्करी के तहत बच्चों को लाया जा रहा है। इन बच्चों से कारखानों, ईंट के भट्टों पर बच्चों के बचपन को पीसता हुआ देख सकते हैं। गरीब परिवार को सामाजिक सुरक्षा से नहीं जोड़ा जाएगा तब तक बाल मजदूरी पर रोक लगाना बड़ा मुश्किल है। गरीब परिवार को सामाजिक सुरक्षा और बच्चों को स्कूल शिक्षा से जोड़ना ही इस अभिशाप का उपचार है।' संजय सिन्हा ने कहा, 'ऐसा नहीं कि देश में बाल श्रमिक को मुक्त करने के लिए अभियान नहीं चलाए जाते हो। सरकार और सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयास से बड़ी संख्या में बाल श्रमिकों को मुक्त भी कराया गया और उन्हें उनके घर वापस भेजा भी गया, लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि जितनी बड़ी संख्या में रेस्क्यू किए गए, उससे ज्यादा संख्या में बच्चे फिर से वापस उसी बाल श्रम की कोठरी में आकर काम करने को मजबूर हैं। जरूरत है कि जहां से यह बच्चे बाल श्रम के लिए ले जा रहे हैं, वहां पर सरकार गंभीरता से कार्रवाई करे और पेरेंट्स को पाबंद करें कि वह अपने बच्चों को छोटे-छोटे लालच में बाल श्रम के दलदल में नहीं झोंके।' गौरतलब है कि बाल श्रम (प्रतिबंध एवं नियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 में बाल श्रम पर नया कानून पारित किया गया।

## इंफोटेनमेंट

# शिल्पा, ईशा, लारा, बिपाशा और प्रीति जिंटा

## 5 बॉलीवुड अभिनेत्रियां, जिन्हें 2025 में बड़े पर्दे पर देखना चाहते हैं

**बॉलीवुड** को कुछ ऐसी शानदार अभिनेत्रियां मिली हैं, जिन्होंने भारतीय सिनेमा पर अमिट छाप छोड़ी है। भले ही इनमें से कुछ ने लंबे समय तक फिल्मों से दूरी बनाए रखी हो, लेकिन इनकी अनुपस्थिति ने हमारे दिलों में इनके लिए और अधिक मोह और चाहत भर दी है। यहां पांच अद्भुत अभिनेत्रियां हैं, जिनकी संभावित वापसी या नई परियोजनाओं की घोषणा ने 2025 के लिए हमारी उम्मीदें बढ़ा दी हैं। हम बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि ये कब फिर से सिनेमाघरों में वापसी से धमाल मचाते हुए देखेंगे।



**शिल्पा शेट्टीः** शिल्पा ने फिल्मों से एक दशक से ज्यादा समय दूर रहने के बाद 2021 में हंगामा 2 के साथ फिल्मों में धमाकेदार वापसी की। इसके बाद उन्होंने 2022 में निकम्मा के साथ अभिनय किया, लेकिन अगर पूरी ईमानदारी से कहें, तो हम अब भी उस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं, जो उनके स्टारडम के साथ पूरा न्याय करे। तब से लेकर अब तक एक शांत दौर रहा है और प्रशंसक शिल्पा को एक ऐसे किरदार में देखने के लिए उत्सुक हैं, जो उनके सिग्नेचर सैस, ग्रेस और स्ट्रेंथ को दर्शाता हो। स्क्रीन पर उनकी चमक को बहुत मिस किया है।



**ईशा कोप्पिकरः** ईशा की फिल्मोग्राफी की प्रभावशाली रेंज एक कारण है कि हम उन्हें बड़े पर्दे पर देखना चाहते हैं। चाहे वह कंपनी में उनका दमदार किरदार हो या एक विवाह ऐसा भी में उनका कोमल पक्ष, या फिर क्या कूल है हम जैसी फिल्मों में उनकी बेजोड़ कॉमेडी टाइमिंग, ईशा ने हर भूमिका में जोश, अदा और चुलबुलापन दोनों ही पेश किए। वह कुछ समय से लाइमलाइट से दूर रही हैं, लेकिन आज के दौर में जब मजबूत महिला-केंद्रित कहानियां पसंद की जा रही हैं, ईशा की वापसी बेहद जरूरी लगती है।



**प्रीति जिंटाः** प्रीति की मुस्कान और उनका सहज अभिनय अब काफी समय से बड़े पर्दे से गायब है। 2018 में उनकी आखिरी फिल्म के बाद उन्होंने अपने बिजनेस और आईपीएल टीम पंजाब किंग्स (पहले किंग्स इलेवन पंजाब) की तरफ ध्यान केंद्रित किया। दिल चाहता है, कल हो ना हो, वीर-जारा और लक्ष्य जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय करने वाली इस अभिनेत्री में हर भूमिका में खुद को साबित करने और आकर्षण लाने की एक अनोखी क्षमता है। खुशखबरी यह है कि प्रीति जल्द ही लाहौर 1947 के साथ फिल्मों में वापसी कर रही हैं और हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं!



**लारा दत्ताः** बेल बॉटम में इंदिरा गांधी के किरदार में लारा दत्ता का अद्भुत रूपांतरण और अभिनय ने सबको चौंका दिया था, लेकिन कोविड के बाद अभी भी सिनेमाघरों में सुधार हो रहा है, ऐसे में उनके शानदार परफॉर्मेंस से वह पहचान नहीं मिल सकी, जिसकी वह हकदार थीं और जबकि उनकी वेलकम टू द जंगल दिसंबर 2025 में रिलीज होने वाली है, हमारे दिमाग में बस एक ही बात है- दिसंबर में उन्हें स्क्रीन पर वापस देखने के लिए बहुत इंतजार करना होगा!



**बिपाशा बसुः** बिपाशा की आखिरी थिएटर रिलीज 2015 में उनकी हॉरर फिल्म अलोन थी और उस फिल्म ने बॉलीवुड की 'स्क्रीम क्वीन' के रूप में उनकी स्थिति को स्थापित कर दिया। जहां उन्होंने थ्रिलर और हॉरर जॉनर में अपने लिए एक अलग पहचान बनाई, लेकिन कॉर्पोरेट, नो एंट्री, धूम 2 और रेस जैसी फिल्मों में उन्होंने यह भी साबित किया कि उनका टैलेंट केवल डरावनी फिल्मों तक सीमित नहीं है। अपनी शानदार स्क्रीन प्रेजेंस और अभिनय क्षमता के साथ, बिपाशा की बड़े पर्दे पर वापसी बॉलीवुड में एक स्वागत योग्य जोड़ होगी, खासकर ऐसे युग में जहां महिला किरदार को केंद्र में रखा जा रहा हैं।

# निया शर्मा को दोस्त रीम शेख के रूप में मिला 'नया ड्राइवर'



**अभिनेत्री** निया शर्मा को अभिनेत्री-मित्र रीम शेख के रूप में नया ड्राइवर मिल गया है और उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि वह 'एक फीमेल ड्राइवर के साथ सुरक्षित महसूस करती हैं।' दरअसल, निया अपनी 'लाफ्टर शेफ्स फन अनलिमिटेड' की सह-कलाकार रीम के साथ घूमती नजर आ रही हैं, वहीं उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन लिखाः रीम 'रीम समीर मेरा नया ड्राइवर।'

अभिनेत्री को यह कहते हुए भी सुना गयाः 'रीढ़ टूट गई यार, पैक अप का समय। आराम कर रही हूं, साथ ही मैंने अभी-अभी अपना ड्राइवर बदला है। क्या आप जानना चाहेंगे कि वह कौन है?' जब उन्होंने कैमरा रीम की ओर घुमाया, तो उन्होंने कहाः 'एक बार फिर सेक्सी ड्राइवर।'

इसके बाद निया ने मजाकिया अंदाज में कहाः 'मैं एक फीमेल ड्राइवर के साथ सुरक्षित महसूस करती हूं। अच्छा ड्राइवर है न?'

'लाफ्टर शेफ्स फन अनलिमिटेड' के बारे में बात करें तो शो में कृष्णा अभिषेक, राहुल वैद्य, करण कुंद्रा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, रीम शेख, सुदेश लेहरी, एल्विश यादव, रूबीना दिलैक, एली गोनी और कश्मीरा शाह जैसे सितारे भाग ले रहे हैं।

अभिनेत्री निया को सुहागन चुड़ैल में भी देखा गया था, जहां उन्होंने निशिगंधा नाम की एक चुड़ैल की भूमिका निभाई थी। फंतासी-थ्रिलर-रोमांस शो में जैन इबाद खान और देबचंद्रिमा सिंघा रॉय की मुख्य भूमिका में थे।

इससे पहले, अभिनेत्री 'बहनें', 'एक हजारों में मेरी बहना है', 'मेरी दुर्गा', 'काली- एक अग्निपरीक्षा' में अपनी भूमिका के लिए भी जानी जाती हैं। 2020 में, उन्होंने 'खतरों के खिलाड़ीः मेड इन इंडिया' में भाग लिया और विजेता बनकर उभरीं। निया ने 'ट्विस्टेड' और 'जमाई 2.0' जैसी वेब सीरीज में भी काम किया है।

इस बीच, रीम के काम की बात करें तो उन्होंने 'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'ना बोले तुम ना मैंने कुछ कहा', 'चक्रवर्ती अशोक सम्राट', 'तुझसे है राब्ता', 'गुल मकई', 'फनाः इश्क में मरजावां', 'खतरा-खतरा-खतरा' और 'तेरे इश्क में घायल' जैसे सीरियल में काम कर चुकी हैं। रीम ने अपने कॅरियर की शुरुआत 6 साल की उम्र में 'नीर भरे तेरे नैना देवी' से एक बाल कलाकार के रूप में की थी।

राजस्थान विधान सभा में सामूहिक योग 16 को

# योग सनातन की महान विरासत, जन-जन का बनें यह अभिन्न अंगः देवनानी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा में सोमवार प्रातः 6 बजे सामूहिक योग का आयोजन होगा। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के सान्निध्य में विधायकगण, विधान सभा के अधिकारी और कर्मचारी योग आसन करेंगे। अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत पूर्व अभ्यास के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग दिवस को 100 दिन पूर्व से मनाए जाने के आह्वान पर राजस्थान विधान सभा में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है, ताकि जन सामान्य में जागृति पैदा हो सके। देवनानी ने कहा कि योग सनातन की महान विरासत है। इसे जन-जन का एक अभिन्न अंग



बनाने के लिए लोगों को योग के प्रति जागरूक करना होगा। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि इण्डियन योगा एसोसिएशन और क्रीड़ा भारती के सहयोग से राजस्थान विधान सभा के उत्तरी द्वार के समीप सामूहिक योग का आयोजन होगा। इस योग कार्यक्रम में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के योग प्रोटोकॉल के अनुरूप आसन, प्राणायाम और ध्यान कराया जाएगा।

### 193 सदस्य देशों में मनाया जाता है योग दिवस

देवनानी ने कहा कि योग, दुनिया के लिए भारत की देन है। 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। वर्तमान में 193 सदस्य देशों में योग दिवस मनाया जाता है। देवनानी ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना के लिए भारत द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा था कि योग हमारी प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है।

### इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग'

देवनानी ने बताया कि इस वर्ष 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय पर ग्यारहवां अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग भारत के लोगों द्वारा शुरू किया जाने वाला शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है, जिसे अब दुनियाभर में मनाया जा रहा है। योग केवल व्यायाम ही नहीं, बल्कि यह स्वयं, दुनिया और प्रकृति के साथ एकता की भावना को खोजने का एक तरीका है।

### 'निरोगी राष्ट्र के लिए योग को जीवन का अंग बनाना होगा'

देवनानी ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस एक ऐसा उत्सव है जो प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी को महत्व देता है। इसका लक्ष्य योग को एक व्यापक आन्दोलन में बदलना है, जो वैश्विक स्वास्थ्य और शान्ति को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि सभी मिल-जुलकर स्वस्थ भारत की रचना करें। शरीर, मन और मस्तिष्क स्वस्थ रहेंगे, तब ही राष्ट्र की उन्नति होगी। राष्ट्र को स्वस्थ बनाने के लिए योग, यज्ञ और संतुलित आहार को आचरण में लाना होगा। भारत विश्व गुरु है। भारत की परम्पराएं समृद्ध है। सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से यह राष्ट्र समृद्ध है। निरोगी राष्ट्र बनाने के लिए योग को जीवन का अंग बनाना होगा। योग स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इस मशीनी युग में बदलती जीवन शैली के लिए योग की आवश्यकता बढ़ती जा रही है।

## प्रदेश के 400 प्रमुख स्थलों पर होगा सामूहिक योगाभ्यास

**जयपुर।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21जून) के अवसर पर जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश के करीब 400 प्रमुख धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों पर भी सुबह 7 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा एवं अधिक से अधिक प्रदेशवसियों की इसमें भागीदारी के प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश में जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राजकीय एवं निजी विद्यालयों,



सार्वजनिक उद्यानों और सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं सहित लगभग 65 हजार स्थानों पर एक करोड़ लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है। योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का केंद्र सरकार के योग संगम पोर्टल पर और राज्य सरकार के पोर्टल पर पंजीयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा इस संबंध में संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों एवं जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने आयुर्वेद विभाग के अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। योग दिवस को भव्यता के साथ मनाने के लिए डॉ. बैरवा द्वारा करीब 80 से अधिक योग संस्थाओं के साथ विस्तृत चर्चा भी की जा रही है। जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर को जन-जन तक योग करने का संदेश पहुंचाने एवं प्रेरित करने के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है।

## दुश्मनों की कमर तोड़ने के लिए तैयार हुआ यूएवी रुद्रास्त्र

- 170 किलोमीटर से अधिक की रेंज
- पोकरण फायरिंग रेंज में हुआ सफल परीक्षण

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** भारत ने अपनी रक्षा प्रौद्योगिकी में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) द्वारा विकसित हाईब्रिड वर्टिकल टेकऑफ एंड लैंडिंग (वीडीओएल) यूएवी रुद्रास्त्र का सफलतापूर्वक परीक्षण पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। यह परीक्षण भारत की सैन्य शक्ति को मजबूत करने और क्षेत्रीय चुनौतियों, विशेष रूप से पाकिस्तान के खिलाफ एक कड़ा जवाब देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यूएवी रूद्रास्त्र वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग में माहिर है। इसकी 170 किलोमीटर से अधिक की रेंज है और ये सटीक लक्ष्य को भेदने में कारगर है। मॉडर्न कैमरा और निगरानी सिस्टम से लैस ये यूएवी लगभग 1.5 घंटे की अनुमानित अवधि के साथ परीक्षण के दौरान उड़ा और अपराजेय सटीकता दिखाई।



### स्वदेशी तकनीक से निर्मित

यह ड्रोन भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो डीआरडीओ के रूस्तम कार्यक्रम के साथ मेल खाता है, जिसमें हाल ही में 180-220 हॉर्सपावर के स्वदेशी इंजनों के टैक्सी ट्रायल फरवरी 2025 में पूरे किए गए। पोकरण फायरिंग रेंज में आयोजित इस परीक्षण के दौरान रुद्रास्त्र ने अपनी मजबूत परिचालन क्षमता और विश्वसनीयता का प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों का मानना है कि यह ड्रोन न केवल सीमा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि दुश्मन के हौसले को भी पस्त करेगा।

### भारत की रक्षा में निजी क्षेत्रकी भूमिका

रुद्रास्त्र का विकास निजी क्षेत्र की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। वीटीओएल एविएशन इंडिया जैसी कंपनियों ने 2023 में डीजीसीए प्रमाणन हासिल किया है, जो हाइब्रिड यूएवी तकनीक में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। यह कदम भारत को वैश्विक रक्षा बाजार में प्रतिस्पर्धी बनने की दिशा में ले जा सकता है। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, रुद्रास्त्र का सफल परीक्षण भारत की सैन्य रणनीति में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

### क्या है खासियत?

- यूएवी रुद्रास्त्र वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग में माहिर।
- 170 किलोमीटर से अधिक की रेंज।
- सटीक लक्ष्य को भेदने में कारगर।
- दुश्मन पर करेगा आसमान से सटीक प्रहार।
- हाइब्रिड वीटीओएल तकनीक से लैस है रुद्रास्त्र।
- मॉडर्न कैमरा और निगरानी सिस्टम से लैस।

राज्यपाल ने डीग में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

## राज्य की प्रगति के लिए उत्कृष्ट आधारभूत सुविधाएं जरुरीः बागडे

### केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राज्य की प्रगति के लिए शिक्षा, सड़क, चिकित्सा सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का उत्कृष्ट होना अति महत्वपूर्ण है। राज्यपाल बागडे गुरुवार को महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, कुम्हेर डीग के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को, जो किन्हीं भी कारण से अब तक लाभ से वंचित रह गए हैं, उन्हें लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दूरवर्ती क्षेत्र जहां तक चिकित्सालय, राशन दुकान, विद्यालय आदि नहीं पहुंच पाए हैं, वहां के लोगों को भी जागरूक करते हुए उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ दें।



### कचरा सड़क पर न फेंके और न ही उसे जलाएं

बागडे ने स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण की समीक्षा करते हुए घर-घर शौचालय निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, जलनिकास, साफ-सफाई आदि कार्यों को प्राथमिकता के साथ लेते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। बागडे ने प्रत्येक घर में शौचालय सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ग्राम पंचायतों का सर्वे कर डेटा तैयार करें। उन्होंने जिले में पिंक टॉयलेट के बारे में भी चर्चा की। कचरा संधारण को लेकर कहा कि आम लोगों को जागरूक किया जाए कि वे कचरा सड़क पर न फेंके और न ही उसे जलाएं। राज्यपाल बागडे ने राजीविका के समूह द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि जिले में राजीविका के समूह द्वारा बनाए जा रहे व्यवसायों को बढ़ाने में उनकी मदद किया जाए।

**राज्यपाल ने किया पौधरोपण :** इसके बाद राज्यपाल बागडे ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया और उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया।

### टैंकर मुक्त गांव बनाने के दिए निर्देश

जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने टैंकर मुक्त गांव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के पूर्ण होने के बाद यह सुनिश्चित किया जाए कि 25-30 साल तक टैंकर लगाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने विशेष रूप से अप्रेल, मई और जून के माह में घर-घर पानी सुचारू रूप से देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत आपूर्ति को लेकर पीएम सूर्यघर योजना पर जोर देते हुए कहा कि जिले में प्रत्येक व्यक्ति को सौर ऊर्जा के लाभकारी फायदे के बारे में बताया जाए। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत काश्तकारों को स्वयं मिट्टी लाने के निर्देश दिए गए।

### दस हजार वाली बस्ती में खोला जाए जन औषधि केन्द्र

उन्होंने पीएम जन औषधि केंद्रों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि डीग जिले में पीएम जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने 10000 वाली बस्ती में एक औषधि केंद्र खोलने की बात कही। बागडे ने शिक्षा को लेकर कहा कि विभाग बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए कार्य करें और उन्हें तार्किक दृष्टिकोण भी सिखाएं। उन्होंने नन्हें बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए शैक्षिक गतिविधियों में रोचकता जोड़ने की बात कही।

### पट्टों को शीघ्र आवंटित करने के निर्देश

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का मूल्यांकन करते हुए योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे आवासों में भूतल स्तर सही रखने, वेंटीलेशन सुविधा देने, आवास के दरवाजों को सही ढंग से बनाने सहित अन्य विषयों पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत के वास्तुकारों ने अद्भुत स्मारकों और महलों का निर्माण किया है जो आज भी अनुकरणीय हैं। ऐसे में निर्माण का मानक और स्तर दोनों ही उच्च गुणवता के हो। उन्होंने जिले में अब तक जारी किए गए पट्टे के बारे में जानकारी ली एवं शेष बचे पट्टों को शीघ्र आवंटित करने के निर्देश दिए।

## देवस्थान मंत्री ने सांवलिया सेठ मंदिर गौशाला में किया पौधरोपण व निरीक्षण



### 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत किया जनजागरूकता का आह्वान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पशुपालन, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को चित्तौड़गढ़ जिले में सांवलिया सेठ मंदिर मंडल, मंडफिया स्थित गौशाला परिसर में पौधरोपण, टीकाकरण व स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने गौशालाओं के संरक्षण और संवर्धन को सांस्कृतिक व धार्मिक जिम्मेदारी बताया तथा गौमाता की सेवा के लिए सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कुमावत ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सिंदूर के पौधे का रोपण कर पर्यावरण के प्रति जनसहभागिता बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल संचयन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

इस अवसर पर उन्होंने 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया तथा कहा कि आमजन को जल की महत्ता समझनी होगी। उन्होंने पानी की हर बूंद को कीमती बताया तथा कहा कि खेत का पानी खेत में, घर का पानी घर में, गांव का पानी गांव में रहे, यही जल संरक्षण की दिशा है।

कार्यक्रम में कुमावत ने गाय को टीका लगाकर पशु स्वास्थ्य अभियान की भी शुरुआत की और जल सरोवर की साफ-सफाई कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।

कुमावत ने सुझाव दिया कि मंदिर मंडल द्वारा गौशाला में सांवलिया जी का एक छोटा मंदिर तथा गौमाता की बड़ी प्रतिमा स्थापित की जाए एवं सांवलिया जी परिसर में भी गौमाता की प्रतिमा लगाई जाए।

उन्होंने पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट द्वारा एक लाख पौधे लगाने के संकल्प को सराहनीय बताते हुए कहा कि केवल पौधे लगाना नहीं, उनका पोषण और संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी है।

भजनलाल सरकार का 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान'

# जल संरक्षण की पारंपरिक तकनीकों से मिलेगी सफलता



**जयपुर।** रेतीले राजस्थान की तपती जमीन पानी की हर बूंद का महत्व समझती है। यही कारण है कि हर राजस्थानी पानी बचाने को सबसे ज्यादा महत्व देता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 5 जून से 20 जून तक चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान राजस्थान में जल संरक्षण की इसी अलख को जगा रहा है।

दरअसल राजस्थान में यह पंक्तियां हर किसी की जुबान पर रहती हैं-

### 'जळ थोड़ो नेह घणो'

राजस्थान की शुष्क धरा पर गिरती पानी की एक-एक बूंद सभी प्रदेशवासियों के जीवन में वही स्थान रखती है, जितना कि हरे-भरे वृक्षों की हर डाली पर जीवन की सांसें। साल भर से मानसून की बाट जोहती आंखें बारिश की सुनहरी बूंद को संजोकर रखने के लिए अथक प्रयासों में लीन रहती हैं। जल संरक्षण की प्राचीन परंपराएं वर्तमान परिस्थितियों में भी कारगर हैं। भजनलाल सरकार इन्हें संरक्षित और पोषित करने का प्रयास कर रही है। जल संरक्षण की इन्हीं परम्परागत तकनीकों से राजस्थान के शुष्क एवं अर्ध शुष्क जलवायु में जल संरक्षण सहज बन रहा है। जानते हैं इन पारंपरिक तकनीकों के बारे में-

### जोहड़



जोहड़ मिट्टी के छोटे बांध होते हैं, जो वर्षा के पानी को संचित करते हैं और उसे जमीन में रिसने देते हैं, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होती है। जोहड़ कुओं के जल स्तर को बनाए रखते हैं, जिससे पीने और खेती के लिए बड़ी मदद मिलती है। इनके निर्माण में सामुदायिक सहयोग शामिल होता है, जिससे स्थानीय निवासियों को जल आपूर्ति सुनिश्चित होती है। जोहड़ों के निर्माण से क्षेत्र में हरियाली बढ़ती है और ग्रामीणों को सूखे से नहीं जूझना पड़ता। वर्ष के सभी महीनों में जोहड़ न केवल पानी का संरक्षण करते हैं, बल्कि मिट्टी का कटाव रोकते हैं, भूजल पुनर्भरण करते हैं।



### बावड़ी

बावड़ी गहरे, बहु-मंजिला कुएं होते हैं, जिनमें पानी तक पहुंचने के लिए सीढ़ियां होती हैं। राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में बावड़ियां न केवल पीने के पानी और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये सामाजिक मिलन स्थल के रूप में भी कार्य करती हैं। इनके निर्माण में कला और स्थापत्य का अनोखा संगम देखने को मिलता है, जैसे कि दौसा की आभानेरी, जोधपुर की तोरी और जैसलमेर की पटवा बावड़ी स्थापत्य कला की बेजोड़ प्रस्तुति हैं। बावड़ियों की संरचना और उनकी जल संग्रहण क्षमता उन्हें विशेष बनाती हैं। ये संरचनाएं सूखे के समय में भी पानी की स्थायी उपलब्धता सुनिश्चित करती हैं और जल संरक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक धरोहर के रूप में भी अद्वितीय स्थान हासिल करती हैं। आज के दौर में प्राचीन समय में निर्मित बावड़ियां पर्यटन का भी एक अच्छा स्त्रोत साबित हो रही हैं। इसको इस तथ्य से समझा जा सकता है कि आभानेरी बावड़ी दौसा जिले का सबसे महत्वपूर्ण ट्यूरिस्ट स्पॉट है।

### टांका

टांका भूमिगत टैंक या जलाशय होते है, जो छत और आंगन से वर्षा जल को एकत्रित और संचित करता है। अमूमन टांके घरों और स्कूलों में बनाए जाते हैं, ताकि पीने के पानी का स्थायी स्त्रोत मिल सके। टांका का निर्माण अपेक्षाकृत सरल होता है और यह जल संरक्षण का एक प्रभावी तरीका है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। टांका के माध्यम से वर्षा जल का संग्रहण और उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट का समाधान करने में मदद करता है। यह तकनीक जल की बर्बादी को रोकती है और स्थानीय जल संसाधनों को स्थायी रूप से बनाए रखने में सहायक होती है। राजस्थान के लगभग सभी राजकीय विद्यालयों में टांके देखने को मिल जाते हैं। टांके मानसून से मिलने वाली रिमझिम की कीमती बूंदों को एकत्रित कर सालभर सभी की प्यास बुझाने और अन्य उपयोगी कार्यों में मदद करते हैं।



### खड़ीन



खड़ीन एक पारंपरिक रन ऑफ खेती प्रणाली है, जिसमें खेत के निचले किनारे पर एक लंबा मिट्टी का बांध बनाया जाता है, ताकि वर्षा के समय बहने वाले पानी को एकत्रित किया जा सके। जैसलमेर क्षेत्र में खड़ीन प्रणाली काफी प्रचलित है और यह कृषि उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एकत्रित पानी का उपयोग फसलों की सिंचाई और भूजल पुनर्भरण के लिए किया जाता है। खड़ीन प्रणाली न केवल जल संरक्षण में मदद करती है, बल्कि यह मिट्टी की उर्वरता को भी बढ़ाती है। यह प्रणाली स्थानीय किसानों के लिए एक वरदान साबित होती है जिससे उनकी आजीविका को स्थायित्व मिलता है।

### नाड़ी



नाड़ी छोटे से मध्यम आकार के तालाब होते हैं, जो वर्षा जल को घरेलू और पशु धन के उपयोग के लिए संचित करते हैं। सरकार की अनूठी पहल से नाड़ी निर्माण के लिए मनरेगा फंड को कन्वर्ज किया जा रहा है, जिससे अब बजट की समस्या नहीं रही है। नाड़ी सूखे या अनुमान से कम बरसात के समय में बहुत उपयोगी होती हैं और अक्सर सामुदायिक रूप से प्रबंधित की जाती हैं। ये छोटे तालाब ग्रामीण जीवन की धुरी हैं और पानी की कमी के समय में जीवन रेखा साबित होती हैं। नाड़ी तालाब स्थानीय समुदायों के लिए जल स्त्रोत के रूप में महत्वपूर्ण होते हैं।



### कुंड

कुंड भूमिगत संरचनाएं होती हैं, जिनके चारों ओर एक कटोरी के आकार का कैचमेंट एरिया होता है, जो वर्षा जल को संचित करता है। थार मरुस्थल में कुंड आमतौर पर घरेलू पेयजल के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत प्रदान करते हैं। कुंड का डिजाइन साधारण होते हुए भी अत्यंत प्रभावी है। कुंड के माध्यम से स्थानीय लोग अपने घरों के पास ही पानी का संग्रहण कर सकते हैं, जिससे उन्हें दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह समय और श्रम की बचत करता है और जल की उपलब्धता को स्थिर बनाता है।

राजस्थान के निवासियों की प्रतिभा और अनुकूलता का प्रमाण इन पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकों में झलकता है। आज के आधुनिक युग में भी यही प्राचीन तकनीकें जल संरक्षण के इरादों को मजबूती प्रदान करती हैं। ये तकनीकें सीमित जल संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करती हैं और भारत के सबसे शुष्क राज्य में जीवन निर्वाह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सामुदायिक सहयोग और पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करके हम जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं और वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान समाज की इसी ज्ञान विरासत को सरकार के सहयोग से नए आयाम देकर राज्य के प्रत्येक गांव, ढाणी को जल आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का प्रयास है।

अंजलिका पंवार, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादकः गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारीः जिज्ञासु शर्मा*। फोनः 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25